RNI No. DLHIN/2012/483
वर्ष 13 । अंक 56
नई दिल्ली, सोमवार, 30 दिसम्बर 2024
पृष्ठ 12 ₹ मूल्य 3
नगर संस्करण

Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

स्पोर्ट्स-12

बुमराह ने 200 टेस्ट विकेट पूरे किए



# हम्पी ने रैपिड शतरंज विश्व खिताब जीता

**एजेंसी।** न्यूयॉर्क

**भारत की** कोनेरू हंपी ने रविवार को यहां इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराकर ऐतिहासिक दूसरी बार विश्व रेपिड शतरंज चैंपियनशिप खिताब जीता। हंपी ने वर्ष 2019 में जॉर्जिया में यह प्रतियोगिता जीती थी और भारत की नंबर एक महिला खिलाड़ी चीन की जू वेनजुन के बाद एक से अधिक बार यह खिताब जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी हैं। सैंतीस वर्षीय हंपी ने संभावित 11 में से 8.5 अंक के साथ टूर्नामेंट का अंत किया। हंपी ने जीत दर्ज करने के बाद कहा, वह बहुत उत्साहित है और उन्हें बहुत खुशी है। उम्मीद थी कि यह बहुत कठिन दिन होगा, किसी तरह के टाई-ब्रेक की तरह। लेकिन जब मैंने बाजी खत्म की, मुझे तब पता चला जब मध्यस्थ ने मुझे बताया और यह मेरे लिए एक तनावपूर्ण क्षण था। काले मोहरों के साथ खेलने वाली इस भारतीय खिलाड़ी ने कहा, यह काफी अप्रत्याशित है क्योंकि पूरे साल मैं संघर्ष करती रही हूं और कई टूर्नामेंट में प्रदर्शन काफी खराब था जहां मैं अंतिम स्थान पर रही। इसलिए यह मेरे लिए आश्चर्य की तरह है। हंपी की उपलब्धि के साथ भारतीय शतरंज के लिए एक शानदार वर्ष का अंत हुआ। इससे पहले डी गुकेश हाल ही में सिंगापुर में क्लासिकल प्रारूप विश्व चैंपियनशिप में चीन के डिंग लिरेन को हराकर चैंपियन बने थे। सितंबर में भारत ने बुडापेस्ट में शतरंज ओलंपियाड में पहली बार ओपन और महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। हंपी ने इस सफलता का श्रेय अपने परिवार को दिया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह मेरे परिवार के समर्थन की (शेष पृष्ठ 9)



न्यूयॉर्क में फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप के एक मैच के दौरान भारत की कोनेरू हम्पी। (दाएं) पीटीआई



दक्षिण कोरिया के मुआन स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्री विमान के मलबे के पास राहत बचाव कार्य में जुटे अग्निशमन कर्मी और बचाव दल के सदस्य। एपी/पीटीआई

# दक्षिण कोरिया में विमान दुर्घटना, 179 की मौत

**एजेंसी।** सियोल

**दक्षिण कोरिया** में एक हवाई अड्डे पर रविवार को एक यात्री विमान रनवे से फिसल गया और कंक्रीट की दीवार से टकरा गया, जिससे उसमें आग लग गई। इस हादसे में विमान में सवार 181 लोगों में से दो को छोड़कर अन्य सभी की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह देश में अब तक हुए सबसे भीषण विमान हादसों में से एक है। उन्होंने बताया कि जेजू एयर का विमान सियोल से लगभग 290 किलोमीटर दक्षिण में मुआन शहर में उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। परिवहन मंत्रालय ने कहा कि विमान 15 साल पुराना बोइंग 737-800 था, जो बैंकॉक से लौट रहा था और दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह नौ बजकर तीन मिनट पर हुई। दक्षिण कोरिया की अग्निशमन एजेंसी ने बताया कि आग लगने की घटना में 179 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 85 महिलाएं और 84 पुरुष शामिल हैं, हालांकि 10 अन्य लोगों की पहचान तत्काल नहीं हो सकी।

आपातकालीन कर्मचारियों ने दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला और ये दोनों चालक दल के सदस्य थे। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि वे होश में हैं और उनकी जान को खतरा नहीं है। अग्निशमन एजेंसी ने बताया कि अब तक मिले 177 शवों में से अधिकारियों ने 88 की पहचान कर ली है। यात्रियों में मुख्य रूप से दक्षिण कोरियाई नागरिक और थाईलैंड के दो नागरिक भी शामिल थे। थाईलैंड के विदेश मंत्रालय ने कहा कि सियोल स्थित उसके दूतावास के अधिकारियों को दक्षिण कोरियाई अधिकारियों ने पुष्टि की है कि मृतकों में दो थाई यात्री भी शामिल हैं। अग्निशमन एजेंसी ने आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 32 गाड़ियां और कई हेलीकॉप्टर तैनात किए। अग्निशमन एजेंसी और परिवहन मंत्रालय के मुताबिक, करीब 1,570 अग्निशमन कर्मी, पुलिस अधिकारी, सैनिक और अन्य अधिकारी भी घटनास्थल पर हैं। वाईटीएन टेलीविजन द्वारा प्रसारित एक फुटेज में जेजू एयर (शेष पृष्ठ 9)

# घने कोहरे और शीत लहर के बीच मनेगा नया साल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नए साल का** जश्न जैसे-जैसे नज़दीक आ रहा है, दिल्ली और उसके आस-पास के इलाकों समेत पूरे उत्तर भारत में लोग भीषण शीत लहर और घने कोहरे का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जिसका असर नए साल के जश्न पर पड़ सकता है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, हाल ही में हुई बारिश कम हो गई है, लेकिन आने वाले दिनों में मौसम के मिज़ाज में महत्वपूर्ण बदलाव होने की उम्मीद है। आईएमडी ने 30 दिसंबर से 2 जनवरी के बीच दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में बहुत घना कोहरा और शीत लहर चलने का अनुमान लगाया है। तापमान में अचानक आई गिरावट और दृश्यता में कमी के कारण कई लोगों की नए साल का जश्न में खलल पड़ने की संभावना है। दिल्ली में, शहर का अधिकतम तापमान पहले ही 18 डिग्री सेल्सियस तक गिर चुका है, जो सामान्य से लगभग 2.4 डिग्री कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है, जो औसत से छह डिग्री अधिक है। हालांकि, अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान में लगभग छह डिग्री की भारी गिरावट की उम्मीद है। नए साल की पूर्वसंध्या पर उत्तर भारत में शीतलहर और घना कोहरा छाने वाला है। पड़ोसी राज्यों में पारा और भी गिरने की उम्मीद है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और राजस्थान में अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट आने का अनुमान है। इस बीच, उत्तर प्रदेश में अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में चार से छह डिग्री की गिरावट के (शेष पृष्ठ 9)



# दिल्ली पुलिस ने आठ बांग्लादेशी अप्रवासियों को वापस भेजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी के रंगपुरी इलाके में अवैध रूप से रह रहे आठ बांग्लादेशी नागरिकों को दिल्ली पुलिस ने निर्वासित कर दिया है। निर्वासित लोगों में जहांगीर, उसकी पत्नी और उसके छह बच्चे शामिल हैं जो बांग्लादेश के मदारीपुर जिले के केकरहाट गांव के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, जहांगीर ने अनधिकृत मार्गों से भारत में प्रवेश करने और उसके बाद अपने परिवार को यहां लाने की बात स्वीकार की है। उसने अपने बांग्लादेशी पहचान पत्र नष्ट कर दिए थे और अपनी मूल पहचान छिपाकर दिल्ली में रह रहा था। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) सुरेन्द्र चौधरी ने बताया, वसंत कुंज दक्षिण पुलिस थाने की एक टीम को अवैध प्रवासियों की पहचान करने का काम सौंपा गया था। अनधिकृत प्रवासियों को लेकर बढ़ती चिंताओं को दूर करने के लिए शुरू किए गए प्रयासों के तहत पुलिस ने रंगपुरी में 400 परिवारों का घर-घर जाकर सत्यापन किया। पश्चिम बंगाल में संदिग्ध व्यक्तियों के पते पर सत्यापन पत्र भेजे गए तथा उनके दस्तावेजों की जांच के लिए एक विशेष टीम भेजी गई। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि सत्यापन अभियान के दौरान टीम ने जहांगीर, उसकी पत्नी, बेटा जाहिद, अहिद, सिराजुल, वाहिद व दो बेटियों की पहचान की, जिन्होंने पूछताछ के दौरान अपने बांग्लादेशी मूल की बात कबूल की। उन्होंने बताया कि निर्वासन प्रक्रिया विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समन्वय से की गई।

# सेना हर खतरे पर रखे पैनी नजर : राजनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** भोपाल/महू



**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने सैन्यकर्मियों से आंतरिक और बाहरी दुश्मनों पर पैनी नजर रखने का आग्रह करते हुए रविवार को कहा कि भारत सुरक्षा के मोर्चे पर बहुत भाग्यशाली नहीं है। वह मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में दो सदी से अधिक पुरानी महू छावनी में सैन्य कर्मियों को संबोधित कर रहे थे। राज्य के दो दिवसीय दौरे पर आए सिंह ने कहा, सुरक्षा परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए भारत बहुत भाग्यशाली देश नहीं है, क्योंकि हमारी उत्तरी सीमा और पश्चिमी सीमा लगातार चुनौतियों का सामना कर रही है। इंदौर से 25 किमी दूर महू छावनी में तीन प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान आर्मी वॉर कॉलेज, मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और इन्फैंट्री स्कूल हैं। इसके अलावा इन्फैंट्री म्यूजियम और आर्मी मार्कस्मैनशिप यूनिट भी है। उन्होंने सैन्यकर्मियों से कहा, हमें आंतरिक मोर्चे पर भी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पृष्ठभूमि में हम बेफिक्र नहीं हो सकते। हमारे दुश्मन, चाहे आंतरिक हों या बाहरी, हमेशा सक्रिय रहते हैं। इन परिस्थितियों में हमें उनकी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए और उनके खिलाफ उचित और समय पर प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत को 2047 तक एक विकसित और आत्मनिर्भर देश बनाने के लिए सेना की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, देश के रक्षा मंत्री के रूप में आपको बताना चाहते हैं कि हमें हमेशा सतर्क रहना चाहिए। जब मैं यहां आया और जिस अनुशासन और समर्पण के साथ आप प्रशिक्षण ले रहे हैं, उसे देखकर मैं बहुत प्रभावित हुआ। आपका प्रशिक्षण किसी युद्ध से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि अनुशासन के इस स्तर को बनाए रखने के लिए समर्पण और दृढ़ विश्वास की आवश्यकता होती है। सिंह ने कहा कि वह देश भर में सैन्य प्रतिष्ठानों और छावनियों में साफ-सफाई (शेष पृष्ठ 9)

# कर्नाटक पुलिस ने कथित हत्या की साजिश पर मामला दर्ज किया

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** पुलिस ने प्रियांक खरगे के करीबी राजू कपानुर समेत छह लोगों पर मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कपानुर और पांच अन्य के खिलाफ भाजपा विधायक बसवराज मट्टीमाडु और अन्य नेताओं की हत्या की साजिश रचने के मामले में केस दर्ज किया है। प्रियांक खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे हैं और राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाली के सिद्धारमैया सरकार में मंत्री है। कर्नाटक में विपक्षी दल भाजपा ने रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर निशाना साधा और पूछा कि क्या संविधान उनके परिवार पर लागू नहीं होता। हालांकि प्रियांक ने भाजपा पर उनके खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाने और सचिन की मौत का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पंचाल सुसाइड नोट में कहीं भी उनका नाम नहीं है और उन्होंने कहा कि पंचाल और कपानुर के बीच वित्तीय लेन-देन हुए थे, जिसकी जांच होनी चाहिए। मामला एक सिविल ठेकेदार सचिन पंचाल के सुसाइड नोट के आधार पर दर्ज किया गया था, जिसमें जिक्र किया गया था कि कांग्रेस नेताओं ने मट्टीमाडु, अंडोला मठ के सिद्धलिंग स्वामी, भाजपा नेता मणिकांत राठौड़ और चंदू पाटिल की हत्या की साजिश रची थी।

बीदर के रहने वाले ठेकेदार पंचाल ने गुरुवार को कथित तौर पर ट्रेन के सामने लेटकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट में उन्होंने कपानुर और उनके साथियों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। इस बीच, बीदर जिले के प्रभारी मंत्री ईश्वर खंड्रे, जो वन विभाग भी संभालते हैं, भालकी तालुक में पंचाल के घर पहुंचे। जैसे ही अधिकारी घर पहुंचे, नाराज परिवार के सदस्यों ने उन पर चिल्लाना शुरू कर दिया और उन्हें वहां से चले जाने को कहा। उन्होंने सचिन की मौत के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया। खंड्रे ने उन्हें सांत्वना दी और भरोसा दिया कि मौत में शामिल आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बाद में मंत्री ने पंचाल के परिवार के सदस्यों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। खंड्रे ने कहा कि राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) आत्महत्या मामले की जांच कर रही है और सरकार जांच को आपराधिक जांच विभाग को सौंपने पर भी विचार करेगी। भाजपा ने मामले को गंभीरता से लिया है। उसने मांग की है कि मामले को सीबीआई को सौंप दिया जाना चाहिए। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने कहा, (शेष पृष्ठ 9)

# एमपी के गुना में बोरवेल में गिरे बच्चे की 16 घंटे बाद मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मध्य प्रदेश के** गुना जिले में 140 फुट गहरे बोरवेल में गिरे 10 वर्षीय बच्चे सुमित मीणा की मौत हो गई। कई एजेंसियों की मदद से 16 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रविवार को बच्चे को बाहर निकाला गया था। बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सुमित मीणा नाम का बच्चा गुना जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर पिपलिया गांव में शनिवार शाम करीब पांच बजे बोरवेल में गिर गया था। पिपलिया गांव राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आता है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे जब बच्चे को बाहर निकाला गया तो वह कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहा था। गुना के पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा ने मीडिया को बताया कि लड़के को जीवन रक्षक प्रणाली पर रखकर राघौगढ़ के एक अस्पताल ले जाया गया। गुना जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर ने अस्पताल में मीडिया से बातचीत में कहा कि खेद के साथ बताना पड़ रहा है कि वह (बच्चा) जीवित नहीं है। उन्होंने बताया, बच्चा पूरी रात ठंड के मौसम में संकरे बोरवेल में रहा। उसके हाथ-पैर भीगे और सूजे हुए थे। (शेष पृष्ठ 9)



(बाएं से दाएं) साकेत मेट्रो स्टेशन के पास खोदी गई नाली और खुली नाली तस्वीरें। रंजन डिमरी/द पायनियर

# उफनते नाले बढ़ा रहे लोगों की मुसीबत

**सौम्या शुक्ला।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी में खराब जल निकासी व्यवस्था के चलते थोड़ी सी बारिश के चलते नाला भर जाता है। जिसके कारण लोगों जलजमाव और बदबू के चलते जीना मुहाल हो जाता है। इन हालातों के लिए जिम्मेदार अधिकारी सफाई व्यवस्था और गाद निकालने की अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ते हुए अपना पल्ला झाड़ लेते हैं जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। ऐसा ही एक नाला लाडो सराय और छतरपुर इलाके से बहता है और दक्षिण दिल्ली के अधिकांश पॉश इलाकों से होकर गुजरता है। यह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) कैंप और साकेत मेट्रो स्टेशन के सामने खुला है। उस इलाके में रहने वाले और काम करने वाले लोग नाले से लगातार बदबू आने की शिकायत करते हैं, यहां तक कि वे लोग भी जो इसके करीब नहीं रहते, उन्हें भी बदबू के बीच अपना जीवन जीने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

कई लोगों को तो यह भी याद नहीं है कि उन्होंने कभी शहर के बीचों-बीच स्थित नाले की सफाई का काम करते हुए नागरिक एजेंसियों को देखा था। जबकि कुछ का कहना है कि ऐसा कई साल पहले हुआ था जब उन्होंने ऐसा काम देखा था। नाले के पास ही अपनी गाड़ी खड़ी करने वाले एक ऑटो चालक ने बताया कि नाले से बहुत दुर्गंध आती है, जिससे काम करना बहुत मुश्किल हो जाता है। लखिंदर सिंह ने कहा, आपको खुद ही यह दुर्गंध आ सकती है। हमें तो रोज ही यह दुर्गंध आती है, लेकिन हम क्या कर सकते हैं। हमें यहां काम करना पड़ता है, क्योंकि ग्राहक तो यहां आएंगे ही। वह अपने परिवार के साथ संगम विहार में रहते हैं, यह इलाका भी दुर्गंध से अछूता नहीं है। पास की एक कॉलोनी के निवासी ने नियमित रूप से सफाई अभियान न चला पाने पर सरकार के प्रति असंतोष जताया। उन्होंने कहा, जहां तक ??मुझे याद है, मैंने इस नाले की सफाई तीन साल पहले ही देखी है। तब से कम से कम तीन मानसून ऐसे गुजरे हैं, जब जलभराव बहुत बड़ी समस्या बन गया है। मानसून के दौरान यह नाला ओवरफ्लो हो जाता है और इसके चलते इलाके में बहुत खराब हालात हो जाते हैं। खासकर उन लोगों के लिए जिनके घर यहां हैं। पास में ही अपना फूड स्टॉल लगाने वाले एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि गर्मियों में तो हालात और भी खराब हो जाते हैं जब यहां से और भी बुरी बदबू आती है। उन्होंने कहा, साकेत क्षेत्र में बहुत से लोग और पर्यटक आते हैं और इसलिए हम यहां अपना स्टॉल लगाते हैं ताकि हम कुछ पैसे कमा सकें, लेकिन कभी-कभी यहां इतनी बदबू आती है कि ग्राहक यहां खड़े होकर खाना नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि सरकारी (शेष पृष्ठ 9)

**● नालों की सफाई और गाद निकालने की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं अधिकारी**

# लोकसभा चुनाव में प्रवासी मतदाताओं ने नहीं दिखाया उत्साह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विदेशों में** बसे प्रवासी भारतीय अपने देश की मिट्टी के प्रति प्रेम तो दिखाते हैं लेकिन लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव (मतदान) के प्रति उत्साह नहीं दिखाते हैं। प्रवासी भारतीय ने मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने में बहुत उत्साह दिखाया और लगभग 1.2 लाख लोगों ने मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया, लेकिन इस साल लोकसभा चुनाव में बहुत कम लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने भारत आए। चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में 1,19,374 प्रवासी मतदाता पंजीकृत हुए, जिनमें केरल में सबसे अधिक 89,839 पंजीकरण हुए। वर्ष 2019 में, 99,844 प्रवासी मतदाता पंजीकृत हुए थे।

चुनाव आयोग के अनुसार, दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक उत्सव में भाग लेने के लिए केवल 2,958 प्रवासी मतदाता भारत आए। इनमें से 2,670 अकेले केरल से थे। कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु जैसे कई बड़े राज्यों में प्रवासी मतदाताओं ने मतदान नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृहराज्य गुजरात में 885 प्रवासी मतदाताओं में से केवल दो ने ही लोकसभा चुनाव में वोट डाला। महाराष्ट्र में भी यही हाल था, जहां 5,097 एनआरआई मतदाताओं में से केवल 17 ने मतदान किया। वर्ष 2019 के आम चुनाव के बाद से 19,500 से अधिक पंजीकृत विदेशी मतदाताओं की वृद्धि के बावजूद, हाल ही संपन्न चुनावों में उनकी भागीदारी खराब थी। जबकि एनआरआई मतदाता एक सामान्य शब्द है, चुनाव आयोग उन्हें विदेशी मतदाता के रूप में परिभाषित करता है। वे भारतीय जो विभिन्न कारणों से विदेश में रह रहे हैं और लोकसभा, विधानसभा और अन्य प्रत्यक्ष चुनावों में वोट देने के पात्र हैं। मौजूदा चुनावी कानून के अनुसार, पंजीकृत एनआरआई मतदाताओं को वोट डालने के लिए अपने संबंधित लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों में आना पड़ता है। उन्हें अपनी पहचान के प्रमाण के रूप में अपना मूल पासपोर्ट दिखाना पड़ता है।



आंकड़ों के मुताबिक आंध्र प्रदेश में 7,927 पंजीकृत एनआरआई मतदाता थे, केवल 195 वोट देने के लिए हवाई जहाज से आए। बिहार में भी यही स्थिति रही, जहां 89 पंजीकृत एनआरआई मतदाताओं में से किसी ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया। गोवा में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां 84 मतदाताओं में से किसी ने भी मतदान नहीं किया। अगस्त 2018 में, 16वीं लोकसभा ने पात्र प्रवासी भारतीयों को प्रॉक्सी वोटिंग अधिकार देने के लिए एक विधेयक पारित किया। हालांकि, यह विधेयक राज्यसभा में नहीं लाया जा सका। वर्ष 2020 में, चुनाव आयोग ने केंद्रीय कानून मंत्रालय को इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली (ईटीपीबीएस) सुविधा का विस्तार करने का प्रस्ताव दिया, जो अब तक केवल सेवा मतदाताओं के लिए उपलब्ध है, पात्र प्रवासी भारतीय मतदाताओं के लिए भी। इसके लिए चुनाव नियमों में बदलाव की आवश्यकता होगी। लेकिन सरकार ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई फैसला नहीं लिया है। चुनाव आयोग ने तब सरकार को बताया था कि उसे डाक मतपत्रों के माध्यम से मतदान की सुविधा के लिए भारतीय प्रवासियों से कई आवेदन प्राप्त हुए हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि मतदाताओं ने यात्रा लागत, विदेशों में रोजगार की मजबूरी और शिक्षा सहित अन्य चीजों को व्यक्तिगत रूप से अपना वोट डालने में असमर्थता के कारणों के रूप में उद्धृत किया।


पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 30 दिसंबर, 2024



# मुख्यमंत्री योगी ने की नोएडा एयरपोर्ट और फिल्म सिटी के कार्यों की समीक्षा

● सीएम के समक्ष औद्योगिक विकास, निवेश, विकास परियोजनाओं, भूमि की उपलब्धता और किसानों से जुड़े मुद्दे रखे गए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौतमबुद्ध नगर के विकास कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने रविवार को दिल्ली स्थित यूपी सदन में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण से विकास कार्यों की जानकारी ली।

इसमें विभिन्न परियोजनाओं को लेकर किसान संबंधी मुद्दों पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री के समक्ष औद्योगिक विकास, निवेश, विकास परियोजनाओं, भूमि की उपलब्धता और किसानों से जुड़े मुद्दे रखे गए।

बैठक में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और जेवर में बन रहे फिल्म सिटी प्रोजेक्ट की प्रगति के बारे में भी मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई। इसके अलावा शहर के अंदर नोएडा अथॉरिटी के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट चल रहे हैं जैसे नोएडा एलिवेटेड रोड, सेक्टर-151ए में इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स, सेक्टर-96 में प्रशासनिक भवन, सेक्टर-51-52 मेट्रो स्टेशन के बीच स्काईवॉक आदि।

ग्रेप-4 के कारण कई प्रोजेक्ट देरी से चल रहे हैं, इसको लेकर भी कुछ दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा आवंटन नीति पर भी चर्चा हुई। वहीं अमिताभ कांत की संस्तुति के अनुसार तीनों प्राधिकरणों में 25 प्रतिशत की दर से कितने बिल्डरों ने पैसा जमा किया। कितने खरीदारों की रजिस्ट्री हुई। इसको लेकर समीक्षा की गई। वहीं नोएडा में होने वाली विकास योजनाओं को योजना बनाई गई। आपको बता दें कि अब तक बिल्डर नोएडा प्राधिकरण में करीब 500 करोड़ रुपये जमा कर चुके हैं। बैठक में तीनों प्राधिकरणों के सीईओ, एसीईओ और ओएसडी, जीएम शामिल हुए।

## यमुना प्राधिकरण ने बनाई कनेक्टिविटी की नई योजना

**नोएडा।** यमुना प्राधिकरण ने शहर और आसपास के क्षेत्रों को एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए छह प्रमुख रूटों पर इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की योजना बनाई है। यह कदम यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है। यमुना प्राधिकरण ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के सहयोग से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और आसपास के शहरों को



एयरपोर्ट से जोड़ने वाले रूटों का प्रस्ताव भेजा है। प्रस्तावित रूटों में जेवर, बुलंदशहर, सिकंदराबाद, खुर्जा और टप्पल जैसे प्रमुख शहर शामिल हैं। इसके अलावा यमुना प्राधिकरण ने रबुपुरा से यमुना एक्सप्रेसवे होते हुए बॉटेनिकल गार्डन और यीडा कार्यालय से बॉटेनिकल गार्डन तक बस सेवा भी चलाई थी। हालांकि, सवारी की कमी के कारण यह सेवा अक्टूबर में बंद करनी पड़ी थी। एयरपोर्ट से उड़ान सेवाओं की शुरुआत अप्रैल 2024 में होने की संभावना है। रनवे के सफल परीक्षण के बाद यमुना प्राधिकरण ने एयरपोर्ट को बुलंदशहर और अलीगढ़ के कई क्षेत्रों से जोड़ने के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है।

## निकली पिस्टल दिखाकर रील बनाना पड़ा भारी, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में एक युवक को नकली बंदूक (लाइटर) के साथ रील बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करना भारी पड़ गया। युवक ने डीसीपी ऑफिस के बाहर भी एक वीडियो बनाया उसे भी उसने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

इसके बाद वह वीडियो नोएडा पुलिस के संज्ञान में आता है और युवक के हाथ में बंदूक को देखकर कार्रवाई में जुट गई।पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और गोपनीय सूचना की मदद से नॉलेज पार्क थाना पुलिस रील बनाने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में पता चलता है कि युवक के हाथ में जो बंदूक थी, वह दरअसल पिस्टल जैसे दिखने वाला एक लाइटर था ,जिसे लेकर वह रील बना रहा था। पुलिस ने उस पिस्टल जैसा दिखने वाले लाइटर को भी बरामद किया है। युवक की पहचान वारिस पुत्र रईस के रूप में हुई है जो ईकोटेक 1 थाना क्षेत्र के उस्मानपुर गांव का निवासी है। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि आरोपी युवक ने दिखावे में पिस्टल जैसे दिखने वाले एक लाइटर के साथ रील बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दी।



नकली पिस्टल को सोशल मीडिया पर लहराने वाला पुलिस गिरफ्त में।

## गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में बनेंगी चार एआई लैब

**नोएडा।** गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय (जीबीयू) में छात्रों के लिए जल्द ही यूनिवर्सिटी में चार अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब (एआई) स्थापित की जाएंगी।

इन लैब्स का उद्देश्य तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना और छात्रों को बेहतर शैक्षिक अवसर प्रदान करना है। कुल 12 करोड़ रुपये की लागत से इन लैब्स को तैयार किया जाएगा, जिससे विश्वविद्यालय के 7,000 से अधिक छात्र को लाभ होगा। इन लैब्स में अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट स्तर के छात्र अपनी परियोजनाओं के प्रारंभिक कार्य करेंगे। बाद में 100 करोड़ रुपये की लागत से बन रही दूसरी लैब में वे अपने प्रोजेक्ट को अंतिम रूप दे सकेंगे। इन लैब्स का प्रमुख उद्देश्य छात्रों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए हाई क्वालिटी वाली तकनीकी सुविधाएं प्रदान करना है। प्रत्येक एआई लैब में लगभग 2 से 3 करोड़` का खर्च आएगा। इन लैब्स में अत्याधुनिक उपकरण और मशीनें होंगी।

## नए साल पर नोएडा के कई रास्ते बंद

● सेक्टर-18 और आसपास के क्षेत्रों में यातायात सुचारू रखने के लिए पुलिस ने विशेष योजना बनाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में नया साल सेलिब्रेट करने के लिए सब लोग उत्साहित हैं। लोग अपने परिवार या दोस्तों के साथ जश्न मनाने के लिए बाहर पार्टी करेंगे। इस दौरान नोएडा सेक्टर-18 और आसपास के क्षेत्रों में यातायात सुचारू रखने के लिए पुलिस ने विशेष योजना बनाई है।

सेक्टर-18 में प्रवेश केवल तीन मार्गों से ही किया जा सकेगा, जबकि अन्य मार्गों का उपयोग बाहर निकलने के लिए किया जाएगा।यह व्यवस्था 31 दिसंबर को दोपहर तीन बजे से लेकर देर रात तक रहेगी। यातायात नियंत्रण और व्यवस्था बनाए रखने के




लिए लगभग 25 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। नए साल का जश्न मनाने के लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा और दिल्ली-एनसीआर से बड़ी संख्या में लोग सेक्टर-18 और आसपास के मॉल और बार में पहुंचते हैं। जिसको देखते हुए पुलिस ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है।

अधिकारियों के अनुसार, सेक्टर-18 के अलावा शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों जैसे जीआईपी, गार्डन गलेरिया, डीएलएफ, सेंटर स्टेज, लॉजिक्स, मोदी मॉल और मुख्य बाजारों के आसपास यातायात को लेकर विशेष सर्वे किया गया। सेक्टर-18 और आसपास के मॉल व पब में आने वाले लोगों के लिए वाहन खड़ी करने की व्यवस्था बहुमंजिला पार्किंग में की गई है। अट्टा पीर चौक से आने वाले लोग एचडीएफसी बैंक कट के जरिए पार्किंग में प्रवेश कर सकेंगे। इसके अलावा, रेडिसन होटल तिराहा और नर्सरी तिराहे के पास बने कट से भी सेक्टर-18 के अंदर जाने की अनुमति होगी। वहीं नर्सरी तिराहा से अट्टा पीर चौक और सेक्टर-18 मेट्रो की ओर जाने वाला रास्ता, साथ ही सेक्टर-18 से अट्टा पीर चौक की वापसी को नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है।

गुरुद्वारे के पास एफओबी (फुट ओवर ब्रिज) के पहले और बाद के दोनों कट बंद रहेंगे। सेक्टर-18 मेट्रो के नीचे से सेक्टर-18 की ओर जाने वाला मार्ग वाहनों के लिए प्रतिबंधित रहेगा। इस कट का उपयोग केवल बाजार से बाहर निकलने वाले वाहनों के लिए किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सेक्टर-18 मोज़ैक होटल के दोनों ओर बने कट भी प्रवेश के लिए बंद रहेंगे, हालांकि अंदर से निकलने की सुविधा दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार



पत्नी की हत्या के आरोप में पुलिस गिरफ्त में युवक।

### पत्नी की गला घोंटकर की हत्या, गिरफ्तार

**नोएडा।** नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में एक पति ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। खुद पुलिस को फोन कर पत्नी की हत्या की सूचना दी और तीन लोगों पर शक भी जताया, लेकिन पुलिस की बहादुरी के चलते वह वहां से गायब हो गई। नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के बड़ौली गांव में किराए के मकान में रहने वाली महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। 28 दिसंबर की रात करीब 9 बजे महिला के पति ने डायल 112 पर सूचना दी कि किसी ने उसकी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी है। इस मामले में पुलिस ने राजकुमारी के भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया और आरोपी से पूछताछ की गई तो महिला के पति चुन्नीलाल ने तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पुरातत्व कारोबारी को भेज दिया। इस दौरान महिला का पति मौक्के से गायब हो गया। पुलिस को उस पर शक हुआ, जिसके बाद पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि मेरी पत्नी का मेरे गांव में रहने वाले एक व्यक्ति से अवैध संबंध है। मैंने कई बार मना किया लेकिन वह नहीं मानी।इससे परेशान होकर मैंने रात में दुकान पर ही पत्नी की हत्या कर दी और अब नौकरी से बाहर हो गया हूं। पुलिस ने महिला के जैविक पति चुन्नीलाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### डॉक्टर के घर के गेट से कार चोरी, वीडियो वायरल

**नोएडा।** नोएडा में वाहन चोरी की वारदातें बढ़ती जा रही है। चोर रोजाना वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-12 का है। यहां चोर एक डॉक्टर के घर के गेट पर खड़ी होंडा सिटी कार चोरी कर फरार हो गए। पूरी घटना घर के गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कार मालिक ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। जानकारी के मुताबिक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार सिंघल परिवार के साथ पी-10 सेक्टर-12 में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी होंडा सिटी शनिवार रात घर के गेट पर खड़ी थी। रात करीब 2-30 बजे अज्ञात चोर द्वारा उनकी कार चोरी कर ली गई। सुबह जब वह सोकर उठे तो उन्हें गेट पर कार नहीं मिली। उन्होंने गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो चोर कार को चोरी कर ले जाते हुए कैद मिला। अब इस घटना की दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। एक वीडियो 4 मिनट 7 सेकेंड की है और दूसरी 4 मिनट 23 सेकेंड की है। वीडियो में चोर कार को चोरी कर ले जाता हुआ दिख रहा है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि सेक्टर-12 में कार चोरी की घटना सामने आई है। कार मालिक ने घटना की शिकायत की है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी चोर को गिरफ्तार कर कार बरामद कर ली जाएगी।।

### ग्रेनो में 19 जनवरी लगेगा ऑटो एक्सपो-2025

**नोएडा।** एक बार फिर ऑटो एक्सपो 2025 का आयोजन होने जा रहा है। अगर आप भी गाड़ियों के शौकीन हो तो आपके लिए यह काम की खबर है। आपको जानकर खुशी होगी कि ग्रेटर नोएडा के अलावा एनसीआर में दो अन्य स्थानों पर भी ऑटो एक्सपो का आयोजन होने जा रहा है। आईए जानते हैं कि ग्रेटर नोएडा के अलावा एनसीआर के और कहां पर ऑटो एक्सपो 2025 का आयोजन होगा। ग्रेटर नोएडा में स्थित एक्सपो मार्ट सेंटर में ऑटो एक्सपो 2025 का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम ग्रेटर नोएडा में 19 जनवरी से 22 जनवरी 2025 तक होगा। यहां पर करीब 5 लाख से ज्यादा लोग आएंगे। यह कार्यक्रम इंटरनेशनल होता है। जिसमें सैकड़ों कंपनियां अपने वाहन पेश करेंगी। भारत मंडपम और द्वारिका के यशोभूमि पर भी भारत मोबिलिटी 2025 (ऑटो एक्सपो 2025) का आयोजन होगा।

## कॉमर्शियल वाहनों की फिटनेस जांच के दो नए सेंटर खुलेंगे

● प्राइवेट ड्राइविंग सेंटरों में दे सकते है ड्राइविंग टेस्ट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नया साल हमेशा नई शुरुआत और बदलाव लेकर आता है और इस बार यह बदलाव परिवहन विभाग के क्षेत्र में देखा जाएगा। इस बार परिवहन विभाग की ओर से नोएडा के निवासियों को नये साल में कई महत्वपूर्ण सौगातें और सुविधाएं मिलने जा रही हैं। इस नए साल में परिवहन विभाग की यह पहल जिलेवासियों के लिए एक बेहतरीन सौगात साबित होगी, जो उन्हें आसानी से और बिना किसी परेशानी के अपने परिवहन संबंधी काम निपटाने में मदद करेगी। जिले में कॉमर्शियल वाहनों की फिटनेस के




लिए दो नए सेंटर खोले जाएंगे। वर्तमान में जिलेभर के कॉमर्शियल वाहनों के मालिकों को एआरटीओ कार्यालय आकर फिटनेस प्रमाण पत्र लेना पड़ता था, लेकिन अब ये सेंटर ऑनलाइन हो जाएंगे। इसके साथ ही तीन नए स्क्रैपिंग सेंटर भी खोले जाएंगे। परमानेंट लाइसेंस के लिए परिवहन विभाग ने एक बड़ा बदलाव किया है। अब ड्राइविंग टेस्ट केवल एआरटीओ कार्यालय में नहीं, बल्कि प्राइवेट ड्राइविंग सेंटरों में भी होंगे। इस बदलाव के बाद चार नए प्रशिक्षण सेंटर खोले जाएंगे। जिससे लाइसेंस लेने वालों को समय की बचत होगी और प्रक्रिया में आसानी होगी।

### लाइसेंस का नवीनीकरण ऑनलाइन

परिवहन विभाग द्वारा इस साल लाइसेंस रिन्यूअल की व्यवस्था को ऑनलाइन मोड में शिफ्ट किया जा रहा है। अब लोगों को लाइसेंस रिन्यूअल के लिए दफ्तर के चक्कर नहीं काटने होंगे, जिससे उनका समय और मेहनत दोनों बचेंगे। विभाग के अनुसार अब लोग घर बैठे ही अपने लाइसेंस का रिन्यूअल करवा सकेंगे।

## किशोरी को अगवा करने वाला गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जेवर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से मंदिर का पुजारी एक किशोरी को शादी करने के उद्देश्य से बहला फुसलाकर ले गया था।

इस मामले में पीड़ित परिवार आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया था, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से पुलिस ने नाबालिग किशोरी को भी बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। साथ ही आरोपी को कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि जेवर क्षेत्र के एक गांव के मंदिर पर एक पुजारी पिछले कई महीनों से रहता था। जो 10 दिसंबर को गांव की एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। कई दिन तक जब किशोरी का सुराग नहीं चला तो पीडि़त परिवार ने मंदिर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा तो मंदिर का पुजारी उसकी बाइक पर बैठाकर ले जाता हुआ दिख रहा है।

## मोहिंदर पर ईडी का कसा, यूपी विजिलेंस से रिपोर्ट मांगी

● स्मारक घोटाले में आरोपी है पूर्व आईएएस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

स्मारक घोटाले में रिटायर्ड आईएएस मोहिंदर सिंह पर शिकंजा कसेगा। ईडी स्मारक घोटाले में नए सिरे से मोहिंदर व सहयोगियों की भूमिका को खंगालेगी।

नोएडा के लोटस-300 सोसाइटी सेक्टर-107 में फंड डायवर्जन पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की बिल्डर कंपनी हैसिंडा प्रोजेक्ट्स पर चल रही जांच अब स्मारक घोटाले तक पहुंच गई है।

ईडी ने स्मारक घोटाले की जांच कर रहे यूपी विजिलेंस को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है हैसिंडा प्रोजेक्ट्स और स्मारक घोटाले का सीधा कोई जुड़ाव नहीं है, लेकिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विजिलेंस को बताया कि हैसिंडा प्रोजेक्ट्स की जांच में स्मारक घोटाले से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदु सामने आए हैं, जिन्हें जांचना जरूरी है। इस प्रकार, एक सोसाइटी से शुरू हुई ईडी की जांच का दायरा बढ़ता जा रहा है।

ईडी ने इस जांच के लिए गठित एसआईटी (स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम) की रिपोर्ट भी मांगी है। ईडी स्मारक घोटाले में मोहिंदर सिंह और उनके सहयोगियों की भूमिका की जांच पड़ताल करेगा। रिटायर्ड आईएएस मोहिंदर सिंह की भूमिका जांच में अहम कड़ी है। लोटस-300 सोसाइटी में फंड डायवर्जन के मामले में उनके ठिकानों पर ईडी पहले ही छापे मार चुकी है और कई बार उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया भी जा चुका है। बसपा सरकार के दौरान लखनऊ और गौतमबुद्ध नगर में स्मारक निर्माण के समय मोहिंदर सिंह प्रमुख सचिव आवास और शहरी नियोजन थे। स्मारक घोटाले की जांच वर्तमान में यूपी विजिलेंस द्वारा की जा रही है।

मोहिंदर सिंह के चंडीगढ़ स्थित ठिकानों पर कीमती हीरे और जेवरात बरामद हुए थे। ईडी ने अपने जांच के दायरे को पूरी तरह से तथ्यों के आधार पर मोहिंदर सिंह के खिलाफ बिछाया है। विजिलेंस भी स्मारक घोटाले की जांच में तेजी से काम कर रही है। 22 अक्टूबर को नोएडा में विजिलेंस ने निर्माण निगम के अपर परियोजना प्रबंधक राजवीर सिंह के ठिकानों पर छापे मारे थे और यह जांच कई दिनों तक जारी रही थी। ईडी ने इन सभी आरोपितों और उनके बीच संभावित मिलीभगत की जांच को नए सिरे से शुरू कर दिया है।



छिजारसी तिराहा पर ऑटो और रिक्शा चालकों को जागरूक करते पुलिसकर्मी।

## मरीजों को देंगे सस्ती आईसीयू सुविधा : रम्मी

● इलाज के लिए खालसा हेल्प और प्रत्यक्ष मेडिकल केयर ने मिलाया हाथ

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गरीब मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा और उपचार देने के लिए संकल्पित गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित गुरुद्वारा ने नई पहल करते हुए मरीजों को घर पर आईसीयू सुविधा बेहद रियायती दर पर उपलब्ध कराने की पहल की है।

इंदिरापुरम में रविवार को आयोजित एक प्रेसवार्ता में गुरुद्वारा प्रबंधक व खालसा हेल्प के प्रमुख गुरुप्रीत सिंह रम्मी ने बताया कि घरों पर रियायती दरों पर आईसीयू व वेंटीलेटर सुविधा की पहल के लिए 'प्रत्यक्ष मेडिकल केयर' के साथ हाथ मिलाया गया है। रम्मी ने बताया कि अस्पताल में आईसीयू और वेंटीलेटर का खर्चा बहुत अधिक है। इस पहल पर डॉ. ख्याति शर्मा ने कहा कि




रियायती दरों पर आईसीयू सुविधा की जानकारी देते गुरुद्वारा प्रबंधक गुरुप्रीत सिंह उफ रम्मी व अन्य।

मरीज को घर पर आईसीयू सेटअप के साथ डॉक्टर सहित अन्य सुविधाएं दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल में आईसीयू और वेंटिलेटर पर लाखों खर्च हो जाते है, मगर खालसा हेल्प की मदद से यह सुविधा लोगों को अस्पताल से कम से कम 80 फीसदी कम दर उपलब्ध कराने का हमारा प्रयास होगा। प्रेसवार्ता के दौरान डॉ. वेणुगोपाल, यश चड्ढा, दलजीत सिंह, जशबीर सिंह रेखी, रघुबीर सिंह भंडारी, सरदार भूपेंद्र सिंह जश, सरदार मनबीर सिंह भाटिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मांगों को लेकर किसान एकता महासंघ के लोग पहुंचेंगे जीरो प्वाइंट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के जीरो प्वाइंट पर संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर होने वाली महापंचायत में किसान एकता महासंघ के लोग भी भारी संख्या में पहुंचेंगे। यह आह्वान किसान एकता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रमेश कसाना ने किया है। किसान एकता महासंघ की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ रमेश कसाना के नेतृत्व में उस्मानपुर गांव में हाजी इकराम के आवास पर हुई।

बैठक की अध्यक्षता मास्टर इंद्रपाल ने की और संचालन जिला अध्यक्ष अरविंद सेक्रेटरी ने किया। इस दौरान प्रदेश प्रभारी पप्पू प्रधान ने बताया कि किसान एकता महासंघ गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करने का काम कर रहा है। बैठक में किसानों से 30 दिसंबर को संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में जीरो प्वाइंट पर होने वाली महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन का विस्तार करते हुए नदीम भाटी बीडीसी सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं को ग्राम इकाई, तहसील जिला स्तर पर संगठन का सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर रमेश कसाना, देवेन्द्र प्रधान, महेश ठेकेदार, मास्टर इंद्रपाल, रवि नागर, राकेश चौधरी, अमित नागर, गजराज कसाना, शंकर, मनवीर नागर, हरेन्द्र कसाना, गिर्राज कसाना, पंकज कसाना, विकास कसाना, रोहतास, विनोद ठाकुर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# वोट घोटाले के लिए भाजपा का ऑपरेशन लोटस शुरू : केजरीवाल

● कहा, विपक्षी पार्टी ने 15 दिनों में 5 हजार नाम कटवाने, 7.5 हजार जुड़वाने के दिए आवेदन




प्रेस वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री आतिशी, आप राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, सांसद राघव चड्ढा।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भाजपा पर हमलावर है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने वोट घोटाले के ऑपरेशन लोटस शुरू किया है। केजरीवाल ने दावा किया भाजपा नई दिल्ली विधानसभा में वोट कटवाने और फर्जी नाम जुड़वाने की साजिश कर रही है।

पार्टी के कार्यकर्ता 15 दिनों में 5 हजार से ज्यादा नाम कटवाने और 7.5 हजार नाम जुड़वाने के लिए आवेदन दिया है। जब चुनाव आयोग ने दो महीने तक घर-घर जाकर वोट बनाए तो अब 15 दिनों में हजारों लोग कहां से आ गए। विपक्षी पार्टी बाहर से लोगों को लाकर उनके फर्जी वोट बनवा रही है। नई दिल्ली विधानसभा में कुल वोट एक लाख 6 हजार हैं। ये एक लाख 6 हजार में से लगभग पांच फीसदी वोट कटवा रहे हैं और साढ़े सात फीसदी वोट जुड़वा करा रहे हैं। तो चुनाव कराने की जरूरत ही क्या है। 12 फीसदी वोट अगर इधर से उधर कर देंगे तो चुनाव में कुछ बचा ही नहीं। इस देश के अंदर चुनाव के नाम पर खेल हो रहा है। सरेआम बदमाशी हो रही है। 20 अगस्त से लेकर 20 अक्टूबर तक समरी रिवीजन किया गया था। समरी रिवीजन में चुनाव आयोग की पूरी मशीनरी घर-घर जाती है और यह वैरिफाई करती है कि वोटर उस पते पर मौजूद है या नहीं, कोई वोटर रह तो नहीं गया। अगर कोई वोटर रह गया तो उसका वोट बनाया जाता है और कोई गलत वोटर है तो उसे डिलीट किया जाता है। उस पूरी कवायद के बाद 29 अक्टूबर को चुनाव आयोग ने अपनी समरी रिवीजन के बाद वोटर लिस्ट जारी की थी।

मुख्यमंत्री आतिशी, सांसद राघव चड्ढा की मौजूदगी में अरविंद केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में रविवार को कहा कि उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर पिछले दो महीने में नाम कटवाने के लिए आए आवेदनों की जांच सभी दलों की मौजूदगी में एसडीएम से कराने की मांग की है। भाजपा विधानसभा चुनाव जीतने के लिए तीन हथकंडे अपना रही है।

पहला, वह आप समर्थकों के वोट कटवा रही है। दूसरा, अपना फर्जी वोट बनवा रही है और तीसरा, पैसे से वोट खरीद रही है। भाजपा बुरी तरह से विधानसभा चुनाव हार रही है। इसलिए हमारे वोट कटवाने की साजिश कर रही है। सीएम आतिशी और सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि भाजपा के पास ना कोई सीएम चेहरा है और ना ही दिल्ली के लिए कोई विजन है कि वह दिल्ली वालों के लिए क्या करना चाहते हैं। ना उनके पास प्रत्याशी है। अब भाजपा बेईमानी से चुनाव लड़कर किसी भी तरह से जीतना चाहती है और वह सारे हथकंडे अपना रही है।

एक तरह से इन्होंने भारतीय जनतंत्र को ताक पर रख दिया है। ये किसी भी हालत में चुनाव जीतना चाहते हैं लेकिन दिल्ली की जनता यह होने नहीं देगी। अभी थोड़े दिन पहले हम लोगों ने बताया था कि किस तरह से भाजपा शाहदरा विस में 11008 वोट काटने के लिए आवेदन दिया था। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा उनकी पत्नी का नाम नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची से हटवाने का प्रयास कर रही है। साथ ही कहा कि भगवा पार्टी दिल्ली में बसे पूर्वांचली लोगों के नाम हटाने की कोशिश कर रही है। पत्नी अनीता सिंह के साथ रविवार को संवाददाता में संजय सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा दिल्ली में बसे पूर्वांचली लोगों के नाम हटाने की कोशिश कर रही है। सिंह और उनकी पत्नी पूर्वी उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखते हैं।

# महिला सम्मान विवाद : एलजी के आदेश के बाद जांच टीम गठित

● कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने उपराज्यपाल से मिलकर की थी शिकायत



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने महिला सम्मान योजना के नाम पर कथित तौर पर महिलाओं की निजी जानकारी एकत्र करने वाले शिविरों की पहचान करने के लिए कई टीम गठित की हैं।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा उन निजी व्यक्तियों के खिलाफ जांच के आदेश दिए जाने के बाद उठाया गया है जो दिल्ली में सत्तारूढ़ आप की प्रस्तावित योजना में नामांकन के नाम पर कथित रूप से महिलाओं के निजी विवरण एकत्र कर रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, दिल्ली में 15 पुलिस जिले हैं। हमने वरिष्ठ अधिकारियों को टीम गठित करने और पूरे मामले की उचित जांच करने का आदेश दिया है। टीम समन्वय करेंगी और डीसीपी की कड़ी निगरानी में काम करेंगी।

सक्सेना ने कांग्रेस नेता और पार्टी के नई दिल्ली विधानसभा सीट के उम्मीदवार संदीप दीक्षित की शिकायत के आधार पर जांच का आदेश दिया, जिन्होंने हाल ही में सक्सेना से मुलाकात की थी। दीक्षित ने उपराज्यपाल से मुलाकात की और महिला सम्मान योजना के बारे में अपनी आशंकाएं व्यक्त कीं, जिसके तहत आप ने 18 वर्ष से अधिक आयु की प्रत्येक पात्र महिला को 1,000 रुपए प्रति माह देने का वादा किया है।

# आप के पास जो चेहरे हैं वे दागदार : सचदेवा

● बोले, भाजपा के पास सामूहिक नेतृत्व का चेहरा है



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री के चेरहे को लेकर आम आदमी पार्टी और भाजपा में जुबानी जंग शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि भाजपा दिल्ली का चुनाव बुरी तरह हार रही है। इनके पास न कोई सीएम चेहरा है और न ही दिल्ली वालों के लिए कोई विजन है।

आतिशी के बयान पर पटलवार करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि भाजपा के पास सामूहिक नेतृत्व का चेहरा है पर आम आदमी पार्टी के पास चेहरे की सबसे ज्यादा समस्या है, जो चेहरे हैं सब दागदार हैं।

सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल एवं उनकी पार्टी की दिल्ली से राजनीतिक विदाई करने का मन बना चुकी है। बेहतर होगा की केजरीवाल भाजपा के विजन एवं मुख्यमंत्री चेहरे की चिंता छोड़ कर दिल्ली वालों के सवालों का जवाब दें, अपने दस साल के भ्रष्टाचार का जवाब दें। दिल्ली की जनता ने दस साल में केजरीवाल के विजन के अनेक नमूने देखे हैं।

दस साल में एक नया स्कूल, कालेज, अस्पताल ना देकर, कोई बड़ा विकास प्रोजेक्ट ना देकर, प्रदूषण बदतर करके एवं सार्वजनिक परिवहन ठप्प करके केजरीवाल ने दिखा दिया है की उनके पास विकास के लिए कोई विजन नहीं है। केजरीवाल ने शराब घोटाले के साथ ही शीशमहल के अवैध निर्माण कराकर साबित कर दिया है उनका भ्रष्टाचार पर संकल्प बहुत मजबूत है। भाजपा के पास सामूहिक नेतृत्व का चेहरा है पर आम आदमी पार्टी के पास चेहरे की सबसे ज्यादा समस्या है, जो चेहरे हैं सब दागदार हैं।



बढ़ी सर्दी के बीच लाल किले में सैलानियों की तादाद बढ़ रही है। फोटो: रंजन डिमरी

# सिसोदिया ने जंगपुरा के लिए शिक्षा घोषणापत्र जारी किया

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले रविवार को जंगपुरा निर्वाचन क्षेत्र के लिए शिक्षा घोषणापत्र जारी किया। एक बयान में कहा गया है कि घोषणापत्र में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने, छात्रों के लिए अवसरों में सुधार लाने तथा बच्चों के भविष्य को आकार देने में अभिभावकों और शिक्षकों को शामिल करने के लिए एक व्यापक योजना की रूपरेखा दी गई है।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व पर सिसोदिया ने कहा, बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा किसी भी परिवार की प्रगति की कुंजी है। हम सभी चाहते हैं कि हमारे बच्चे बड़े होकर सफल और सम्मानित व्यक्ति बनें। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इसमें कहा गया है कि घोषणापत्र में सराय काले खां और हजरत निजामुद्दीन में दो पूर्णत: सुसज्जित नए स्कूलों के निर्माण के साथ-साथ फिरोज शाह कोटला और हरि नगर आश्रम में मौजूदा स्कूलों में सुविधाओं के आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

# गांव प्रधान डीपीसीसी या खनन विभाग से करें संपर्क : एनजीटी

● राष्ट्रीय हरित अधिकरण जगतपुर गांव के प्रधान की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने एक याचिकाकर्ता से उत्तरी दिल्ली में यमुना नदी से अवैध रेत खनन के आरोपों के संबंध में दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) या खनन विभाग से संपर्क करने को कहा है। अधिकरण ने समिति या विभाग को यह पता लगाने में सक्षम बनाने के लिए आदेश दिया कि अवैध गतिविधियां किस स्तर तक हो रही हैं। अधिकरण ने जगतपुर गांव के प्रधान की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। याचिका में आरोप लगाया कि रेत माफिया क्षेत्र में भारी मात्रा में रेत अवैध रूप से निकाल रहा है।

याचिका में यह भी आरोप लगाया गया कि दिल्ली के जगतपुर और बुराड़ी गांवों के पास बनाए गए एक छोटे बांध में अनधिकृत गतिविधियों के कारण दरारें आ गई हैं। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य सेंथिल वेल की पीठ ने 24 दिसंबर को पारित आदेश में कहा कि शिकायत की जांच सबसे पहले डीपीसीसी या खनन विभाग द्वारा की जानी चाहिए ताकि अवैध खनन की वास्तविकता और उसके स्तर का पता लगाया जा सके।

अधिकरण ने कहा, इसलिए हम याचिका का निपटारा करते हैं और याचिकाकर्ता को डीपीसीसी के सदस्य सचिव या फिर खनन विभाग के सचिव के समक्ष शिकायत दायर करने की अनुमति देते हैं, जो शिकायत प्राप्त होने पर मौके का निरीक्षण करेंगे और कानून के अनुसार शीघ्रता से उचित उपचारात्मक व दंडात्मक कार्वाई करेंगे।

# 78 किलोग्राम गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● नए साल के जश्न के लिए दिल्ली लाये थे

दिल्ली पुलिस ने दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से लगभग 39.25 लाख रुपए मूल्य का 78 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। जब्त किया गया गांजा नए साल के जश्न के लिए राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न हिस्सों में पहुंचाया जाना था।

पुलिस को सूचना मिली थी कि दो लोग भारी मात्रा में गांजा लेकर द्वारका सेक्टर-23 में आएंगे। एक योजना बनाई गई जिसके बाद मोहम्मद अकमल और रोहित कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी लेने पर उनकी कार से 78 किलोग्राम गांजा मिला। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों लोग एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा थे जो आंध्र प्रदेश से मादक पदार्थ लाकर उसे दिल्ली-एनसीआर में नए साल का जश्न मनाने वाले लोगों को देने वाले थे। उन्होंने बताया कि मूल रूप से उत्तर प्रदेश के धामपुर का रहने वाला अकमल वर्षों से मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त है।

# आप का प्रवेश वर्मा के घर के बाहर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** आप की महिला शाखा ने प्रवेश वर्मा के घर के बाहर लगातार दूसरे दिन रविवार को भी अपना प्रदर्शन जारी रखा। प्रदर्शनकारियों ने वर्मा पर वोट खरीदने के लिए नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं को नकदी बांटने का आरोप लगाया है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर निधि किसी गैर सरकारी संस्था के जरिए बांटी जा रही है तो यह दिल्ली की सभी महिलाओं को मिलनी चाहिए न कि सिर्फ एक निर्वाचन क्षेत्र की महिलाओं को। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, मैं करावल नगर से हूं और यह सुनकर यहां आई हूं कि प्रवेश वर्मा महिलाओं को।,100 रुपए बांट रहे हैं।

# दो साल से फरार हत्यारोपी मुंबई से गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● भजनपुरा इलाके से अपहृत एक बच्चे की हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा काट रहा था



कोविड-19 महामारी के दौरान पैरोल अवधि बीतने पर जेल में लौटने की बजाय फरार होने वाले 46 वर्षीय हत्या के दोषी को पुलिस ने मुंबई से पकड़ लिया। पुलिस के हत्थे चढ़ा अजय कुमार त्रिपाठी मुंबई के घाटकोपर क्षेत्र में एक फूड ऐप के लिए कंपनी के प्रतिनिधि के रूप में काम कर रहा था। वह उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके से अपहृत एक बच्चे की हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा काट रहा था।

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, अजय कुमार त्रिपाठी को वर्ष 2000 में दिल्ली में एक बच्चे के अपहरण और उसकी हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था। उसे 23 जुलाई, 2021 को कोविड महामारी के दौरान पैरोल दी गई थी, उस दौरान वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। त्रिपाठी 19 सितंबर 2021 को पैरोल खत्म होने के बाद भी वापस नहीं लौटा। यह उसके फरार होने का पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी वर्ष 2010 में वह पैरोल के दौरान पांच साल तक गिरफ्तारी से बचता रहा था। इस बार उसे पकड़ने के लिए पुलिस ने उसके पिछले पते, जेल रिकॉर्ड और आगंतुकों से जानकारी एकत्र करके पता लगाया कि त्रिपाठी महाराष्ट्र की राजधानी में रह रहा है। इसके बाद एक टीम मुंबई गई और कंपनी के स्थानीय प्रतिनिधि की पुष्टि करके पता लगाया कि त्रिपाठी चेंबूर के गौतम नगर में है। उसे 28 दिसंबर को पकड़ लिया गया।

# क्विक कॉमर्स कंपनियां कानून का कर रही उल्लंघन

● कैट ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर हस्तक्षेप का किया अनुरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने कहा कि क्विक कॉमर्स कंपनियां नियमों और कानून का उल्लंघन कर रही है। ये कंपनियां विदेशी निवेश का दुरुपयोग करते हुए देश के रिटेल बाजार को विकृत कर रही हैं। जिससे छोटे दुकानदारों के लिए बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है।

इस संबंध में कैट ने रविवार को केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को एक पत्र लिखकर मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। कैट ने कुछ दिन पहले इस मुद्दे पर एक श्वेत पत्र भी जारी किया था जिसकी एक प्रति कैट ने गोयल को भी भेजी है। कैट इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी एक पत्र के साथ श्वेत पत्र भेज रहा है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स जैसे ब्लिंकिट, इंस्टामार्ट, जेप्टो, स्विगी आदि पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के जरिए प्राप्त धन का दुरुपयोग लगाने का आरोप लगते हुए कहा है की इससे ये कम्पनियाँ सामान आपूर्तिकर्ताओं पर अपना नियंत्रण रखते हुए इन्वेंटरी पर प्रभुत्व और सामान के मूल्यों के निर्धारण में मनमानी कर रही हैं।

उनका एकमात्र उद्देश्य गली मोहल्लों की छोटी किराना एवं अन्य सामान की दुकानों को खत्म कर उनके बाजार पर कब्जा करना है। ई कॉमर्स की विदेशी कंपनियों की तरह ये कंपनियां क्विक कॉमर्स के जरिए भारतीय खुदरा बाजार को खराब करने पर तुली हुई हैं। कैट ने कहा कि ऐसी व्यापारिक रणनीतियों के जरिए ये कंपनियाँ प्रतिस्पर्धा को धता बताते हुए एक असमान बाजार बनाती हैं, जहां देश भर में लगभग 3 करोड़ से अधिक किराना दुकानों का टिक पाना लगभग असंभव हो गया है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री व चाँदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने क्विक कॉमर्स कंपनियों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा की ये कंपनियाँ छोटे खुदरा विक्रेताओं को बाजार से बाहर धकेलने का काम कर रही हैं। सीधे तौर पर ये कंपनियाँ न केवल एफडीआई पालिसी का उल्लंघन कर रही हैं।

भारत के नियम एवं कानूनों की इन कंपनियों को कोई परवाह नहीं है। यह कंपनियाँ कम्पटीशन एक्ट, 2002 का भी उल्लंघन करते हुए आपूर्ति, मूल्य निर्धारण और वितरण पर नियंत्रण रखने के लिए एकतरफा समझौते करते हैं जिससे प्रतिस्पर्धा विपरीत रूप से प्रभावित होती है ये कम्पनियाँ कीमतों में हेरफेर और इन्वेंटरी पर नियंत्रण करती हैं ।

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद ने विकास कार्यों का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने अपने संसदीय क्षेत्र में 12 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। उन्होंने तुगलकाबाद गांव में बिजली के नए कनेक्शन देने का काम भी शुरू कराया जिस पर पिछले छह वर्षों से रोक लगी हुई थी। सांसद ने जौनापुर गांव और गदईपुर में 4 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस राशि से जौनापुर में दो बारात घरों के सौंदर्यीकरण का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह गदईपुर में सड़कों और ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त किया जाएगा। क्षेत्र में सडकें और ड्रेनेज सिस्टम काफी खराब हो चुका था। जिससे इस क्षेत्र के लोगों को काफी असुविधा हो रही थी। इसके अलावा गांव जैतपुर में उन्होंने 1.5 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए 3 मंजिला सामुदायिक केंद्र का उद्घाटन किया। इस कम्युनिटी सेंटर का नामकरण गुरु तेगबहादुर साहिब के नाम पर रखा गया है। वहीं तुगलकाबाद गांव में उन्होंने 7 करोड़ के विकास कार्यों की शुरुआत भी की। इस राशि से सभी सड़कों और नालियों का निर्माण किया जाएगा।

### हीरे के आभूषण चुराने का आरोपी किशोर हिरासत में

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने करोल बाग इलाके से 16.44 लाख रुपये मूल्य के हीरे के आभूषण चुराने के एक किशोर आरोपी को गिरफ्तार किया है। करोल बाग में दिनदहाड़े चोरी में दो हीरे के हार सेट और चार हीरे की बाली सेट सहित आभूषण चुराए गए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि चोरी 11 दिसंबर को हुई जब एक कर्मचारी 10 हीरे के हार सेट वाले बैग को एक दुकान से दूसरी दुकान तक ले जा रहा था। स्कूटर पर एक युवा लड़के सहित व्यक्तियों के एक समूह ने करोल बाग के पास जानबूझकर हंगामा किया, जिससे कर्मचारियों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न हुई। भ्रम की स्थिति के बीच, 16,44 लाख रुपये के दो हीरे के हार सेट चोरी हो गए। अधिकारी ने कहा कि करोल बाग पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया और आगे की जांच की गई। उन्होंने बताया कि टीम ने करोल बाग से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक के मार्ग पर 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया।

# मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की साजिश का परिवहन विभाग ने किया खंडन

● केजरीवाल ने कहा था कि मुख्यमंत्री आतिशी को फंसाने के लिए एजेंसियों पर बनाया जा रह है दबाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के परिवहन आयुक्त प्रशांत गोयल ने मुख्यमंत्री आतिशी को एक पत्र जारी करके आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल के उन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है जिसमें कहा गया है कि बसों में महिलाओं की मुफ्त यात्रा योजना के संबंध में आतिशी के खिलाफ जांच करने पर विचार किया जा रहा है।

उन्होंने 26 दिसंबर को लिखे पत्र में कहा, मेरा ध्यान टेलीविजन और सोशल मीडिया पर चल रही उन खबरों की ओर गया है, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल यह आरोप लगाते दिख रहे हैं कि परिवहन विभाग में आपकी सज्जनता पर सवाल उठाकर जांच पर विचार किया जा रहा है। मैं रिकॉर्ड पर रखना चाहूंगा कि परिवहन विभाग द्वारा ऐसी किसी जांच पर विचार नहीं किया गया है।

पत्र में कहा गया है कि इस संबंध में सतर्कता विभाग, जीएनसीटीडी से कोई संचार प्राप्त नहीं हुआ है और उपरोक्त दावा बिल्कुल गलत और भ्रामक है। इससे पहले 25 दिसंबर को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने आतिशी की मौजूदगी में आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार आतिशी को मनगढ़ंत मामले में फंसाने के लिए जांच एजेंसियों पर दबाव डाल रही है। उन्होंने दावा किया, हमें अपने सूत्रों से पता चला कि एक बैठक हुई थी और भाजपा द्वारा जांच एजेंसियों को मुख्यमंत्री आतिशी को फर्जी मामले में गिरफ्तार करने का आदेश दिया गया है।

वे आगामी विधानसभा चुनावों के लिए आप को प्रचार से विमुख करने की कोशिश कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना जारी रहेगी जो आप सरकार की एक प्रमुख पहल है।

# शारीरिक संबंध का मतलब यौन उत्पीड़न नहीं: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पॉक्सो मामले में एक व्यक्ति को यह कहते हुए बरी कर दिया कि नाबालिग पीड़िता ने शारीरिक संबंध शब्द का इस्तेमाल किया है, जिसका अर्थ अपने आप से यौन उत्पीड़न नहीं निकाला जा सकता।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने आरोपी की अपील स्वीकार कर ली, जिसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। अदालत ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि निचली अदालत ने कैसे निष्कर्ष निकाला कि कोई यौन उत्पीड़न हुआ था, जबकि पीड़िता स्वेच्छा से आरोपी के साथ गई थी।

अदालत ने 23 दिसंबर को पारित फैसले में कहा, केवल इस तथ्य से कि पीड़िता की उम्र 18 वर्ष से कम है, इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता कि संभोग हुआ था।

# पुलिस से मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को लगी गोली, धरे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने रविवार को पश्चिमी दिल्ली में मुठभेड़ के बाद सशस्त्र डकैती समेत करीब 80 मामलों में शामिल दो वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया कि मादीपुर में दोनों के ठिकाने के बारे में खुफिया जानकारी मिली जिसके बाद पर क्षेत्र में सभी संभावित निकास मार्गों पर तैनात करने के लिए कई टीम गठित की गईं।

पुलिस उपायुक्त ने बताया, संदिग्धों को तड़के करीब साढ़े चार बजे देखा गया। जब पुलिस ने उन्हें रुकने के लिए कहा तो उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दीं, जो कुछ पुलिसकर्मियों की बुलेटप्रूफ जैकेट पर जा लगीं, हालांकि कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस द्वारा की गई जवाबी गोलीबारी में दोनों आरोपियों के पैर में गोली लग गई। आरोपियों का नजदीकी अस्पताल में इलाज हो रहा है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आरोपियों की पहचान द्वारका जिले के कुख्यात अपराधी रोहित कपूर और पश्चिमी दिल्ली के ख्याला के हिस्ट्रीशीटर रिंकू के रूप में हुई है। आरोपी दिल्ली और मध्य प्रदेश में सशस्त्र डकैती सहित लगभग 80 आपराधिक मामलों में शामिल थे।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 30 दिसंबर, 2024



## नव वर्ष की पूर्व संध्या 31 दिसंबर को हुड़दंग मचाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

# जश्न के दौरान सुरक्षा में तैनात रहेंगे 2000 जवान

● सादे कपड़ों में भी मुस्तैद रहेंगे पुलिसकर्मी

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

नव वर्ष-2025 के आगमन की पूर्व संध्या पर जिले में होने वाले कार्यक्रमों को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने अपना प्लान तैयार कर लिया है। नए साल के जश्न को लेकर 2000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे।

पुलिस द्वारा नए साल-2025 के स्वागत में व पुराने वर्ष-2024 की विदाई के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले सभी आयोजन स्थलों सहित विभिन्न चिन्हित स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। प्रत्येक वर्ष की भांति गुरुग्राम में नव वर्ष-2025 के आगमन की पूर्व संध्या को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा।




पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के निर्देशानुसार कानून व्यवस्था व शान्ति बनाए रखने, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, यातायात का व्यवस्थित, सुचारू व सुगम संचालन के लिए तथा शरारती/असामाजिक तत्व किसी अप्रिय घटना को अंजाम ना दे सकें, इसलिए पुलिस की कड़ी चौकसी रहेगी। पुलिस आयुक्त ने कहा कि सुरक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सभी आयोजन स्थलों सहित विभिन्न चिन्हित स्थानों पर समुचित संख्या में पुलिसबल तैनात किया गया है। सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

पुलिस द्वारा इस दौरान 10 इंटरस्टेट नाके लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त गुरुग्राम के पूर्व जोन में 32 नाके, पश्चिमी जोन में 21 नाके, दक्षिणी जोन में 08 नाके तथा मानेसर जोन में 07 नाकों सहित कुल 68 विशेष नाके लगाए हैं। जिन पर समुचित संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। नव वर्ष पर हुडदंग करने वालों, असामाजिक तत्वों तथा शांति व्यवस्था को भंग करने वालों को किसी भी सूरत में अनदेखा नहीं किया जाएगा तथा उनके विरुद्ध तत्परता से नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी।

**पुलिस ने 10 इंटरस्टेट नाके लगाए:** संदिग्ध व्यक्तियों, अपराधियों व अवांछनीय व्यक्तियों की चेकिंग के लिए गुरुग्राम पुलिस द्वारा इंटरस्टेट व गुरुग्राम के अंदर नाके लगाए गए हैं। गुरुग्राम पुलिस द्वारा इस दौरान 10 इंटरस्टेट नाके लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त गुरुग्राम के पूर्व जोन में 32 नाके, पश्चिमी जोन में 21 नाके, दक्षिणी जोन में आठ नाके तथा मानेसर जोन में सात नाकों सहित कुल 68 विशेष नाके लगाए हैं। जिन पर समुचित संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

### 22 स्थानों पर कार्यक्रम

**22 स्थानों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन सभी आयोजन स्थालों पर पुलिस द्वारा सुरक्षा के सभी पुख्ता प्रबन्ध किए गए हैं। नए साल मनाने के मुख्य 22 स्थानों, 10 पार्किंग स्थलों व पुलिस नाकों पर लगभग 1044 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। इसके अतिरिक्त यातायात पुलिस कर्मचारी, संबंधित थाना क्षेत्र में थाना की पुलिस टीमें, काउंटर एसॉल्ट टीमें, डिस्पोजल टीम, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड की विशेष टीमें भी तैनात रहेंगी।**

### यहां बनाई गई हैं पार्किंग

**गुरुग्राम पुलिस द्वारा 10 स्थानों (लेजर वैली सेक्टर-29 पार्किंग, लेजर वैली सेक्टर-29 मार्केट पार्किंग, लेजर वैली पार्किंग होटल वेस्टिन के सामने, साईबर हब पार्किंग, किंगडम ऑफ ड्रीम्स के सामने पार्किंग व पीछे की तरफ दो पार्किंग, उबर ऑफिस सेक्टर-29 के सामने पार्किंग, हुड्डा जिमखाना पार्किंग सेक्टर-29, मचान पार्किंग, हुड्डा ग्राउंड पार्किंग, सेक्टर-29 टैक्सी पार्किंग) पर पार्किंग व्यवस्था की गई है।**

## पुलिस एडवाइजरी का पालन करें युवा: एसपी

**पलवल।** पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन ने जिलावासियों को नववर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नववर्ष आगमन पर आम जनता द्वारा जश्न मनाया जाता है। नए साल 2025 के शांतिपूर्ण जश्न मनाने व आमजन की सुरक्षा और बिना किसी समस्या या परेशानी के यातायात व्यवस्था सुगम करने के लिए 30 दिसंबर 2024 को शाम 6ः00 बजे से नए साल के उत्सव के समापन तक आमजन के लिए यातायात संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं। सार्वजनिक स्थान और सड़क के किनारे शराब पीना, वाहनों के साइलेंसर से पटाखे फोड़ ध्वनि प्रदूषण कर हुड़दंग करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शरारती तत्वों द्वारा इस अवसर पर शराब पीकर सार्वजनिक स्थानों एवं मार्गों पर की जाने वाली हुडदंग बाजी और गतिविधियों को नियंत्रण करने के उद्देश्य से व्यापक पुलिस प्रबंध किए गए हैं। उन्होंनेने बताया कि नववर्ष के अवसर पर मुख्य होटल, रेस्टोरेंट्स, ढाबों एवं धर्मशाला पर विशेष सुरक्षा बंदोबस्त किए गए हैं।

## आयुष्मान योजना अच्छा इलाज कराने में कारगर: विजय

● भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री ने सुना मन की बात कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



भाजपा किसान मोर्चा गुरुग्राम के जिला महामंत्री एवं हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेक्टर-7 आरडब्ल्यूएप्रधान व गुरुग्राम नगर निगम के वार्ड-32 से भावी पार्षद उम्मीदवार विजय परमार ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 117वें एपिसोड सुना। उन्होंने इस पर अपने विचार रखते हुए कहा कि मन की बात से प्रधानमंत्री देश के मेहनतकश लोगों से देश-दुनिया के लोगों को रूबरू कराते हैं। यह कार्यक्रम हर वर्ग के लिए कुछ ना कुछ संदेश देता है।

विजय परमार के मुताबिक मलेरिया की बीमारी को लेकर पीएम ने जानकारी दी कि यह चार हजार साल से मानवता के लिए चुनौती रही है। आजादी के समय भी यह हमारी सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक थी। एक महीने से लेकर पांच साल तक के बच्चों की जान लेने वाली सभी संक्रामक बीमारियों में मलेरिया का तीसरा स्थान है।

कैंसर को लीकर उन्होंने कहा कि अब भारत में समय पर कैंसर का इलाज शुरू होने की संभावना काफी बढ़ गई है। कैंसर मरीज का इलाज 30 दिनों के भीतर ही शुरू हो जाना और इसमें बड़ी भूमिका आयुष्मान भारत योजना ने निभाई है।

## अधिक मुनाफे के लालच में मजदूर बना तस्कर

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में नशे के इंजेक्शन उपलब्ध कराने वाले दूसरे आरोपी को अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने गिरफ्तार किया है। जो अधिक मुनाफे के लालच में नशीले इंजेक्शन बेचता था। आरोपी मजदूरी का काम करता है। अपराध शाखा टीम इससे पहले 16 जुलाई को आरोपी कासिद को निचला मौहल्ला गांव धोज एरिया से 40 नशीले इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया था। जिसका मामला थाना धोज में दर्ज किया गया था। अपराध शाखा टीम ने आरोपी अज्जी उर्फ अजीज निवासी गांव शहपुर नांगली मेवात को नहूं से गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरपी नशे के इंजेक्शन बेचकर मुनाफा कमाने के लिए बेचता है। आरोपी पर पूर्व में भी नशा तस्करी के मामले नहूं और फरीदाबाद में दर्ज है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# इनेलो कार्यालय पर श्रद्धांजलि के बाद यमुना में प्रवाहित हुई चौटाला की अस्थियां

● शनिवार को फरीदाबाद पहुंची थीं पूर्व मुख्यमंत्री की अस्थियां

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

शनिवार को हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय ओमप्रकाश चौटाला की अस्थियों कलश को लेकर उनके पोते एवं इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला, विधायक आदित्य चौटाला, इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा व युवा इनेलो के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुरजीत सन्धू सैक्टर-11 स्थित जिल इनेलो कार्यालय पहुंचे। यहां एक श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया गया, जिसमें इनेलो जिला पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व चौटाला समर्थकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक अर्जुन चौटाला ने कहा कि चौधरी ओमप्रकाश चौटाला का परिवार पूरा हरियाणा रहा है। यही कारण है कि जो लोग तेजा खेड़ा जाने में असमर्थ थे। उनके लिए हर जिले में चौटाला की अस्थियों को ले जाया जा रहा है, ताकि सभी लोग अपने जनप्रिय नेता को श्रद्धांजलि अर्पित कर सकें। पूर्व मुख्यमंत्री ने कभी भी अपने उसूलों के साथ समझौता नहीं किया और राजनीति उतार-चढ़ाव को पार किया। उन्होंने सदैव ताऊ देवीलाल की नीति पर चलकर हरियाणा का सम्पूर्ण विकास किया। चौटाला ने कहा कि हरियाणा पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला का परिवार था, इसलिए सभी जिलों में अस्थियां प्रवाहित करने के लिए अलग-अलग जिलों में उनके पुराने साथियों को जिम्मेदारी दी गई है।

इस मौके पर विधायक ने कहा कि ओम प्रकाश चौटाला, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ भी कार्य कर चुके हैं, उनको भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। पूर्व प्रधानमंत्री भी बहुत अच्छे व्यक्त्वि थे। वे अच्छे अर्थशास्त्री थे। ओम प्रकाश चौटाला और मनमोहन सिंह राज्यसभा में एक साथ रहे थे और आपस में काफी अच्छे संबंध थे।



शोक सभा में विधायक आदित्य ने कहा कि स्व. चौटाला ने हमेशा जननायक चौ. देवीलाल की नीतियों को आगे बढ़ाने का काम किया। विधायक चौटाला ने कहा कि स्वर्गीय ओमप्रकाश चौटाला आज भले ही हमारे बीच नहीं है, लेकिन कार्यकर्ताओं के दिल में वो हमेशा जिंदा रहेंगे। इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने अपना सम्पूर्ण जीवन किसान और कमेरे वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया था। वे लोगों के सुख-दुख में हमेशा शामिल रहे। उनके जाने से आज किसान और कमेरे वर्ग की आवाज शांत हो गई है।

श्रद्धांजलि सभा में इनेलो जिलाध्यक्ष देवेन्द्र चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष देवेन्द्र तेवतिया, लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सुनील तेवतिया, महिला अध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू, पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना, डा. प्रताप सिंह, रूपचंद लाम्बा, युवा अध्यक्ष अजय चौधरी, बच्चूसिंह, पौरस डागर, सुरेश वर्मा, सुरेश मोर, जीतेन्द्र नरवत, रामसरन रौतेला, उमेश भाटी, दीपक नागर, राजीव शर्मा, संजय पांचाल, राजबाला शर्मा, विष्णु सूद, बोधराज रावत, नाहर सिंह, देवी लाम्बा, उपकार सिंह, नरेन्द्र पाल बघेल, राजविन्दर कौर सहित सैकड़ों लोगों ने अपने प्रिय नेता चौ. ओमप्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के अस्थि कलश को लेकर गांव मोहना के लिए प्रस्थान किया गया। जहां सभी गांवों के लोगों ने फूल बरसाए और अपने प्रिय नेता को याद किया। तत्पश्चात गांव मोहना पहुंचने पर उनकी अस्थियों को यमुना नदी में विसर्जित कर दिया गया।

## होडल पुलिस ने अपहृत युवक को सकुशल छुड़ाया

**पलवल।** क्राइम ब्रांच होडल प्रभारी निरीक्षक उमर मोहम्मद के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक का पुन्हाना मोड से अपहरण कर लिया गया है। सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश कुमार ने साइबर सेल की मदद से नूह क्षेत्र अंतर्गत हतनगांव नहर से आंख पर पट्टी बंधे उक्त युवक को बरामद किया लेकिन पुलिस की भनक पाकर आरोपी, युवक का मोबाइल लेकर फरार हो गए।

बरामद युवक कानपुर निवासी रोहित ने पुलिस को बताया कि वह बल्लभगढ़ से अपने परिचित से मिलकर वापस घर पर जा रहा था जो रास्ते में होडल चौक पर वह दूसरी सवारी के इंतजार में खड़ा था जहां से उसे एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों ने जबरन बैठा लिया तथा दूर ले जाकर उसके मोबाइल के जरिए उसके भाई से छोड़ने के नाम पर पैसों की मांग की।

# पीएम के मन की बात है जन-जन की बात: गौतम

● अपने परिजनों और कार्यकर्ताओं के साथ राज्य मंत्री ने सुना कार्यक्रम का 117वां प्रसारण

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



हरियाणा सरकार में युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता, खेल और कानून एवं विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' जन-जन की बात है। प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से जनहित के मुद्दों को लेकर अपने विचारों को देश के आमजन के साथ सांझा करते हैं। खेल मंत्री गौरव गौतम ने रविवार को सेक्टर 2 स्थित अपने परिजनों और कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 117वें टेलीकास्ट को देखा और अधिक से अधिक लोगों को इस कार्यक्रम से जुड़ने का आह्वान किया।

राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदीके बहुतप्रतीक्षित रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' हमें न केवल राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करता है, बल्कि हमारे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एक मजबूत संदेश भी देता है। प्रधानमंत्री के विचारों से हम हमेशा नई ऊर्जा और प्रेरणा प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने बताया कि 13 जनवरी 2025 से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। महाकुंभ को लेकर संगम तट पर भव्य तैयारियां चल रही हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि जब वें कुंभ में भाग लें, तो समाज में विभाजन और नफरत की भावना को खत्म करने का संकल्प लें। प्रधानमंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि कुंभ आयोजन में पहली बार एआई चैटबॉट का इस्तेमाल किया जाएगा।

## सामूहिक विवाह में पहुंचे खेल मंत्री, दिया आशीर्वाद

**पलवल।** संस्कार द्वारा आयोजित दस कन्याओं का सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। दस जोड़ों ने एक-दूजे को माला डालकर हमसफर बनाया। वैदिक रीति-रिवाजों से विवाह की रस्में हुई। विदाई के समय मंगल गीत गाए गए। समारोह का शुभारंभ खेलमंत्री गौरव गौतम ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। उन्होंने परिणय सूत्र में बंधे सभी 10 जोड़ों को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी। खेल मंत्री ने रोटरी क्लब पलवल संस्कार की तारीफ करते हुए कहा ऐसा नेक कार्य करके समाज में अथक प्रयासों के जरिए मजबूती लाने का काम कर रहे हैं। खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि पलवल में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सिर्फ इस क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पूरे प्रांत के लिए अनुकरणीय बन चुका है। समाजसेवा के क्षेत्र में लोग इस विवाह कार्यक्रम की मिसाल दे रहे हैं। दूसरे शहरों में भी अब ऐसे आयोजन किए जा रहे हैं।

# रेलगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

● मजदूरी पर जाने के लिए सुबह घर से निकला था रोहित

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

रेलवे लाइन क्रॉसिंग करते समय एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

जीआरपी के जांच अधिकारी धनीराम ने बताया कि रविवार को सुबह उन्हें सूचना मिली कि रसूलपुर रेलवे क्रॉसिंग से 100 मीटर की दूरी पर एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया। मृतक की पहचान लोहागढ़ (पलवल) निवासी रोहित के रूप में हुई। दुर्घटना की सूचना जीआरपी ने रोहित के परिजनों को दे दी।

सूचना मिलने पर रोहित के परिजन जीआरपी चौकी पहुंचे। परिजनों ने जीआरपी को बताया कि रोहित मेहनत-मजदूरी करता था। रविवार सुबह रोहित मजदूरी पर जाते समय रसूलपुर रेलवे क्रॉसिंग पर पैदल लाइन को क्रॉस करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंपा।

## संक्षिप्त समाचार



### सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीही सेक्टर 08 के प्रांगण में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुधीर चौहान मुख्य नगर नियोजक एवं समाजसेवी कंवरपाल ठाकुर, प्राचार्य डॉक्टर जयप्रकाश वैष्णव, पंडित प्रीतम, कमल शास्त्री, मास्टर रामजीत, सोमव्रत योगाचार्य, जिला समन्वयक रामचंद्र, एनएसएस अधिकारी निशा ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर वैदिक यज्ञ का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जयप्रकाश वैष्णव ने मुख्य अतिथि को फूल माला पहनकर स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुधीर चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों में समाज सेवा देश भक्ति की भावना बढ़ती है। मंच संचालन कर रहे संतसिहं हुड्डा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का नारा मैं नहीं आप है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ जयप्रकाश वैष्णव ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है। सातों दिन छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों, रैली, स्वच्छता व संगोष्ठी के कार्यक्रम किए। शिविर में विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि ने पारितोषिक देकर सम्मानित किया। शिविर को सफल बनाने में रंजीता रानी, रोहित कुमार, नीलम रानी, देवलता ,जावेद शेख, सन्तसिहं हुड्डा ने विशेष सहयोग किया।



रिवाइजिंग अथॉरिटी के साथ बैठक करते उपायुक्त अजय कुमार।

### मतदाता सूची में सुधार के लिए अपील का मौका: डीसी

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम और मानेसर के लिए गुरुग्राम के उपायुक्त अजय कुमार ने रविवार को नियुक्त रिवाइजिंग अथॉरिटी के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में सुधार से संबंधित कोई भी शिकायत 31 दिसंबर तक उनके समक्ष दर्ज करवाई जा सकती है। उपायुक्त ने रिवाइजिंग अथॉरिटी से नियम 4 (6) के तहत मतदाता सूची में किए गए सुधारों की जानकारी ली। साथ ही निर्देश दिए कि किसी भी मतदाता को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि 31 दिसंबर तक प्राप्त अपीलों का निवारण 3 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। इस दौरान किए गए संशोधनों के आधार पर 6 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इस संशोधित सूची के आधार पर आगामी निकाय चुनाव कराए जाएंगे। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि नई वार्डबंदी के अनुसार मतदाताओं से प्राप्त आपत्तियों के अनुसार सूची में सुधार कार्य किए गए हैं। उपायुक्त ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि अपडेट सूची में मतदाता को वार्ड और बूथ अनुसार विस्तृत जानकारी उपलब्ध हो।

# पटौदी-हेली मंडी और फर्रुखनगर उद्योगों के लिए संभावित क्षेत्र बने

● इन क्षेत्रों को कम संभावित क्षेत्र से मध्यम संभावित क्षेत्र में संशोधित करने को मिली मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पटौदी-हेली मंडी और फर्रुखनगर (जिला गुरुग्राम) के क्षेत्र वर्तमान में कम क्षमता वाले क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं, जिसमें विभिन्न संभावित क्षेत्र निर्धारित किए गए हैं। जो निम्न, मध्यम, उच्च और अति संभावित क्षेत्र हैं।

ये क्षेत्र अब कॉलोनियों के विकास और संस्थानों, उद्योगों, गोदामों आदि जैसी अन्य गतिविधियों के लिए बहुत संभावित हो गए हैं। हरियाणा मंत्रिमंडल की सीएम नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में यह प्रस्ताव पास किया गया कि इन क्षेत्रों को कम क्षमता वाले क्षेत्र से मध्यम क्षमता वाले क्षेत्र में अपग्रेड किया जा सकता है। इससे राज्य के खजाने में राजस्व में वृद्धि होगी। नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग द्वारा कहा गया कि एक अगस्त, 2024 को एक रेपरजेंटेशन प्राप्त हुई थी। जिसमें कहा गया था कि फर्रुखनगर और पटौदी-हेली मंडी के क्षेत्र कम क्षमता वाले क्षेत्र की श्रेणी में आते हैं।

### रिलायंस के मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप के पास हैं ये क्षेत्र

**फर्रूखनगर और पटौदी-हेली मंडी कस्बे गुड़गांव-मानेसर अर्बन कॉम्प्लेक्स (जीएमयूसी) के हाइपर पोटेंशियल जोन के बहुत करीब स्थित हैं। रिलायंस के मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप, केएमपी एक्सप्रेस-वे और तेजी से विकसित हो रहे रेलवे नेटवर्क के कारण फर्रुखनगर ने डेवलपर्स का बहुत ध्यान आकर्षित किया है। इसी तरह, पटौदी-हेली मंडी में भी एनएच-8 और केएमपी एक्सप्रेसवे के करीब होने के कारण विकास की बहुत संभावनाएं हैं। सलिए, फर्रुखनगर और पटौदी-हेली मंडी संभावित क्षेत्रों को अपग्रेड करके, हरियाणा सरकार लाइसेंस शुल्क और बाहरी विकास शुल्क, रूपांतरण शुल्क आदि की दरों में वृद्धि के कारण डेवलपर्स से अधिक राजस्व प्राप्तियां एकत्र करने में सक्षम होगी।**

# शौर्य चक्र विजेता जिले सिंह को नहीं मिली घोषित अनुग्रह राशि

● सेना और पैरामिलिट्री फोर्स शहीदों की अनुग्रह राशि 50 लाख से एक करोड़ की गई

● बोले, ऑपरेशन या ड्यूटी के दौरान सुरक्षा कर्मी की शहादत का पैमाना एक ही हो

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

पटौदी क्षेत्र के सबसे बड़े गांव बोहड़ाकलां चैनपुरा के मूल निवासी सीआरपीएफ में सहायक कमांडेंट शौर्य चक्र विजेता जिले सिंह को अभी तक घोषित अनुग्रह राशि नहीं मिली है। जिले सिंह के मुताबिक पिछले चार वर्ष से उनके द्वारा बकाया अनुग्रह राशि के लिए पत्राचार किया जा रहा है, लेकिन सरकार और विभिन्न संबंधित विभागों के द्वारा संज्ञान नहीं लिया जा रहा।

अब से पहले हरियाणा सरकार द्वारा शौर्य चक्र विजेता को 31 लाख रुपए अनुग्रह राशि देने का प्रावधान था। अब हरियाणा सरकार द्वारा शहीदों की अनुग्रह राशि बढ़ाई जाने का स्वागत किया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना और सीआरपीएफ के शहीदों को अनुग्रह राशि 50 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ रुपए किया जाना सराहनीय है। लेकिन जवानों को सरकार द्वारा पूरा हक दिया जाना चाहिए। उन्हें हरियाणा सरकार द्वारा अनुग्रह राशि में से 700000 ही अनुग्रह राशि देकर बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया। शौर्य चक्र विजेता को कृषि भूमि, फ्लैट या फिर प्लाट देने का भी प्रावधान है। राष्ट्रीय राजमार्ग, सरकारी भवन, किसी सरकारी स्कूल अथवा अस्पताल का नामकरण भी शौर्य चक्र विजेता के नाम पर किया जाने का प्रावधान किया गया है। सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट जिले सिंह हरियाणा प्रदेश के एकमात्र सुरक्षा बल के सुरक्षाकर्मी अधिकारी हैं, जिनको शौर्य चक्र प्राप्त होने का गौरव प्राप्त है।



डा. बीआर अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष नमन करते शौर्य चक्र विजेता जिले सिंह।

**जैश-ए-मोहम्मद के तीन खतरनाक आतंकी मारे थे:** 89-बटालियन सीआरपीएफ में अपनी सेवाएं दे रहे सहायक कमांडेंट जिले सिंह ने जैश-ए-मोहम्मद के तीन बेहद खतरनाक आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा था। यह ऑपरेशन 30 और 31 दिसंबर के बीच 2017 में अंजाम दिया गया। उस समय जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों द्वारा जम्मू कश्मीर में में लेथपुरा सीआरपीएफ के कैंप परिसर में अचानक आतंकी हमला बोल दिया गया। आतंकवादियों ने कैंप में घुसकर तीन निहत्थे सीआरपीएफ जवानों सहित 12 जवानों को अपने कब्जे में कर लिया। कमांडो ट्रेनिंग प्राप्त सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट जिले सिंह को अवंतीपुरा जम्मू कश्मीर कवेट के कमांडर के तौर पर आतंकी हमले को नाकाम करने के आदेश प्राप्त हुए। कई घंटे तक चले इस ऑपरेशन में जिले सिंह के द्वारा तीनों आतंकवादियों को मौत के घाट उतारते हुए सीआरपीएफ के अपने सभी 12 जवानों को सुरक्षित बचा लिया गया। इस जांबाज उपलब्धि को केंद्र में रखकर 26 जनवरी 2019 को उन्हें शौर्य चक्र देने की घोषणा की गई। 19 मार्च 2019 को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शौर्य चक्र से सम्मानित किया।

**50 लाख से एक करोड़ की गई अनुग्रह राशि सराहनीय:** उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों में जवान एक ही उद्देश्य लेकर समाज और देश की सीमा सहित अंतरिक्ष सुरक्षा का संकल्प लेकर ही 24 घंटे सेवा में उपलब्ध रहते हैं। सरकार द्वारा बढ़ाई गई अनुग्रह राशि भविष्य में बहुत से जरूरतमंद और ऐसे परिवारों का आर्थिक सहारा बनेगी, जिनके परिवार में केवल एक मात्र ही सदस्य हैं। वह भी भारतीय सेना या फिर सीआरपीएफ सहित अन्य सुरक्षा बलों में कार्यरत हैं। जिले सिंह ने हरियाणा सरकार द्वारा शहीदों की अनुग्रह राशि 50 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ रुपए किया जाना सराहनीय है।

# प्रधानमंत्री ने की कुरुक्षेत्र की तारीफ

## मन की बात में पीएम बोले, जिले ने मलेरिया की रोकथाम को लेकर पेश किया मॉडल

● मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पंचकूला में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना


प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम सुनने के बाद लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कुरुक्षेत्र में मलेरिया रोकथाम पर किये गए कार्य को पूरे देश के लोगों को मन की बात कार्यक्रम में सुनाया। प्रधानमंत्री ने पूरे देश को बताया कि कुरुक्षेत्र ने मलेरिया को लेकर मॉडल प्रस्तुत किया गया है। यहां पर स्वास्थ्य विभाग हरियाणा की टीम ने मच्छरों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाकर कामयाबी पाई और लोगों को रेडियो व अन्य माध्यमों से संदेश देकर जागरूक करते हुए मलेरिया पर अंकुश लगाने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में हरियाणा राज्य की तारीफ की और भारत में मलेरिया की रोकथाम के लिए उठाए जा रहे कदमों की विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी सराहना की है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को पंचकूला में कार्यकर्ताओं के बीच पहुंच प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 14 जनवरी से प्रयागराज में शुरू होने वाले महाकुंभ के बारे में अवगत करवाया है। यह हमारी संस्कृति और संस्कारों से जुड़ा हुआ अहम विषय है। महाकुंभ में देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है, ये कार्यक्रम प्रेरणादायी भी है। इस कार्यक्रम से हमें खेल, खेती, स्वास्थ्य व रोजगार सहित अनेक क्षेत्रों की अहम जानकारी प्राप्त होती है। किसानों द्वारा किसान उत्पादक संगठन बनाकर सामूहिक कामों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अलावा नई-नई इनोवेशन की भी जानकारी मिलती है। जिन्हें हम अपनाकर आगे बढ़ सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे लोगों के सराहनीय कार्यों को उजागर करने से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया कार्यक्रम भी देश में काफी लोकप्रिय रहा। देश के अनेक लोगों को इसका लाभ मिला।

## भाजपा में संगठन चुनाव की प्रक्रिया शुरू

**चंडीगढ़।** हरियाणा की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुरू किया गया सदस्यता अभियान जहां अंतिम चरण में पहुंच गया है वहीं नए साल में होने वाले संगठन चुनाव की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। रविवार को भाजपा की प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ.अर्चना गुप्ता ने एक आदेश जारी करके राज्य के सभी जिलों में पर्यवेक्षकों की नियुक्तियां की है। जिसके बाद जिला स्तर पर संगठन के पदाधिकारियों का चुनाव करवाया जाएगा।

भाजपा मुख्यालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार पूर्व सांसद सुधा यादव को फतेहाबाद, सिरसा, भिवानी, ओम प्रकाश धनखड़ को पंचकूला, अंबाला व यमुनानगर जिलों का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार रामचंद्र जांगड़ा को कैथल, कुरुक्षेत्र व करनाल, सुरेंद्र पूनिया को सोनीपत, रोहतक, जींद व झज्जर, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा को पानीपत, फरीदाबाद व पलवल, पूर्व मंत्री मूलचंद शर्मा को महेंद्रगढ़ व हिसार, एडवोकेट वेदपाल को गुरुग्राम, नूंह व दादरी जिलों का चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

# क्राइम ब्रांच हथीन व स्वैट टीम मथुरा ने पिकअप लूटकर भाग रहे बदमाश दबोचे

● मुठभेड़ के दौरान तीनों आरोपी गोली लगने से हुए घायल

● पीड़ित के लिए पलवल पुलिस की रात्रि पेट्रोलिंग करती केएमपी पीसीआर बनी मददगार


गोली लगने के बाद बदमाश को सहारा देते जवान।

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

एसपी पलवल चंद्र मोहन के कुशल नेतृत्व में पलवल पुलिस लगातार अपराधियो पर शिकंजा कस रही है। इसी कड़ी मे क्राइम ब्रांच एवीटी हथीन की सूझबूझ व समन्वय बदौलत स्वैट टीम मथुरा ने मुठभेड़ के बाद तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है।

क्राइम ब्रांच एवीटी हथीन प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि मामले में रणबीर निवासी मथुरा ने पुलिस को बताया कि वह एक कंपनी में ड्राइवर के तौर पर काम करता है। वह 28 दिसंबर को सुबह कंपनी से पिकअप में कंपनी का माल भरकर कुंडली व बागपत लेकर गया था। वापसी में शाम के समय के एमपी रोड बादली कट के पास उसे तीन चार युवकों ने रोका और उन्हें होडल मथुरा जाने के लिए मदद के नाते गाड़ी में बैठा लिया। पलवल के निकट केएमपी रोड पर पेशाब करने का बहाना बनाकर गाड़ी को रुकवा लिया और देशी कट्टा हथियार के बल पर उसका फोन, दो हजार रुपये लूट लिया तथा एमपी रोड से नीचे साइड में फेंककर पिकअप लूट ले गए।

कुछ देर बाद पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी आ गई और पेट्रोलिंग गाड़ी ने उसे हाथ-पैर बंधा देखा। पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई।

प्रभारी एवीटी हथीन ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों का पीछा किया गया लेकिन अधिक दूरी होने के चलते उनकी टीम द्वारा गाड़ी की लोकेशन से स्वैट टीम मथुरा को अवगत कराया गया जिन्हें मथुरा टीम ने क्रॉस फायरिंग करके काबू कर लिया।

## 'आर्थिक प्रबंधन से ही सोने की चिड़िया बना था भारत'

**कुरुक्षेत्र।** प्राचीन साहित्य में आर्थिक प्रबंधन से ही भारत सोने की चिड़िया के रूप में विख्यात हुआ है। वेदों, उपनिषदों, अर्थशास्त्र, पुराणों में आर्थिक प्रबंधन की जो व्यवस्था प्रदान की गई है। उसकी बदौलत ही भारत पूरे विश्व में विख्यात हुआ है। 19वीं सदी में पूरे विश्व का एक तिहाई जीडीपी भारत की अर्थव्यवस्था से पैदा हुआ। यह उद्गार सुल्तानपुर प्रशिक्षण केन्द्र के आईपीएस ब्रजेश कुमार मिश्रा ने बतौर मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित भारतीय आर्थिक संघ के 107वां वार्षिक सम्मेलन में रविवार को समापन सत्र में अर्थशास्त्रियों को सम्बोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि महाभारत, गीता में भी आर्थिक प्रबंधन की भारतीय परम्परा को दर्शाया गया है। इसके साथ ही चाणक्य का अर्थशास्त्र सबसे बड़ा प्रमाण है। जरूरत है वर्तमान व प्राचीन अर्थव्यवस्था प्रबंधन में सामंजस्य स्थापित कर नए स्वरूप में प्रस्तुत करने की। कोल्हान विवि के पूर्व कुलपति और ओडिशा के राज्यपाल के सलाहकार प्रो. शुक्ला मोहंती की अध्यक्षता में एनएसई-आईईए वित्तीय अर्थशास्त्र व्याख्यान श्रृंखला आयोजित की गई।

# सपने पूरे करने की प्रेरणा देता है प्रधानमंत्री का कार्यक्रमः पुनिया

● प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने फरीदाबाद विधानसभा के बूथ नंबर 164 पर सुना पीएम मोदी का लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम


मन की बात कार्यक्रम सुनते भाजपा हरियाणा के प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया व अन्य।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

भाजपा हरियाणा के प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया ने फरीदाबाद विधानसभा के अजरौंदा मंडल के बूथ नंबर 164 पर हरियाणा के राजस्व एवं अर्बन लोकल बॉडी मंत्री विपुल गोयल के सेक्टर -16, कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 117 वें एपिसोड को सुना। 'मन की बात' कार्यक्रम की लाइव स्क्रीनिंग में काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और शहरवासियों ने भाग लिया एवं इस साल के अंतिम एपिसोड को देखा और ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, प्रवक्ता बिजेन्द्र नेहरा, भाजपा नेता अमन गोयल, जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा एवं मनोज वशिष्ठ मुख्य तौर पर उपस्थित रहे ।

पूनिया ने कहा कि आज हर भारतवासी गर्व के साथ कहता है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत ही नहीं, बल्कि विश्व के सर्वश्रेष्ठ नेता हैं द्य श्री पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में भारत को जो दूरदर्शी नेतृत्व मिला है, उससे भारत सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध हो चला है। भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी ने एक नई परंपरा को शुरू किया है। इसमें राजनीति से ऊपर उठकर हर बार हर एक एपिसोड में नए विषयों को लेकर अपने विचार भी साझा करते हैं और देशवासियों कुछ सीख भी देते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम से सदैव कुछ नया करने की प्रेरणा मिलती है। मोदी जी का कार्य्रकम मन की बात चुनौतियों से लड़ने और सपनों को पूरा करने की भी प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री ने मन की बात के अपने 117वें एपिसोड में संविधान को अपनी सरकार का मार्गदर्शक बताया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष वजीर सिंह डागर, पंकज सिंगला, जितेन्द्र चौधरी, अनीता शर्मा, प्रवेश मेहता, मंडल अध्यक्ष, कुलदीप साहनी, नीरज मित्तल, सचिन शर्मा, राज मदन सचेत जैन समीर टंडन सचिन शालीन, पुनीता हसिजा, मुनिराज भामरी, प्रभा सोलंकी, भाजपा कार्यकर्त्ता एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

## मन की बात में कुरुक्षेत्र मलेरिया विभाग के कार्यों को जिंदल ने सराहा

● कुरुक्षेत्र के सांसद बोले, स्वास्थ्य क्षेत्र में और अधिक प्रगति के लिए हर संभव संसाधन उपलब्ध कराया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र के मलेरिया विभाग द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। यह कुरुक्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। मलेरिया विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने समर्पण और प्रयासों से मलेरिया के नियंत्रण में उल्लेखनीय कार्य किया है।

मलेरिया विभाग की इस उपलब्धि पर कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल ने मलेरिया विभाग को बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह हमारे क्षेत्र के लिए अत्यंत गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ने कुरुक्षेत्र मलेरिया विभाग के प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी है। यह सफलता टीमवर्क, समर्पण और दृढ़ संकल्प का नतीजा है। मलेरिया विभाग ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक मिसाल कायम की है। यह उपलब्धि न केवल हमारे जिले बल्कि पूरे हरियाणा के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मैं इस अवसर पर विभाग के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को बधाई देता हूं। उनके अथक प्रयासों के कारण आज हमारा क्षेत्र मलेरिया नियंत्रण के क्षेत्र में अग्रणी बन सका है। इस अवसर पर सांसद ने आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में और अधिक प्रगति के लिए हर संभव संसाधन नवीन जिन्दल फाउंडेशन के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने विभाग को इस उत्कृष्ट कार्य को बनाए रखने और स्वास्थ्य के अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह का प्रदर्शन करने की भी सलाह दी। सांसद द्वारा नवीन जिन्दल फाउंडेशन के जरिये कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में स्वस्थ कुरुक्षेत्र-स्वस्थ कैथल अभियान चलाया जा रहा है।

# पूरे साल अपराधियों पर जमकर चला पुलिस का डंडा

● पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

वर्ष 2024 में अपराधिक वारदातों को अन्जाम देने वाले अपराधियों/आरोपियों के खिलाफ गुरुग्राम पुलिस द्वारा उन्हें अपनी गिरफ्त में लिया गया। अनेक अपराधिक प्रवृति के लोग और अपराध की दुनिया में शामिल लोगों को काबू करके उनके भविष्य में अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के मंसूबों को धराशायी किया गया।

एक जनवरी 2024 से 26 दिसंबर 2024 तक गुरुग्राम पुलिस द्वारा कुल 378 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके खिलाफ 270 केस दर्ज किये गये। इन आरोपियों के कब्जे से 1838.606 किलोग्राम गान्जा, 52.043 किलोग्राम चरस/सुल्फा, 613 ग्राम हेरोईन, 505 ग्राम स्मैक, 35 ग्राम कोकीन, 1.643 किलोग्राम अफीम, 13.598 किलोग्राम चुरा पोस्त, 16416 प्रतिबंधित कैप्सूल, 35 प्रतिबंधित इंजेक्शन, 102 ग्राम एमडीएमए व 250.300 किलोग्राम प्रतिबन्धित नशीला बरामद किए गए। इसके अलावा पुलिस द्वारा शस्त्र अधिनियम के तहत 336 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इन आरोपियों के खिलाफ 218 केस दर्ज किये गये। इनके कब्जा से 204 पिस्टल/देशी कट्टा, 10 रिवॉल्वर, 299 जिन्दा कारतूस व छह चाकू बरामद किए गए। पुलिस द्वारा इस साल जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 615 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के खिलाफ 397 केस दर्ज किए गए। उनके कब्जा से जुआ/सट्टा में प्रयोग किए जाने वाले उपकरणों/समान सहित जुआ/ सट्टा में लगाई गई 12 लाख 45 हजार 970 रुपयों की रकम बरामद की गई। इसके अलावा पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 2093 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके खिलाफ 1736 केस दर्ज किये गय। आरोपियों के कब्जे से 65449 बोतलें देशी शराब, 51417 बोतलें अग्रेंजी शराब, 24133 बोतलें बीयर व 3250 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। अनैतिक-व्यापार-निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए केस दर्ज करके 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# तबाह फसलों का 50 हजार रुपए एकड़ मुआवजा दे सरकारः तंवर

● कांग्रेस नेता ने लिया ओलावृष्टि से नष्ट हुई सरसों, गेहूं और सब्जियों की फसलों का जायजा


बारिश के दौरान पड़े ओले व ओलावृष्टि से तबाह हुई सरसो की फसल।

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राकेश तंवर पृथला ने रविवार को कई गावों का दौरा कर जिले में हुई बारिश और भारी ओलावृष्टि से बर्बाद हुई किसानों की फसल का निरीक्षण कर उन्हें ढ़ांढ़स बंधाया। उन्होंने कहा कि भारी ओलावृष्टि से किसानों की गेंहू, सरसों और सब्जियों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। ऐसे सरकार प्रभावित हुई फसलों की विशेष गिरदावरी करवाकर किसानों को उचित मुआवजा प्रदान करे ताकि किसान अगली बिजाई की तैयारी कर सके।

तंवर ने कहा कि किसानों की समस्याओं के प्रति सरकार को गंभीरता से विचार करना होगा, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसानों से अपनी फसल खराबी की आनलाईन जानकारी देने की बात कह रहे हैं वह किसानों के साथ भद्दा मजाक है। सरकार को चाहिए कि जल्द से जल्द जिला प्रशासन के माध्यम से इलाके में हुई फसल खराबी की गिरदावरी कराकर 50 हजार रूपये प्रति एकड का मुआवजा दिया।

कांग्रेस नेता राकेश तंवर पृथला ने कहा है कि जहां-जहां ओले गिरे हैं वहां पर फसलों को तो नुकसान हुआ ही है वहां जमीन गीली रहने से दोबारा बिजाई भी नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के चलते एक ओर तो देश-प्रदेश का किसान परेशान व दुखी है ऊपर से किसानों पर मौसम की भारी मार पड़ी है। ऐसे में सरकार जल्द से जल्द ओलावृष्टि से खराब हुई फसल का कम से कम 50 हजार रुपए प्रति एकड़ तक मुआवजा दे।


ब्रिटिश संसद सदस्य ल्यूक टेलर भगवत गीता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए।

## ब्रिटिश पार्लियामेंट में मनाई गई गीता जयंती

**कुरुक्षेत्र।** अंतरस्तरीय गीता महोत्सव कुरुक्षेत्र की कड़ी को जोड़ते हुए,हर वर्ष की तरह इस बार भी ब्रिटिश पार्लियामेंट में गीता जयंती बड़े उत्साह के साथ मनायी गई। रवि शर्मा जो आयोजक थे, ने इंटरनेशनल गीता जयंती मेला अथॉरिटी के सदस्य सौरभ चौधरी को दूरभाष पर बताया की 11 दिसंबरगीता जयंती दिवस पर को कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में श्लोकोचरण, लघु नाटिका, भजन गायन और संसद सदस्यों,काउंसिल नेताओं, कलाकारों व सामाजिक व धार्मिक विद्वानों के व्याख्यानों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## डा. मनमोहन को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए

**कुरुक्षेत्र।** प्रेरणा वृद्धाश्रम में रविवार को प्रेरणा संस्था के सदस्यों एवं प्रेरणा वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन के निधन पर शोक व्यक्त किया तथा श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# देशभर में पहली बार होगी पर्वतीय जल स्रोतों की गणना

● डिजिटल गणना के जरिये धरातल पर जल संसाधनों की वास्तविक तस्वीर होगी स्पष्ट

● हरियाणा में तालाब, जोहड़ व झरनों की डिजिटल गणना करेंगे ग्राम सचिव व पटवारी

● उत्तर भारत में पर्वतीय क्षेत्र है जलापूर्ति का बड़ा स्रोत, संसाधनों का डाटा उपलब्ध नहीं

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

उत्तर भारत में पर्वतीय क्षेत्र जलापूर्ति का बड़ा स्त्रोत है। यहीं से नदियों, झरनों व नहरों के जरिये मैदानी क्षेत्रों में जलापूर्ति होती है। मगर अभी तक पर्वतीय जल स्त्रोतों की वास्तविक स्थिति जल शक्ति मंत्रालय के पास नहीं है। खासकर जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित जल स्त्रोतों व संसाधनों का कोई डाटा नहीं है।

जल शक्ति मंत्रालय ने देशभर के पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित जल स्त्रोतों व संसाधनों की डिजिटल गणना कराने का फैसला लिया है। चंडीगढ़ में आयोजित जल संसाधनों की डिजिटल गणना को लेकर आयोजित क्षेत्रीय कार्यशाला में मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया गया और जल स्त्रोतों की गणना की रूपरेखा तैयार की गई।

नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में 15 फीसदी आबादी पर्वतीय जल स्त्रोतों पर निर्भर है। पर्वतीय क्षेत्रों की आबादी यहां मौजूद, जल संसाधनों के पानी का पीने से लेकर सिंचाई में उपयोग करते हैं। उन जल स्त्रोतों का पानी पीने लायक है या नहीं, उनमें कौन-कौन से तत्व मिश्रित हैं, जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं या फिर हानिकारक है, इसकी भी वास्तविकता डिजिटल गणना के जरिये सामने आएगी।

जल संसाधन विभाग, नदी विकास और गंगा संरक्षण, लघु सिंचाई प्रकोष्ठ की उप महानिदेशक प्रियंका कुलश्रेष्ठ के मुताबिक जल संसाधनों की डिजिटल गणना का उद्देश्य जल संसाधनों व निकायों की वास्तविक स्थिति के साथ जल दोहन और भूजल स्तर का भी आकलन होगा। तीन दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और चंडीगढ़ के मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया।

डिजिटल गणना से केंद्र व राज्य सरकार के पास जल संसाधनों का पूरा डाटा होगा, जिससे आगामी जल संबंधित योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में मदद मिलेगी। खासकर, भू-जल दोहन से डार्क जोन में पहुंच चुके क्षेत्रों के लिए नई योजनाओं में मददगार साबित होगी। डिजिटल गणना के दौरान पंचायती राज मंत्रालय की एलजीडी (स्थानीय शासन निर्देशिका) का प्रयोग किया जाएगा, इसमें हर राज्य का भूमि क्षेत्र, राजस्व, नगरपालिका, निगम व वार्ड सहित पंचायतों को यूनिक आईडी दी गई है। जल संसाधन विभाग की ओर से सातवीं लघु सिंचाई गणना, दूसरी जल निकायों की गणना, पहली मध्यम एवं वृहद सिंचाई गणना एवं पहली जल स्त्रोतों की गणना संदर्भ वर्ष 2023-24 के साथ सम्पूर्ण डिजिटल प्रणाली में पूरे भारत वर्ष में करवाने का फैसला लिया गया है।

### केंद्र व राज्य सरकार तैयार करेंगी योजनाएं

**जल संसाधन विभाग की उप महानिदेशक प्रियंका कुलश्रेष्ठ ने बताया कि जल स्त्रोतों की डिजिटल गणना से केंद्र सरकार के पास जल संसाधनों व निकायों का पूरा डाटा होगा। इसी डाटा के आधार पर केंद्र व राज्य सरकार आगामी जल योजनाएं तैयार करेंगी। डिजिटल गणना से उन जल संसाधनों को भी नई पहचान मिलेगी, जो लुप्त होने की कगार पर पहुंच चुके हैं। हर वर्ष बारिश से जल स्त्रोतों व निकायों का कितना जल स्तर बड़ा और सूखे का कितना असर पड़ा, इन तमाम तथ्यों की सटीक जानकारी केंद्र के पास होगी।**

### पटवारी व ग्राम सचिव संभालेंगे गणना का जिम्मा

**भू-अभिलेख विभाग के डीआरओ तरुण ने बताया कि कार्यशाला का आयोजन जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन विभाग भारत सरकार और राजस्व विभाग के भू-अभिलेख विभाग द्वारा संयुक्त तत्वाधान में किया गया। भू-अभिलेख विभाग के निदेशक डॉ. यशपाल ने मुख्य मेहमान के तौर पर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया था। हरियाणा में जल संसाधनों की गणना को लेकर मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया गया है। यह मास्टर ट्रेनर जिला व ब्लाक स्तर पर डिटिजल गणना को लेकर प्रशिक्षण देंगे। प्रदेश में जल संसाधनों की गणना पटवारी व ग्राम सचिव की ओर से की जाएगी।**

## साइकिल को दिनचर्या में शामिल करें: यशवीर

**कुरुक्षेत्र।** सेवानिवृत्त जिला खेल अधिकारी यशवीर सिंह ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में साइकिल को अपनाना चाहिए। जो व्यक्ति रोज़ाना साइकिल चलाएगा वह व्यक्ति बीमारियों से हमेशा दूर रहेगा। सेवानिवृत्त डीएसओ यशवीर सिंह रविवार को भारतीय खेल प्राधिकरण कुरुक्षेत्र में फिट इंडिया साईकिलिंग अभियान के दूसरे कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। इससे पहले सेवानिवृत्त डीएसओ यशवीर सिंह , साई कुरुक्षेत्र के सहायक निदेशक बाबू राम रावल, साईकिलिंग के चीफ कोच कुलदीप सिंह वडैच, साई के भूतपूर्व चीफ कोच गुरविन्द्र सिंह ने फिट इंडिया साईकिलिंग रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया। अहम पहलु यह है कि यशवीर सिंह सहित दर्जनों साईकिलिंग खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों ने 5 किलोमीटर साईकिल चलाकर नागरिकों को आधुनिक दौर में फिर से साईकिल को अपनाकर हमेशा फिट रहने का संदेश भी दिया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की श्री उदल पुत्र श्री रामपाल, 146-2/3 वर्ग गज और 51 वर्ग गज क्षेत्रफल वाले भूखंड के मालिक हैं, जो कि गाटा संख्या 436 से लिया गया है और सीमा नगर पालिका, परगना और तहसील हापुड़, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश के अंतर्गत आता है, तथा इसे बिक्री विलेख दिनांक 09.01.1985 (दस्तावेज संख्या 232) और बिक्री विलेख दिनांक 25.11.1994 (दस्तावेज संख्या 3562) के आधार पर अर्जित किया गया है, जो कि उपपंजीयक-हापुड़ में पंजीकृत है। स्वर्गीय श्री रामपाल पुत्र श्री मोजी का मृत्यु प्रमाण पत्र और जीवित सदस्य प्रमाण पत्र हमारे मुवक्किल के पास उपलब्ध नहीं है। हमारे मुवक्किल श्री कुलदीप पुत्र श्री उदल (आवेदक), श्रीमती दीपा पत्नी श्री कुलदीप (सह-आवेदक) तथा श्री उदल पुत्र स्वर्गीय श्री रामपाल(सह-आवेदक) हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से वित्तीय सहायता के बदले उक्त संपत्ति को गिरवी रखने जा रहे हैं। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के स्वामित्व और/या गिरवी रखने के संबंध में कोई आपत्ति है, तो उनसे अनुरोध है कि वे नीचे दिए गए पते पर 10 दिनों के भीतर लिखित रूप से सूचित करें।

NCR LAW ASSOCIATES
Advocates & Consultants A-98, Sector-9, New Vijay Nagar, Ghaziabad, (U.P.)-201009,
MOB- 9999826427, 9999721152

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की हलीमा खातून जो कि खुरेजी खास गांव में गली नंबर 6, आयत संख्या 26 और किल्ला संख्या 03, राशिद मार्केट एक्सटेंशन, इलाका शाहदरा, दिल्ली-110051 की आबादी में स्थित, 50 वर्ग गज क्षेत्रफल वाली संपत्ति संख्या ए-72 का हिस्सा, छत के अधिकार सहित तीसरी मंजिल को नरगिस जहां पत्नी अंसार अली से खरीद रही हैं, जिन्होंने उप-पंजीयक-VIII-दिल्ली के कार्यालय में पंजीकृत दिनांक 08.12.2023 (दस्तावेज संख्या 11565) के सेल डीड के आधार पर उक्त संपत्ति मुस्ताक, इस्लामुद्दीन और फिरोज सभी पुत्र स्वर्गीय मुख्तयार अहमद द्वारा अर्जित की है। शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से वित्तीय सहायता के बदले इसे गिरवी रखने का इरादा है। स्वर्गीय नूरजहाँ पत्नी स्वर्गीय मुख्तियार अहमद, स्वर्गीय मुख्तियार अहमद पुत्र स्वर्गीय बशीर अहमद और स्वर्गीय शबाना पुत्री स्वर्गीय मुख्तियार अहमद का जीवित सदस्य प्रमाणपत्र विक्रेता यानी नरगिस जहान पत्नी श्री अंसार अली के पास उपलब्ध नहीं है। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के स्वामित्व और/या गिरवी रखने के संबंध में कोई आपत्ति है, तो उनसे अनुरोध है कि वे नीचे दिए गए पते पर 07 दिनों के भीतर लिखित रूप में हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।

NCR LAW ASSOCIATES
Advocates & Consultants A-98, Sector-9, New Vijay Nagar, Ghaziabad, (U.P.)-201009,
MOB- 9999826427, 9999721152

**सार्वजनिक सूचना**

दि उत्तर भारत जी०ई० कोआपरेटिव ग्रुप हाऊसिंग सोसाइटी लिमिटेड, प्लाट-361, बी-ब्लाक बेसमेंट नजदीक अंबराही गांव सेक्टर-19 द्वारका दिल्ली-110075 DCS नियम 2007 की धारा 19(2) का अनुसरण करते हुए दिल्ली की जनता से जो कि DCS नियम 2007 की धारा 19 व 20 की सभी शर्तों को पूरा करती है, दि उत्तर भारत जी०ई० कोआपरेटिव ग्रुप हाऊसिंग सोसाइटी लिमिटेड,(Regd. No. 973) प्लाट-361,बी-ब्लाक बेसमेंट नजदीक अंबराही गांव सेक्टर-19 द्वारका दिल्ली-110075 में सात रिक्त सदस्यता जो कि सदस्यों के सोसाइटी में त्यागपत्र देने के कारण उत्पन्न हुई है,के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।इच्छुक व्यक्ति,सोसाइटी आफिस से 30.12.2024 से 31.12.2024 प्रातः 11 बजे से 2 बजे के बीच 500/- नकद देकर आवेदन पत्र प्राप्त कर,उसे पूर्णरूप से भरकर दस्तावेजों सहित उसके साथ 20,12,110/-(रुपये बीस लाख बारह हजार एक सौ दस) दि उत्तर भारत गावर्मेंट इम्पलाइज कोआपरेटिव ग्रुप हाऊसिंग सोसाइटी लिमिटेड,के नाम का पे आर्डर/डिमांड ड्राफ्ट के साथ जमा करें,(इस राशी में अंशराशी,प्रवेश शुल्क, भूमि राशी तथा भूमि ब्याज राशी शामिल है),आवेदन करने की अंतिम तिथि 03.01.2025 समय 11.00 AM - 2.00 PM है । रिक्तियों से अधिक आवेदनपत्र प्राप्त होने पर रजिस्टार को-आपरेटिव सोसाइटी,NCT दिल्ली सरकार,ओल्ड कोर्ट बिल्डिंग,संसद मार्ग,नई दिल्ली 110001 के निरिक्षण में ड्रा करवाया जाएगा, आवेदकों को ड्रा से संबधित सूचनाओं के बारे में सूचित कर दिया जाएगा, असफल आवेदक ड्रा के 1 सप्ताह बाद अपने पे आर्डर/डिमांड ड्राफ्ट सोसाइटी आफिस से ले सकते हैं।

सचिव- दि उत्तर भारत जी०ई० कोआप ग्रुप हाऊसिंग सोसाइटी लि०

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I hitherto known as ANU MEHROTRA, W/o MANUJ SETH, R/o Flat No 1201, Tower C4, Puri Pranayam Sec 82-85, Faridabad Haryana-121002, have changed my name and shall hereafter be known as ANU SETH.

PD(1168)C

I hitherto known as RAMLATA SHARMA alias EESHA SHARMA, W/o CHANDER VEER, R/o 1338 P, Near Sindhu Market, Sector 64, Ballabgarh, Faridabad, Haryana - 121004, have changed my name and shall hereafter be known as EESHA SHARMA.

PD(1169)C

I hitherto known as RAJEEV WADHAWAN alias RAJIV WADHAWAN, S/o D.P WADHAWAN, R/o 37, 19, Old Faridabad, Faridabad, Haryana-121002, , have changed my name and shall hereafter be known as RAJIV WADHAWAN.

PD(1170)C

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 30 दिसम्बर 2024



# डॉ मनमोहन सिंह

## शानदार विरासत

**डॉ.** मनमोहन सिंह अनिच्छा से राजनीति में आए दृढ़ नेता और सज्जन व्यक्ति थे। उन्होंने अपने पीछे शानदार विरासत छोड़ी है। दूरगामी दृष्टिकोण तथा राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता वाले डा. मनमोहन सिंह अब हमारे बीच नहीं हैं। 26 दिसंबर, 2024 को 92 वर्ष की आयु में उनका देहान्त हो गया। अखिल भारतीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान में अंतिम सांस लेने वाले डा. सिंह भारतीय राजनीति और अर्थनीति के कद्दावर व्यक्तित्व थे। उनके निधन से वह युग समाप्त हो गया है जिसकी पहचान विनम्रता, बौद्धिकता तथा राष्ट्र-निर्माण के प्रति अडिग प्रतिबद्धता से होती थी। भारत के आर्थिक और राजनीतिक परिदृश्य में डा. मनमोहन सिंह का असाधारण योगदान है। प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री के रूप में 1991 में उनके कार्यकाल को भारत में आर्थिक सुधारों का युग माना जाता है। उनको योगदान परिवर्तनकारी था। ऐसे समय जब भारतीय अर्थव्यवस्था दीवालिया होने के कगार पर थी, मनमोहन सिंह ने अर्थव्यवस्था के उदारीकरण हेतु साहसिक कदम उठाए, लाइसेंस परमिट राज समाप्त किया तथा विदेशी निवेश के लिए दरवाजे खोले। इन सुधारों ने भारत को न केवल आर्थिक संकट से बचाया, बल्कि दशकों तक जीवन्त प्रगति तथा विकास का चरण शुरू किया। अपने कार्यकाल में उन्होंने रुपये के अवमूल्यन, टैक्सों के आधुनिकीकरण, सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के निजीकरण तथा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई को प्रोत्साहित करने जैसे नीतिगत कदम उठाए। इन पहलकदमियों ने भारत को विश्वस्तरीय अर्थव्यवस्था के रूप में बदलने का काम किया तथा देश के एक सर्वाधिक सम्मानित अर्थशास्त्री के रूप में उनकी छवि मजबूत की।



अनिच्छा से राजनीति में आने वाले डा. सिंह का राजनीतिक जीवन महत्वाकांक्षाओं के बजाय कर्तव्य की भावना से संचालित था। 2004 में उन्होंने कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-संप्रग सरकार में प्रधानमंत्री का दायित्व संभाला और उसी प्रतिबद्धता व दृष्टिकोण से काम किया जो अर्थशास्त्री के रूप में उनके कॅरियर द्वारा परिभाषित था। 2014 तक लगातार दो कार्यकाल प्रधानमंत्री रहने वाले मनमोहन सिंह का नेतृत्व विनम्रता एवं दृढ़ता से रेखांकित था। उनके कार्यकाल का एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्षण 2008 में भारत-अमेरिका नाभिकीय समझौता था। इस उल्लेखनीय समझौते से उनका साहस और प्रतिबद्धता प्रकट होती है। वाम मोर्चा से कठोर विरोध और उसकी समर्थन वापसी के बावजूद मनमोहन सरकार समाजवादी पार्टी के समर्थन से विश्वास मत प्राप्त करने में सफल रही। इस समझौते ने विश्व मंच पर भारत का दर्जा ऊंचा किया तथा यह राष्ट्र के रणनीतिक हितों के प्रति अडिग प्रतिबद्धता का प्रतीक बना। डा. सिंह को आमतौर से 'सज्जन नेता' तथा ऐसे निष्ठावान नेता के रूप में परिभाषित किया जाता है जिन्होंने टकराव के बजाय संवाद को वरीयता दी। अपनी उल्लेखनीय विनम्रता के बावजूद वे सिद्धान्तों के मामले में बहुत दृढ़ थे। अपने पूरे कॅरियर में उनको न केवल अपनी प्रतिभा, बल्कि नैतिक रुझान के कारण सभी दलों में सम्मान प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल की कथित निष्क्रियता के कारण आलोचना होती हे, पर उनके शांत स्वभाव व दृढ़ प्रतिबद्धता ने भारतीय प्रशासन पर अमिट छाप छोड़ी। डा. मनमोहन सिंह के निधन पर पूरे देश में सात दिन शोक की घोषणा की गई है। पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार राजधानी दिल्ली में किया गया। दूरदर्शी नेता व विद्वान अर्थशास्त्री के रूप में डा. मनमोहन सिंह के निधन ने ऐसा खाली स्थान छोड़ा है जिसकी पूर्ति कठिन है। भारत की प्रगति में उनके योगदान तथा निस्वार्थ सेवा का उनका उदाहरण लंबे समय तक आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा। ऊं शांति।

# शेख हसीना के प्रत्यर्पण का विरोध

**बांग्लादेश द्वारा शेख हसीना के प्रत्यर्पण की प्रार्थना पर भारत को महत्वपूर्ण निर्णय लेना है। पूर्व प्रधानमंत्री व भारत की अभिन्न मित्र हसीना के प्रत्यर्पण का घोर विरोध जरूरी है।**



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक, दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



**बांग्**लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा शेख हसीना के प्रत्यर्पण हेतु प्राप्त 'नोट वर्बेल' की प्रार्थना पर शेख हसीना को बांग्लादेश वापस नहीं भेजा जाना चाहिए। ढाका ने यह कदम उनके तथा उनके अनेक पूर्व मंत्रियों, सलाहकारों तथा सैनिक व सिविल अधिकारियों के खिलाफ बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध ट्राइब्यूनल-आईसीटी द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के बाद उठाया गया है। इसमें 'मानवता के खिलाफ अपराध व नरसंहार' का आरोप लगाया गया है। दो मुख्य कारणों के आधार पर भारत को उनको वापस नहीं भेजना चाहिए। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के रूप में वे भारत की अभिन्न मित्र रही हैं, जबकि उस देश की सरकार के अन्य प्रमुख उनके पिता शेख मुजीबुर रहमान को छोड़ कर भारत के प्रति मित्रतापूर्ण नहीं रहे हैं।

दूसरा, उनको किसी प्रकार भी बांग्लादेश में न्यायोचित सुनवाई की उम्मीद नहीं है और शायद बांग्लादेश के वर्तमान शासकों की उनके प्रति शत्रुता को देखते हुए उनको फांसी दी जा सकती है। भारत के दृष्टिकोण का ठोस विधिक आधार है। 'भारत गणराज्य तथा बांग्लादेश लोक गणराज्य के बीच प्रत्यर्पण संधि' के अनुच्छेद 8-1-ए में कहा गया है कि किसी व्यक्ति का प्रत्यर्पण नहीं किया जा सकता है यदि 'वह संबंधित राज्य को यह संतुष्ट कर दे कि सभी परिस्थितियों को देखते हुए उसका प्रत्यर्पण अनुचित या उसके प्रति उत्पीड़नकारी होगा या यह न्याय के हित में अच्छे विश्वास से नहीं किया गया है'। अनुच्छेद 8-1-ए-3 के शब्दों में उनके खिलाफ आरोप 'न्याय के हित में अच्छी भावना से नहीं किए गए हैं।' अनुच्छेद 8-2 के शब्दों में 'प्रत्यर्पण के अपराध में दोषी किसी व्यक्ति का प्रत्यर्पण तब तक नहीं किया जा सकता है जब तक उसे चार महीने या उससे अधिक की सजा या हिरासत की सजा दी गई हो।'

हालांकि, शेख हसीना को अब तक जेल या हिरासत की सजा नहीं दी गई है, पर वे इसके बावजूद अपने प्रत्यर्पण के 'अनुचित या उत्पीड़क' होने का दावा कर सकती हैं क्योंकि उनके खिलाफ आरोप 'न्याय के हित में अच्छी भावना से' नहीं लगाए गए हैं और वे पूर्णत: बदले की भावना से संचालित हैं। इसे देखते हुए उनका यह कहना भी उचित है क्योंकि उनके खिलाफ अंतरिम सरकार के सलाहकारों ने एक अभियान छेड़ रखा है और उनके खिलाफ अभियोजन चलाए जा रहे हैं। इनमें अवामी लीग के नेताओं और उनकी पार्टी की सरकार में मंत्री रहे लोगों के खिलाफ सैकड़ों फर्जी मामले शामिल हैं। 'द डेली स्टार' में 18 अगस्त, 2024 को 'नो आप्शन बट टु सक्सीड: यूनुस' शीर्षक से प्रकाशित रिपोर्ट में मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने ढाका में विदेशी राजनयिकों के साथ 'मीट एंड ग्रीट' सत्र में कहा, 'सत्ता में बने रहने के प्रयासों के अंतर्गत शेख हसीना की तानाशाही ने देश के हर संस्थान को नष्ट कर दिया। न्यायपालिका को तोड़ा गया। डेढ़ दशक लंबी बर्बर कार्रवाई से लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन किया गया। चुनावों में धड़ल्ले से धांधली की गई। नौजवानों की कई पीढ़ियों को उनके मताधिकार से वंचित किया गया। बैंकों में राजनीतिक संरक्षण में डकैती डाली गई तथा सत्ता का दुरुपयोग कर राज्य का खजाना लूट लिया गया।'

अवामी लीग द्वारा 10 नवंबर, 2024 को प्रस्तावित रैली का संदर्भ देते हुए मुहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने 9 नवंबर को फेसबुक पोस्ट में लिखा, 'वर्तमान स्वरूप में अवामी लीग एक फासिस्ट पार्टी है। इस फासिस्ट पार्टी को बांग्लादेश में विरोध प्रदर्शन आयोजित करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। रैली आयोजित करने का प्रयास करने, एकत्र होने तथा प्रदर्शन के आदेश जनता की हत्यारी और तानाशाह शेख हसीना से लेने वाले किसी व्यक्ति को कानून लागू करने वाली एजेंसियों की पूरी शक्ति का मुकाबला करना होगा।'

1 जुलाई, 2024 को छात्र संघर्ष आगे बढ़ाने के लिए गठित 'एंटी-डिस्क्रिमिनेशन स्टूडेंट्स मूवमेंट'-एडीएसएम तथा 8 सितंबर 2024 को गठित जातीय नागरिक कमेटी ने आंदोलन का संदेश व राजनीतिक लक्ष्य मजबूत करने के लिए ऐसी ही कठोर व अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया है। 23 अक्टूबर, 2024 को 'द ढाका ट्रिब्यून' में प्रकाशित अशीबुल इस्लाम रिफ्त की 'नाहीद: अवामी लीग को अब कभी उसके जीवन में राजनीति में वापस आने की अनुमति नहीं' शीर्षक वाली रिपोर्ट में एडीएसएम नेता तथा अब सूचना एवं प्रसारण तथा अन्य मंत्रालयों के एक सलाहकार मुहम्मद नसीम ने कहा कि पहले के तरीकों और विचारधारा वाली अवामी लीग की राजनीति में वापसी 'विद्रोह के शहीदों का अपमान होगा। निश्चित रूप से जब तक हम जीवित हैं, हम इसकी अनुमति नहीं देंगे।' बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और बांग्लादेश जमाते इस्लामी जैसी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने भी अवामी लीग की निन्दा की है। ऐसे में यह तर्क दिया जा सकता है कि आईसीटी या किसी अन्य अदालत में सुनवाई की स्थिति में शेख हसीना और अन्य आरोपियों को प्रमाणों और तर्कों के आधार पर न्याय प्राप्त होने की उम्मीद नहीं है क्योंकि उनके खिलाफ ऐसे जहर भरे बयान और घोषणायें की जा रही हैं।

शेख हसीना तथा उनके सहयोगियों के खिलाफ जारी बयानबाजी से कोई भी आश्चर्यचकित हो सकता है। न्यायपालिका में जबरन लोगों को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया है या उनको बर्खास्त कर दिया गया है। इस प्रक्रिया की शुरुआत 10 अगस्त, 2024 को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस ओबेदुल हसन तथा पांच अन्य जजों को इस्तीफे के लिए मजबूर किए जाने से हुई। एडीएसएम से जुड़े सैकड़ों छात्र अदालत परिसर में एकत्र हो गए और उन्होंने उनके इस्तीफे की मांग करते हुए धमकी दी कि ऐसा न करने पर उनके घरों का घेराव किया जाएगा।

16 अक्टूबर को नए मुख्य न्यायाधीश सैयद रफत अहमद ने उच्च न्यायालय के 12 न्यायाधीशों को छुट्टी पर भेज दिया जिनकी नियुक्ति शेख हसीना नीत अवामी लीग शासनकाल में हुई थी। बांग्लादेश के 'द बिजनेस स्टैंडर्ड' में 16 अक्टूबर को प्रकाशित एक रिपोर्ट में हसनत अब्दुल्ला तथा सरजीस आलम के नेतृत्व में एडीएसएम के समर्थकों ने अदालत परिसर में इनके खिलाफ प्रदर्शन किया था। हसनत अब्दुल्ला ने 15 अक्टूबर को अपनी योजना की घोषणा करते हुए फेसबुक पर लिखा था, 'अवामी लीग के फासिस्ट जजों के इस्तीफे की मांग करते हुए हम कल 11 बजे उच्च न्यायालय का घेराव करेंगे।' 15 अक्टूबर, 2024 को आईसीटी का पुनर्गठन किया गया तथा अब बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट के हाईकोर्ट डिवीजन के जस्टिस मुहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार इसके प्रमुख हैं। इसके साथ ही समिति में जस्टिस मुहम्मद शफीकुल आलम मुहम्मद तथा सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुहम्मद मोहितुल हक इनाम चौधरी को सदस्य बनाया गया है। इस प्रकार 'आज्ञाकारी न्यायपालिका' तथा न्याय व्यवस्था का प्रयोग न केवल अवामी लीग, बल्कि सिविल सोसाइटी एक्टिविस्टों, लेखकों, पत्रकारों तथा मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के अभियोजन में किया जा रहा है।

इसका एक हृदयविदारक उदाहरण बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट के अत्यधिक सम्मानित वरिष्ठ वकील ज़ी. खान पन्ना हैं। 'द डेली स्टार' ने अपने 'कानूनी मामलों का हथियार की तरह प्रयोग बंद हो' शीर्षक वाले संपादकीय में 21 अक्टूबर, 2024 को लिखा, '5 अगस्त के बाद पिछले दो ढाई महीने से हमने बिना प्रमाण के ऐसे हत्या के मामले बेलगाम ढंग से दर्ज कराने पर अनेक रिपोर्टें छापी हैं। इनमें मुख्यत: अवामी लीग सरकार के नेताओं, एक्टिविस्टों और संदिग्ध समर्थकों को फंसाया गया है। यहं तक कि पत्रकारों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को भी नहीं छोड़ा गया है। अनेक मामलों में फर्जी एफआईआर दर्ज की गई हैं। ऐसे भी उदाहरण हैं कि 5 अगस्त से पहले दर्ज मामलों में आरोपियों के नाम बदले गए हैं। यह उत्पीड़न तथा राजनीतिक बदले की कार्रवाई से विधिक प्रक्रिया का उत्पीड़न के लिए हथियार बनाने के सिवा और कुछ नहीं है।' क्या शेख हसीना को बांग्लादेश में इन स्थितियों में न्याय मिल सकता है?

# सत्ता प्राप्त करने की लालसा

**"क्या होगा यदि उपाधियों और उपाधियों का यह उन्मादी लालच सामुदायिक जीवन के अगले और शायद अंतिम गढ़, घर पर आक्रमण कर दे।"**

**एपीएस मल्होत्रा**
(लेखक, स्वतंत्र स्तम्भकार हैं)



**मैं** आपका समर्थन और बहुमूल्य वोट मांगने आया हूं, क्योंकि मैंने फिर से चुनाव लड़ने का फैसला किया है, चश्मा पहने, भारी भरकम, मध्यम आयु वर्ग के व्यक्ति ने - ऑफ-व्हाइट सफारी सूट पहने हुए - बड़े ही गर्व के साथ कहा, जब वह मेरे घर के दरवाजे पर हाथ जोड़कर खड़ा था, चारों ओर चर्चों की भीड़ थी, जिन्होंने उचित रूप से एक साथ अपना सिर हिलाया। किस पुनर्निर्वाचन के लिए वोट दें?

मैंने अपनी धीमी आवाज़ में कहा, एक आलसी रविवार की सुबह मेरी निजता में अनावश्यक घुसपैठ से चिढ़कर। मैं राष्ट्रपति हूं उसने शर्मिंदगी से जवाब दिया, शायद मेरे बेपरवाह जवाब से हैरान हो गया। उन्होंने कहा, मैंने इस साल के चुनाव में न खड़े होने का फैसला इसलिए किया था क्योंकि मेरे पेशेवर और व्यक्तिगत दायित्व बढ़ गए थे- दरअसल मैं किसी युवा को जिम्मेदारी सौंपना चाहता था और खुद को पीछे रखना चाहता था- लेकिन साथी निवासियों के भारी दबाव के कारण मुझे झुकना पड़ा, जो चाहते थे कि मैं अगले तीन साल तक पार्टी का नेतृत्व करूं। उनकी आवाज में अपने समर्थकों के लिए उदारता और उपकार का मिश्रण था और साथ ही एक अनुभवी राजनेता की चालाकी भी।

लेकिन क्या श्रीमती द्रौपदी मुर्मू राष्टपति नहीं हैं? मैंने उनकी टांग खींचने की कोशिश करते हुए कहा। मल्होत्रा ? जी, मैं पिछले कई सालों से हमारे रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्लूए) का अध्यक्ष हूं, उन्होंने कहा, वे हैरान थे, थोड़ा गुस्सा थे और निश्चित रूप से इस बात से बहुत आहत थे कि मैं उन्हें पहचान नहीं पाया, और इससे भी बदतर, उनके खुद के द्वारा बनाए गए उच्च दर्जे को स्वीकार नहीं कर पाया। हालांकि मैंने उन्हें उसी क्षण पहचान लिया था जब उन्होंने मेरे घर की घंटी बजाई थी, और मैंने उनका सामना करने के लिए सामने का दरवाज़ा खोला था, लेकिन उन लोगों के प्रति मेरी जन्मजात घृणा जो अपना प्रभाव दिखाना और बेवजह की उपाधियाँ दिखाना पसंद करते हैं, अपनी पूरी कड़वाहट के साथ सामने आ गई।



फिर भी, यह महसूस करते हुए कि वह व्यक्ति मेरी चालों से लगातार परेशान हो रहा था, मैंने उनके पक्ष में अपना वोट देने का वादा करके स्थिति को संभाला और उनके महामहिम को पहचानने में अपनी विफलता के लिए उनसे बहुत माफी मांगी, इस बहाने से कि मेरी पत्नी हमारे परिवार का बाहरी बातचीत के लिए चेहरा है, जबकि मैं खुद को पढ़ने और लिखने जैसे सांसारिक कामों में व्यस्त रखता हूँ। आश्चर्य की बात नहीं है कि इतिहास की शुरुआत से ही सत्ता के केंद्र में बैठे मेरे प्यारे दिल्ली के निवासियों में पदों और उपाधियों के प्रति गहरी दिलचस्पी है- जो कि बहुत कम संख्या में उपलब्ध हैं- और उन्हें दिखाने में मर्दाना और विकृत गर्व महसूस करते हैं, उसी उत्साह के साथ जैसे एक बच्चा अपने खिलौने को दिखाता है, हालांकि उतनी मासूमियत के साथ नहीं।

यह तथ्य सड़क किनारे लगे बोर्ड और कार नंबर प्लेट के रूप में सामने आता है, जिन पर अक्सर अस्पष्ट शीर्षक होते हैं- जैसे कि सचिव, युवा मीडिया सेल, एबीसी पार्टी, बी-ब्लॉक, गांव। मुगलों और ब्रिटिश साम्राज्यवादियों के युग से आगे बढ़ते हुए, यह कम से कम उस सर्कल में बहुप्रतीक्षित वीवीआईपी दर्जा पाने की एक हताश कोशिश है, जिसमें कोई काम करता है। इस प्रकार, आरडब्ल्यूए के सदस्यों को ढूंढना कोई नई बात नहीं है जो अपने संघों में आभासी जागीर चलाते हैं, शायद समुदाय की सेवा में की गई स्वैच्छिक सेवा के बदले में। सुविधाओं में नि:शुल्क कार धुलाई और कपड़े धोने की सुविधा, स्वयंभू महाराजाओं के निवास के निकट निधियों का उपयोग, इत्यादि शामिल हो सकते हैं।

कोई केवल अनुमान लगा सकता है कि क्या होगा यदि उपाधियों और उपाधियों का यह उन्मादी लालच सामुदायिक जीवन के अगले और शायद अंतिम गढ़, घर पर आक्रमण कर दे। तब, व्यक्तिगत आवासों के बाहर नाम बोर्ड इस तरह से देखना कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी- 1/103, बेवर्ली पार्क- एपीएस मल्होत्रा, अध्यक्ष; सोनिया मल्होत्रा उपाध्यक्ष; डॉ. महक मल्होत्रा, सचिव (अनुपस्थिति में)। मातृसत्तात्मक प्रवृत्ति वाले परिवारों में, पदनामों को उलट दिया जा सकता है। खैर, एक विचार करने लायक है!

## आप की बात

### बांग्लादेशी हिंदू

**बांग्लादेश** के वर्तमान हालात बद-से-बदतर होते जा रहे हैं। बेहद अफ़सोस की बात है कि समग्र विश्व के साथ-साथ भारत सरकार भी बांग्लादेशी हिन्दुओं की निर्मम प्रताड़ना को मुकदर्शक बने देख रही है। बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के साथ जो हिंसा हो रही है, उसे हर हाल में रोकने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए। फिलहाल वहां से प्रताड़ित होकर भारत आने के इच्छुक लोगों को शरण दी जाए और उनके रहने-खाने की व्यवस्था की जाए। बांग्लादेश सरकार को हिंदू समुदाय के अधिकारों और उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी उठानी चाहिए। भारत और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठन बांग्लादेशी सरकार पर दबाव डाल सकते हैं, ताकि वे धार्मिक भेदभाव, हिंसा और उत्पीड़न के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। बांग्लादेश के अधिकारियों को यह समझाना होगा कि उनकी संविधान और मानवाधिकारों की रक्षा करना उनका कर्तव्य है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न रोकने एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार हर संभव प्रयास करे। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से भी ऐसी घटनाओं को रोकने की सख्त चेतावनी देनी चाहिए। विश्व समुदाय प्रताड़ना के शिकार बने अल्पसंख्यक समुदाय के साथ एकजुट होकर खड़ा हो एवं बांग्लादेश सरकार से समन्वय स्थापित कर शांति बहाली के लिए नीति तैयार करें।

– आदित्य राज सोनी

### स्मारक पर राजनीति

**देश** की राजधानी में महात्मा गांधी के स्मारक राजघाट से लेकर सैकड़ों एकड़ में अनेक स्मारक बने हैं। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की मृत्यु के उपरांत जिस प्रकार से उनका स्मारक बनाने के लिए राजनीति की गई, उससे लगता है कि देश में हर मुद्दे पर राजनीति ही सर्वोपरि है। विडम्बना है कि स्वाधीनता के उपरांत दिल्ली के मुख्य मार्ग पर राजघाट के इर्द गिर्द सैकड़ों एकड़ भूमि कुछ प्रधानमंत्रियों, कुछ मंत्रियों और कुछ सांसदों के नाम पर समाधि बनाने के लिए घेरी गई है तथा वर्तमान में भी समाधियों के नाम पर राजनीति जारी है। कौन नही जानता कि समय समय पर सभी प्रधानमंत्रियों ने राष्ट्र के प्रति पूर्ण समर्पण व निष्ठा से कार्य किया है, जिनमें से कुछ की मृत्यु के उपरांत समाधि के नाम पर सैकड़ों एकड़ भूमि आवंटित की गई तथा राजघाट, शांति वन, शक्ति स्थल के नाम से स्मारकों का निर्माण किया गया। विचारणीय बिंदु यह है कि किसी भी मृतक जननायक के स्मारक बनाने के लिए कौन कौन से मानक बिंदु निर्धारित किए गए हैं ? जिन जननायकों के स्मारक स्थल नही बनाए गए, उसके पीछे क्या कारण रहे? लगता है कि आज के परिवेश में स्मारक स्थलों के नाम पर मनमाने ढंग से भूमि आवंटित किया जाना अनुचित है, क्योंकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के नाम पर यदि मृतक नायकों के नाम पर भेदभाव पूर्ण ढंग से स्मारकों हेतु भूमि आवंटित की जाती है, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

– **सुधाकर आशावादी**, मेरठ

### परीक्षाओं की पवित्रता

**परीक्षा** किसी भी छात्र के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण अंग होती है। परीक्षाओं की पारदर्शिता , शुचिता पर हाल ही में अधिकांशत: प्रश्न चिन्ह लगने लगे हैं फिर वह चाहे किसी सरकारी नौकरी की परीक्षा हो या फिर किसी भी स्तर की प्रवेश परीक्षा। यह अत्यंत चिंताजनक प्रश्न है क्योंकि छात्रों के भविष्य के साथ इस प्रकार कोई भी खिलवाड़ उन्हें मानसिक तौर पर पीड़ा पहुँचाता है तथा साथ ही में निष्पक्ष परीक्षा की साख पर भी प्रश्न चिन्ह खड़े करता है । विगत कुछ समय से पेपर लीक ,नकल माफियाओं के कुकृत्य ,परीक्षा परिणाम में देरी या किसी भी भर्ती का कोर्ट में निर्णय लंबित होना इत्यादि जैसी समस्याएं परीक्षार्थियों को झेलनी पड़ रही है। बढ़ती बेरोजगारी के बीच परीक्षा की आस में सालों से किसी नौकरी का इंतजार करते युवा के सपनों पर जब इस प्रकार की समस्याओं का कुठाराघात होता है तो उन्हें भविष्य अंधकारमय प्रतीत होने लगता है लेकिन परीक्षार्थियों की पीड़ा वास्तविकता में कोई नहीं समझता है। हालांकि इस और राज्य सरकारें हो या परीक्षा का आयोजन करने वाली कोई भी राष्ट्रीय संस्था इस तरफ अपना रुख कड़ा कर रही हैं जिससे परीक्षा की पवित्रता प्रभावित न हो लेकिन समस्या की स्थिति लगभग जस की तस है। आवश्यकता है कि पेपर लीक जैसी समस्याओं के लिए और कड़े कानून बनाए जाएं भर्ती प्रक्रिया में थोड़ी और तेजी हो।

– **नितिन रावत**, फिरोज़ाबाद

### मरणोपरांत उचित सम्मान

**पूर्व** प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का देहावसान भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में सूनापन कर गया है। डॉ. मनमोहन सिंह का अतुलनीय योगदान सदैव आर्थिक सुधारों के लिए जाना जाता रहेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था को दिवालियापन की अवस्था से उबारने में , लाइसेंस राज खत्म करने में एवं प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करने में तत्कालीन सरकार ने देश के विकास को गति प्रदान की थी। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने प्रधानमंत्री के रूप में डॉक्टर मनमोहन सिंह की शराफत का नाजायज फ़ायदा भी उठाया। उदारीकरण की नीतियों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए वाम मोर्चे ने विश्वासघात कर दिया था। अवसरवादिता एवं स्वार्थपरता को देखते हुए समाजवादी पार्टी ने समर्थन देकर सरकार विश्वास मत से सरकार बचवायी थी। वर्तमान में मोदी सरकार डॉक्टर साहब के योगदान को मरणोपरांत यथोचित सम्मान देने का भरपूर प्रयास कर रही है। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कांग्रेस पार्टी मनमोहन सिंह जी के दिखाए बताए पदचिन्हों पर चल कर कार्यशैली में परिवर्तन लाएं।

– **युगल किशोर शर्मा**, फरीदाबाद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली में रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन एवं दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से शिष्टाचार भेंटकर महाकुम्भ 2025 के लिए किया आमंत्रित।

# मुख्यमंत्री योगी ने राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति को दिया निमंत्रण

## ● वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना से भी मिले सीएम योगी




**लखनऊ/नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की और उन्हें महाकुम्भ का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को भी प्रयागराज में होने जा रहे महाकुम्भ-2025 के लिए आमंत्रित किया।

सीएम योगी ने विशिष्टजनों को निमंत्रण पत्र के साथ ही महाकुम्भ 2025 के लोगो वाला प्रतीक चिह्न, कलश, महाकुम्भ से जुड़ा साहित्य, नववर्ष का टेबल कैलेंडर व डायरी भेंट की। 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज में होने जा रहे महाकुम्भ में विशिष्टजनों को आमंत्रण देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को दिल्ली पहुंचे थे। शनिवार को उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह से मुलाकात की थी। सीएम योगी ने सभी विशिष्टजनों को महाकुम्भ से संबंधित उपहार भी भेंट किए।

रविवार को भी मुख्यमंढ्ढी योगी आदित्यनाथ ने अपने 'एक्स' हैंडल पर विशिष्टजनों से भेंट की तस्वीर पोस्ट करते हुए अमूल्य समय प्रदान करने के लिए उनका आभार भी जताया। उल्लेखनीय है कि महाकुम्भ 2025 प्रारंभ होने में अब कुछ ही समय शेष रह गया है। मुख्यमंत्री योगी और उनके कई मंत्रीगण विभिन्न राज्यों में जाकर विशिष्ट और आमजनों को महाकुम्भ के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

# भाजपा ने पूरा खजाना खाली कर दिया है: अखिलेश

## ● मुख्यमंत्री आवास में भी एक शिवलिंग है, वहां भी खुदाई होनी चाहिए: सपा प्रमुख

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश को उधार लेने और कर्ज में नम्बर एक बना रही है। पूरा खजाना खाली कर दिया है। महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। सरकार किसानों को धोखा दे रही है। अभी तक इस पेराई सत्र का गन्ने का मूल्य तय नहीं किया। किसानों को गन्ना मूल्य भुगतान किस रेट से होगा? महंगाई के कारण गन्ना की खेती का लागत मूल्य लगातार बढ़ रहा है। सरकार बताएं कि उसने इस पेराई सत्र में अभी तक गन्ने का मूल्य क्यों नहीं तय किया? किसानों की आय कहाँ दोगुनी हुई?

समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में मीडिया को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि अवैध तरीके से निर्दोषों के घर बुलडोजर से गिराये जा रहे है। यह विकास नहीं विनाश है। मुख्यमंत्री जी के हाथ में विकास की रेखा नहीं है, विनाश की रेखा है। भाजपा सरकार ने विकास का कोई कार्य नहीं किया है।

महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। किसान, नौजवान सभी दु:खी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए और जनता से जुड़े मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए जगह-जगह खुदाई करा रही हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास में भी एक शिवलिंग है, वहां भी खुदाई होनी चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार विज्ञापन देकर दावा कर रही है कि निवेशको के लिए 1.5 लाख एकड़ जमीन अधिग्रहण कर रही है। सरकार के पास जमीन नहीं है। अब सरकार किसानों को बर्बाद करने पर तुली है। डेढ़ लाख एकड़ जमीन का अधिग्रहण करना चाहती है।

भाजपा सरकार निवेश के नाम पर झूठ बोलकर लोगों को बरगला रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि जब हम दूसरे देशों में जाते हैं तो बहुत कुछ सीखने को मिलता है। दुनिया कहां से कहां पहुंच गयी है। यहां लोग किस चीज में उलझे हुए है। हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश की जनता बदलाव लाने का काम करेगी। एक बार फिर हम लोग विकास और खुशहाली के रास्ते पर जायेंगे।

# जर्मनी के सांसद ने सपा मुखिया से की मुलाकात

## ● मई 2025 में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सांसद राहुल कुमार कम्बोज ने अखिलेश को किया आमंत्रित



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से रविवार को जर्मनी के फ्रेंकफुर्त से सांसद राहुल कुमार कम्बोज ने समाजवादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय में मुलाकात की। इस अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में फ्रेंकफुर्त से सांसद राहुल कुमार कम्बोज ने कहा कि जर्मनी में बड़ी संख्या में भारतीय है। मुझे पहली बार लखनऊ आने का मौका मिला है। मैं अखिलेश यादव से लम्बे समय से सम्पर्क में हूं। मैं भारतीय मूल के लोगों की मदद के बारे में सोचता रहता हूँ जिससे जर्मनी और इंडिया आपस में मिले। सम्बन्ध अच्छे बने।

कम्बोज ने कहा कि भारत और जर्मनी दरिया के दो किनारे हैं। इन्हें मिलाने के लिए सेतु की जरूरत है। आज जर्मनी और यूरोप के अंदर जो अवसर हैं उन्हें भारत और लखनऊ में लाने की आवश्यकता है। मैं इस कार्य में लगा हूँ। अखिलेश यादव ने 2015 में जर्मनी का दौरा किया था, उस समय जो मुद्दे उठाये थे उससे मैं बहुत प्रभावित हुआ था।

अखिलेश यादव ने जो मुद्दे उठाये वही आने वाले समय का भविष्य बना। जर्मनी में अखिलेश यादव ने कई परियोजनाएं देखी थी। जर्मनी में जितने आईटी एक्सपर्ट हैं उसमें 80 फीसदी से ज्यादा भारतीय मूल के है। आज जर्मनी से जुड़ा कोई भी काम हो मैं उस पर पूरी मेहनत से लगूंगा।

कम्बोज ने कहा कि कि मैं यहां मित्रता के भाव से आया हूँ। अखिलेश यादव ने हमें बहुत सम्मान दिया है। मैं चाहता हूँ कि जो प्रोजेक्ट और अवसर है उसमें हम और आगे बढ़े। हमारे लिए युवाओं को अवसर देने का मौका है। उनके जीवन और भविष्य को अच्छी दिशा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि हम चाहते है कि हमारी मित्रता प्रोजेक्ट के साथ जुड़े। भारत की जनता के लिए जर्मनी और यूरोप के दरवाजे हम खोलेंगे। हम चाहते है कि अखिलेश यादव के माध्यम से यह सम्बंध और आगे बढ़े ताकि आने वाला भविष्य अच्छा बनें।

राहुल कुमार कम्बोज ने अखिलेश यादव को जर्मनी फ्रेंकफर्ट में मई 2025 में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया।

इस अवसर पर अखिलेश यादव ने जर्मनी के सांसद राहुल कुमार कम्बोज का स्वागत किया। उन्होंने राहुल कुमार कम्बोज का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इधर काफी समय से इनसे फोन और पत्रों के माध्यम से बात होती थी। आज लखनऊ में मिलने की काफी खुशी है। कम्बोज ने जो मौका दिया है और जो रिश्ता बन रहा है उसको हम कैसे और गहरा और मजबूत बनाएं जिससे देश और प्रदेश को लाभ मिल सके।

यादव ने कहा कि आने वाले समय में हम लोग मिलकर कुछ न कुछ ऐसा जरूर करें जिससे आने वाली पीढ़ी का भविष्य बने। आज सबसे ज्यादा जरूरत अच्छे सम्बंध विकसित करने की है उसी से अवसर मिलेंगे और रास्ते खुलेंगे। आज की पीढ़ी को नौकरी रोजगार की सबसे ज्यादा जरूरत है। नौजवानों की अच्छी ट्रेनिंग हो, उनके अंदर अच्छी स्किल पैदा हो। हर नौजवान मेहनत करके अपना भविष्य अच्छा बनाना चाहता है। परिवार को खुशहाल बनाना चाहता है। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि हमें खुशी हैं कि सम्पन्न देश जर्मनी में हमें एक मित्र मिले है जिनसे लगातार सम्पर्क में रहकर हम दोनों देशों के बीच की दूरियां कम करेंगे। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव श्री शिवपाल सिंह यादव, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, कौशाम्बी से समाजवादी पार्टी के सांसद पुष्पेन्द्र सरोज, विधायक सचिन यादव, विधायक हिमांशु यादव मौजूद थे।

# रालोद जायज मांगों के लिए प्राइवेट वाहन चालकों के साथ है: अनिल दुबे



**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता अनिल दुबे ने प्राइवेट वाहन चालकों को 5000 रुपए पेंशन राशि देने, 15 लाख रुपए दुर्घटना बीमा देने, आयुष्मान योजना का लाभ देने व सरकार द्वारा निर्धारित वेतन को लागू करने की मांग करते हुए कहा है कि वे इसे लागू कराने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को वाहन चालकों की समस्याओं से अवगत कराएंगे। दुबे रविवार को उप्र प्राइवेट वाहन चालक यूनियन के 11वे स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। प्राइवेट वाहन चालकों को विश्वास दिलाया कि राष्ट्रीय लोकदल जायज मांगों के लिए उनके साथ पूरी तरह से खड़ा रहेगा। वे प्रदेश के परिवहन मंत्री से भी मुलाकात करेंगे। देश और प्रदेश में एन डी ए की सरकार है जो किसानों मजदूरों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं और उनके विकास के लिए प्रयत्न शील है। राष्ट्रीय लोकदल उनके साथ अन्याय नहीं होने देगा। वाहन चालक यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश कश्यप व महामंत्री अमित यादव ने अनिल दुबे का स्वागत करते हुए उन्हें वाहन चालकों की समस्याओं से अवगत कराया और उनके निराकरण हेतु सहयोग का अनुरोध किया। चंद्र शेखर, मस्तराम पाण्डे, तरुण कन्नौजिया, रंजीत सिंह, राम गोपाल कश्यप, महेंद्र कुमार, राम किशोर पाल धनगर, रमेश कुमार यादव, रास नारायण तिवारी मुन्ना राय सहित बड़ी संख्या में वाहन चालकों ने हिस्सा लिया।

# सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी ने इस वर्ष सफलता की कई बुलंदियों को छुआ

## ● 500 वर्ष का इंतजार समाप्त होने के उपरांत 22 जनवरी को श्रीरामलला अयोध्या में अपने मंदिर में हुए विराजमान

**लखनऊ।** 2017 में यूपी की कमान संभालने के बाद से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के प्रति धारणा बदलने और इसे उन्नति के पथ पर अग्रसर करने में सबसे बड़ी भूमिका निभाई। 2024 में भी यूपी ने कई क्षेत्रों में सफलता के नए प्रतिमान स्थापित करते हुए गगन को छुआ। इस वर्ष का आगाज रामलला के आगमन से हुआ तो समापन महाकुम्भ की भव्यतम तैयारियों से हो रहा है। 2024 में पीएम मोदी के मार्गदर्शन व सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की नई उपलब्धियां...

### ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले

ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2023 में योगी सरकार को 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले थे। जीसीबी-ढ्ढढ्ढ के तहत दो दिन (19-20 फरवरी 2024) में 10 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतारे गए। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुए आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योगी के नेतृत्व में इस ऐतिहासिक पहल का शुभारंभ किया। उत्तर प्रदेश को मिली 18 मेडिकल कॉलेज की सौगात:* 2024 में स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तर प्रदेश काफी समृद्ध रहा। इस वर्ष उत्तर प्रदेश को 18 मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली। बिजनौर, बुलंदशहर, कुशीनगर, पीलीभीत, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, ललितपुर, लखीमपुर खीरी, गोंडा, औरैया, चंदौली, कौशांबी व सोनभद्र में सरकारी मेडिकल कॉलेज खुले। निजी क्षेत्र में दो व पीपीपी मोड पर तीन मेडिकल कॉलेजों का हुआ शुभारंभ।

संस्कृत के बच्चों की छात्रवृत्ति में 24 वर्ष बाद हुई बढ़ोतरी:* योगी सरकार ने 2001 से चली आ रही व्यवस्था में बड़ा सुधार करते हुए 24 वर्ष बाद संस्कृत के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति संशोधन किया। छात्रवृत्ति में तीन गुना तक की वृद्धि की गई। इसका लाभ संस्कृत भाषा में अध्ययन कर रहे डेढ़ लाख से अधिक विद्यार्थियों को हुआ। पहली बार कक्षा 6, 7 और 8 के छात्रों को भी छात्रवृत्ति से जोड़ा गया। 27 अक्टूबर को मुख्यमंत्री ने संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी में संस्कृत के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का वितरण किया। 25.12 लाख से अधिक दीपों से जगमगाई रामनगरी:* दीपोत्सव 2024 ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए अपना पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। सीएम योगी के नेतृत्व में रामनगरी में 25 लाख 12 हजार 585 दीप प्रज्ज्वलित हुए। 2023 में पिछली बार 22.23 लाख दीप प्रज्ज्वलित हुए थे। 2024 में पहली बार 1121 वेदाचार्यों ने सरयू आरती कर रिकॉर्ड बनाया। मुख्यमंत्री ने जेवर के किसानों की सुनी पुकार, भूमि अधिग्रहण के लिए प्रतिकर 3100/वर्गमीटर से बढ़ाकर किया 4300/वर्गमीटर रुपये:* मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 20 दिसंबर को जेवर के किसानों के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री ने जेवर एयरपोर्ट के लिए तीसरे चरण के भूमि अधिग्रहण के एवज में देय प्रतिकर को 3100 रुपये प्रतिवर्ग मीटर से बढ़ाकर 4300 रुपये प्रति वर्गमीटर करने की घोषणा की।

### प्रदेश में रोप गए 36.80 करोड़ पौधे

यूपी में वनावरण व वृक्षावरण में हुई 559.19 वर्ग किमी. की वृद्धि:* मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में इस वर्ष 36.80 करोड़ से अधिक पौधरोपण किया गया। यह अपने आप में खुद बड़ा रिकॉर्ड है। कॉर्बन क्रेडिट के तहत पहली बार यूपी के 25,140 किसानों को 202 करोड़ का इंसेंटिव दिया गया। वहीं आईएसएफआर देहरादून की जारी रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश के खाते में एक और उपलब्धि आई। 2023 की जारी रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में 559.19 वर्ग किमी. वनावरण व वृक्षावरण में वृद्धि हुई। यह उपलब्धि हासिल करने वाले उत्तर प्रदेश भारत में दूसरे स्थान पर रहा। दुधवा टाइगर रिजर्व में ईको पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए लखनऊ से पलिया तक हवाई सेवा का शुभारंभ किया गया। सीएम योगी के नेतृत्व में पुलिस भर्ती की सबसे बड़ी परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। 60,200 से अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया गया। यह योगी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। सीएम योगी ने बेटियों से किया वायदा निभाया। 15 फरवरी को आदेश जारी कर मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत छह श्रेणियों में मिलने वाली 15 हजार रुपये की राशि को बढ़ाकर 25 हजार किया गया।

पहली अप्रैल से इसका लाभ भी मिलने लगा। 2024 में 2.83 लाख बालिकाएं हुईं लाभान्वित। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर पीएम नरेंद्र मोदी ने केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। इससे यूपी के बुंदेलखंड के महोबा, झांसी, ललितपुर व बांदा में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी और 21 लाख से अधिक की आबादी को पेयजल की सुविधा मिलेगी। इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में भी यूपी का पवेलियन छाया रहा। यूपी के पवेलियन को गोल्ड मेडल मिला। इसका तीन लाख लोगों ने अवलोकन किया। शानदार जल प्रबंधन के लिए 22 अक्टूबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय जल पुरस्कार मिला। सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा। वहीं जल संरक्षण के लिए उत्तर प्रदेश के बांदा को सर्वश्रेष्ठ जनपद (नॉर्थ जोन) का पुरस्कार मिला। सीएम योगी के नेतृत्व में भाजपा ने उत्तर प्रदेश उपचुनाव में एकतरफा जीत हासिल की। योगी के नेतृत्व में 9 में से 7 सीटों पर विजयश्री मिली, कुंदरकी व कटेहरी में तीन दशक बाद खिला कमल। पेरिस ओलंपिक व पैरालंपिक में पदक जीतने वाली भारतीय टीम के खिलाड़ियों (उत्तर प्रदेश के निवासी) का किया गया सम्मान, पुरस्कार राशि-सरकारी नौकरी में भी खिलाड़ियों को योगी सरकार ने दी सीधी भर्ती। योगी सरकार की पहल पर 155 घंटे का नॉन-स्टॉप सफाई अभियान चला। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर यह अभियान चलाया गया। इसमें विभिन्न सरकारी स्कूलों के साथ ही सामाजिक, साहित्यिक संगठन भी जुड़े रहे। सीएम योगी की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में देव दीपावली पर सबसे बड़े नमो घाट का उपराष्ट्रपति ने शुभारंभ किया। सीएम योगी ने प्रदेश के सभी मंडलों में 18 अटल आवासीय विद्यालयों के दूसरे शैक्षणिक सत्र का किया शुभारंभ, सीएम ने किया ऐलान-शेष 57 जनपदों, 350 तहसीलों व 825 विकास खंडों में बनाए जाएंगे अटल आवासीय जैसे विद्यालय। बिजनेस एंड सिटीजन सेंट्रिक रिफॉर्म में टॉप अचीवर स्टेट बना उत्तर प्रदेश। भारत सरकार के डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईटी) ने उत्तर प्रदेश को सम्मानित किया। यूपी को दो बिजनेस व एक सिटिजन सेंट्रिक रिफॉर्म के लिए पुरस्कृत किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षक दिवस (5 सितंबर) को 54 शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया। इसमें 41 बेसिक व 13 माध्यमिक के थे। सीएम योगी ने 2024 में भी नियुक्ति पत्र वितरण कर युवाओं को सरकारी नौकरी से जोड़ा। पारदर्शिता के आधार पर यूपी में साढ़े सात वर्ष में सात लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली। 3.75 लाख से अधिक युवाओं को संविदा पर नौकरी दी गई तो दो करोड़ से अधिक युवाओं को निजी क्षेत्र व एमएसएमई में रोजगार दिया गया।

### जेवर एयरपोर्ट पर उतरा पहला विमान

9 दिसंबर को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहले विमान वैलिडेशन फ्लाइट की सफल लैंडिंग हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास के रनवे पर नए भारत का नया उत्तर प्रदेश उड़ान भर रहा है। 2025 में एयरपोर्ट शुरू कराने की तैयारी चल रही है।

# मैड्रिड और बर्लिन में होगा अंतरराष्ट्रीय पर्यटन व्यापार मेला

## ● स्पेन और जर्मनी में होगा प्रदेश की समृद्ध विरासत का प्रचार-प्रसार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उप्र** की पर्यटन संपदा और सामर्थ्य को विश्व समुदाय के समक्ष प्रदर्शित कर विदेशी पर्यटकों को उत्तर प्रदेश की ओर आकर्षित करने के लिए पर्यटन विभाग स्पेन की राजधानी मैड्रिड में 24 से 28 जनवरी तथा जर्मनी की राजधानी बर्लिन में 04 से 06 मार्च, 2025 तक अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन उद्योग मेले में अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज कराने का निर्णय लिया है। जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर ने दी। वैश्विक मंच पर प्रदेश में स्थित 12 टूरिज्म सर्किट, ओडीओपी, हस्तशिल्प एवं अन्य विशेषताओं का प्रदर्शन एवं प्रचार प्रसार किये जाने की रणनीति बनाई गयी है। प्रदेश का गौरवशाली इतिहास समृद्ध विरासत और विशेषताओं की विदेशी पर्यटकों को जानकारी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि इस मेले में भाग लेने का उद्देश्य विदेशी पर्यटकों को यूपी की ओर आकर्षित करना है। ताकि यूपी विदेशी पर्यटकों के मामले में भी पूरे देश में पहले स्थान पर स्थापित हो। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय मेले में यह भी बताया जायेगा कि अब यूपी नये भारत का नया यूपी है। जहां सुरक्षा के साथ रेल, वायु, वाटर-वे तथा एक्सप्रेसवे की बेहतर कनेक्टिविटी है। उप्र पर्यटन 40 वर्ग मीटर में प्रदर्शनी लगाएगा। 12 टूरिज्म सर्किट के महत्वपूर्ण स्थलों के अलावा हस्तकला, विभिन्न कलाकृतियों और एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) आदि का प्रदर्शन किया जाएगा। वीवीआईपी लाउंज, इंटरएक्टिव सेल्फी जोन और डिजिटल माध्यम (जैसे- स्क्रीन, मोबाइल ऐप और ब्रोशर) के जरिए दर्शकों से जुड़ने का प्रबंध होगा। टूर ऑपरेटरों और अन्य हितधारकों के साथ बिजनेस-टू-बिजनेस और बिजनेस-टू-कंज्यूमर इंटरैक्शन को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे उत्तर प्रदेश को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित किया जाएगा। जयवीर सिंह ने बताया कि इन आयोजनों में उप्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों और विषयों को वैश्विक मंच पर लाया जाएगा, महाकुंभ-2025, बौद्ध सर्किट, ईको-पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन और वेलनेस पर्यटन की बढ़ती संभावनाएं शामिल हैं। कार्यक्रम में भगवान बुद्ध की भूमि उत्तर प्रदेश और महाकुंभ-2025 जैसे आकर्षक स्लोगन के माध्यम से दर्शकों का ध्यान खींचा जाएगा। प्रचार सामग्रियां, पर्यटन से जुड़ी फिल्में और उत्तर प्रदेश के पर्यटन मानचित्र वितरित किए जाएंगे। इन आयोजनों का विशेष ध्यान बौद्ध सर्किट, राज्य के सांस्कृतिक उत्सवों और विरासत स्थलों को बढ़ावा देने पर रहेगा। इन आयोजनों में उप्र का शानदार प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए पर्यटन विभाग ने पेशेवर एजेंसियों से अत्याधुनिक प्रदर्शनी स्पेस डिज़ाइन, निर्माण और प्रबंधन के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। राज्य के पर्यटन स्थलों की लोकप्रियता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास है। उत्तर प्रदेश अपनी समृद्ध संस्कृति, परंपराओं, और विविध पर्यटन अनुभवों को पेश कर एक प्रमुख वैश्विक पर्यटन गंतव्य के रूप में उभरेगा।

# भीषण हादसे में जिंदा जले ट्रक चालक और खलासी, लोग बनाते रहे वीडियो

संवाददाता। सुमेरपुर



**शनिवार** की देर रात हाईवे पर नवीन गल्ला मंडी के पास पेट्रोल पंप के सामने डंपर और पशु आहार लदे ट्रक के बीच भीषण टक्कर से आग लग गई। आग में ट्रक का चालक और खलासी केबिन में फंसकर जिंदा जल गए। हादसे के बाद मौके पर तमाशबीनों की भीड़ जुट गई, लेकिन किसी ने बचाने की कोशिश नहीं की। अधिकांश लोग मोबाइल पर वीडियो बनाने में व्यस्त रहे। एक ट्रक पशु आहार लादकर कानपुर से भोपाल जा रहा था जबकि डंपर कबरई से डस्ट लादकर कानपुर की ओर बढ़ रहा था। कस्बे के पेट्रोल पंप के पास दोनों वाहनों में आमने.सामने टक्कर हो गई। टक्कर के तुरंत बाद ट्रक में रखे छोटे गैस सिलेंडर फटने से आग फैल गई। इस आग ने ट्रक के चालक शिवशरण कुमार सोनी (54) निवासी असोह थाना पहाड़ी चित्रकूट और खलासी को बचने का मौका तक नहीं दिया। दोनों केबिन में फंसकर जिंदा जल गए। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि आसपास खड़ी दो मोटरसाइकिलें और ट्रैक्टर एजेंसी के बाहर रखे कृषि यंत्र भी जलकर राख हो गए। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकिए पशु आहार लदा ट्रक रविवार सुबह तक सुलगता रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे की वजह ओवरटेकिंग थी। पीछे से आ रहे एक अन्य डंपर ने टक्कर में शामिल डंपर को ओवरटेक कियाए जिससे वह अनियंत्रित होकर ट्रक से भिड़ गया। टक्कर के बाद डंपर की डीजल टंकी फट गई और डीजल सड़क पर बहने लगा। डीजल के निशान घटना स्थल से काफी दूर तक देखे गए। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने रात 11 बजे तक आग पर काबू पाया और केबिन में जले चालक और खलासी के शवों को निकालकर मोर्चरी पहुंचाया। रविवार को ट्रक मालिक श्याम बिहारी त्रिपाठी निवासी यशोदा नगर कानपुर ने पुलिस थाने में आकर चालक की पहचान की।

# कड़ाके की ठण्ड की हुई शुरुआत अधिकतर लोग घरों में दुबके



**कानपुर देहात।** पहाड़ों पर हुई बर्फबारी व मैदानी इलाकों में हुयी बारिश के कारण रविवार को सूर्यनारायण भगवान के दर्शन न देने से लोगों को पहली बार ठण्ड का अहसास हुआ, कडाके की ठण्ड पडने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गये। वहीं ठण्ड से बचाव के लिये लोगों ने अलाव का सहारा लेना पडा। दो दिन से हुई हल्की बरसात के बाद शुक्रवार से कड़ाके की ठंड शुरू हो गई है। कड़ाके की ठंड से गरीबों, असहायों के और यात्रियों के लिए फजीहत बढ़ गई है। लेकिन, इससे बचाव के लिए क्षेत्र के तिराहों, चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर प्रशासन की ओर से अलाव नहीं जलवाने की व्यवस्था नहीं की गई है। शीत लहर के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है किन्तु इलाके के सिठमरा गांव में प्रशासन द्वारा अलाव नहीं जलवाया गया है।

क्षेत्र के सिठमरा नहर पुल के पास यात्री प्रतीक्षालय का स्थान अलाव के लिए चिह्नित है बाजार में आवागमन करने वाले लोगों को ठंड से काफी दुश्वारियां उठानी पड़ रही हैं। रविवार को तड़के से पड़ रही ठंड से क्षेत्र में लोग बेहाल दिखे। सितमरा से जरूरी कार्यों से वाहन पकड़ने सड़क पर पहुंचे ग्रामीण क्षेत्र के लोग ठिठुरते दिखाई दिए।

# अटेवा पेंशन बचाओ मंच की बैठक व सम्मान समारोह का आयोजन

संवाददाता। फतेहपुर



**अटेवा** पेंशन बचाओ मंच की जिला एवं ब्लाक कार्यकारिणियों की एक संयुक्त बैठक व सम्मान समारोह का कार्यक्रम जिलाध्यक्ष निधान सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि आईटी सेल प्रभारी सै. दानिश इमरान, विशिष्ट अतिथि प्रदेश संगठन मंत्री अशोक कनौजिया, राकेश सिंह मंडल अध्यक्ष प्रयागराज रहे। जिला संयोजक ने पेंशन शहीद डॉ. रामाशीष सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर की। महामंत्री महेन्द्र मौर्य ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। मंडल अध्यक्ष प्रयागराज राकेश सिंह ने कहा कि निजीकरण समाज के लिए घातक है। अटेवा इसके खिलाफ लड़ता रहेगा।

प्रदेश संगठन मंत्री अशोक कनोजिया ने कहा कि संगठन को आगे बढाने के लिए संवाद एवं संचार जरूरी है। सै. दानिश इमरान ने कहा कि अपनी ताकत को सड़क से संसद तक दिखाना है। सोशल मीडिया में भी अपनी ताकत जबरदस्त दिखानी होगी।

सम्मान के क्रम में सर्वाधिक सदस्यता करने वाले विजयीपुर, हथगांव, हसवा व मलवां ब्लॉक को मुख्य अतिथि द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। प्रदेश से भी कुछ पदाधिकारी को विशेष सम्मान हेतु चुना गया उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष चूक मनोज सैनी, अध्यक्ष जल निगम महताब अली, अध्यक्ष डिप्लोमा फार्मासिस्ट एशोसिएशन अरुणेश सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका राजूबाबू, अध्यक्ष कृषि विभाग जितेंद्र सिंह को माल्यार्पण व अंगवस्त्रम् भेंट कर अटेवा का विशेष सहयोग करने के लिए सम्मान किया। बैठक में असोथर, तेलियानी, भिटौरा ब्लॉक की कार्यकारिणी का भी पुनर्गठन किया गया।

# आदर्श व्यापार मण्डल युवा कार्यालय का प्रदेश अध्यक्ष ने किया उद्घाटन



**फतेहपुर।** आदर्श व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के युवा कार्यालय का रविवार को प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने फीता काटकर उद्घाटन किया। समारोह के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन मजबूती के उद्देश्य से कई पदों पर मनोनयन भी किए। नवमनोनीत युवा जिलाध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष को चांदी का मुकुट, माला व अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन मजबूती के साथ-साथ एकजुटता का पाठ पढ़ाया। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यापारी हित में चल रही शासन की योजनाओं से अवगत कराया। प्रदेश अध्यक्ष ने व्यापारियों का आहवान किया कि एकजुटता बेहद जरूरी है। साथ ही संगठन मजबूती की दिशा में भी कार्य करते रहें। उन्होने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि विभागीय अधिकारियों ने अनावश्यक व्यापारियों का शोषण किया तो सड़क पर उतर कर आंदोलन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन मजबूती के उद्देश्य से ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर किशन त्रिपाठी, महामंत्री पद पर मुकुल द्विवेदी को मनोनीत किया। साथ ही युवा जिलाध्यक्ष पद की कमान मो. इमरान को सौंपी। सभी मनोनीत पदाधिकारियों का भी माला पहनाकर स्वागत किया गया।

# मौदहा प्रेस क्लब की वार्षिक चुनाव प्रक्रिया के बाद नव निर्वाचित अध्यक्ष ने पद संभाला

संवाददाता। मौदहा, हमीरपुर



**मौदहा** प्रेस क्लब के वार्षिक चुनाव प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद रविवार को नव.निर्वाचित अध्यक्ष को प्रमाण पत्र चुनाव अधिकारी प्रेस क्लब संस्थापक जारी किया गया तथा पूर्व अध्यक्ष के सफलता पूर्वक किये गए कार्यों के लिए प्रेस क्लब निदेशक ने सम्मान पत्र जारी करते हुए सभी सदस्यों ने नव निर्वाचित अध्यक्ष तथा पूर्व अध्यक्ष के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

कस्बा मौदहा के सबसे पुराने पत्रकार संगठन मौदहा प्रेस क्लब का वार्षिक चुनाव प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद रविवार को क्षेत्र के मइयादीन का डेरा ;सिसोलर में बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रेस क्लब के नव.निर्वाचित अध्यक्ष राजेश अवस्थी को चुनाव अधिकारी रमइया प्रजापति प्रेस क्लब संस्थापक अरूण शुक्ल प्रेस क्लब निदेशक मनोज त्रिपाठी ने प्रमाण पत्र सौंपते हुए संगठन हित में काम करने पत्रकारों के हित में खड़े रहने की उम्मीद जताई है। वहीं सन 2024 में प्रेस क्लब अध्यक्ष पद को सुशोभित करते रहे अमित द्विवेदी को उनकी कार्यशैली कार्य प्रणाली तथा निष्पक्ष निष्ठावान व्यक्तित्व के रूप में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके द्वारा संगठन हित में किये गए विशेष कार्यों की चर्चा की गई।

इस दौरान नव.निर्वाचित अध्यक्ष को मौजूद साथियों ने फूल मालाओं से लादकर उनका स्वागत किया गया तथा पूर्व अध्यक्ष को भावभीनी विदाई दी गई। वहीं पूर्व अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि प्रेस क्लब के अध्यक्ष पद पर रहते हुए जो सहयोग सभी सदस्यों ने दिया उसके लिए मैं हृदय की गहराइयों से अभिभूत हूं तथा संगठन हित में सदैव कार्य करता रहूंगा। नव.निर्वाचित अध्यक्ष राजेश अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि वह विकट परिस्थितियों में सभी कलमकारों के कंधे से कंधा मिलाकर पत्रकारिता हित मे कार्य करते रहेंगे।

## छात्र पर गिरा हाई टेंशन तार, जलकर दर्दनाक मौत

**संडीला, हरदोई।** एलएलबी की परीक्षा देकर घर वापस लौट रहे एक युवक पर हाई टेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से युवक धू-धूकर के बाइक समेत जल गया। इस मामले में अधिशासी अभियंता समेत तीन लोगों पर गैर इरादत हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अतरौली के अंतर्गत ग्राम परसा निवासी 25 वर्षीय अनुपम मिश्रा, रघुनंदन सिंह पीजी कॉलेज सरवा में एलएलबी अंतिम वर्ष का छात्र था। वह परीक्षा देने के लिए अपने कॉलेज गया था। वहां से वह परीक्षा देकर वापस लौटा। जब वह जगसरा परसा रोड पर परशुराम बाबा देवस्थान के पास पहुंचा तो ऊपर से निकल रही हाई टेंशन लाइन का जर्जर तार टूटकर उसके ऊपर आ गिरा जिससे बाइक में आग लग गयी और देखते ही देखते इस आग ने अनुपम को भी अपनी चपेट में ले लिया। यह मंज़र देखकर आसपास के ग्रामीणों ने किसी प्रकार मिट्टी आदि डालकर इस आग पर काबू पाया लेकिन तब तक अनुपम जल कर राख हो गया था।

# भीषण सर्दी में अलाव न जलने से नागरिक परेशान, किया प्रदर्शन

**● नागरिकों नें प्रदर्शन कर नगर पंचायत से की अलाव जलवाने की मांग**

संवाददाता। गुरसहायगंज, कन्नौज



**सर्दियों** का मौसम अपने चरम पर है और तापमान लगातार गिरता जा रहा है। इस हालत में लोगों को अलाव की प्रबल आवश्यकता होती है। ऐसे में गरीब और जरूरतमंद लोग भीषण ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते हैं। प्रशासन द्वारा अलाव की सुविधा दी भी जाती है। लेकिन नगर पंचायत समधन द्वारा पर्याप्त अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे नागरिकों में रोष बढ़ता जा रहा है। नागरिकों ने प्रदर्शन करते हुये पंचायत प्रशासन से अलाव जलवाये जाने की मांग की है।

रविवार को समधन नगर पंचायत की मुख्य सड़क किनारे चाय होटल के सामने करीब एक दर्जन स्थानीय नागरिकों ने खड़े होकर प्रदर्शन करते हुये कहा कि दिसंबर माह भी बीतने बाला है और सर्दी अपने सबाब पर पहुंच गई है यहां अभी तक अलाव के नाम की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होनें नगर पंचायत प्रशासन से भीषण ठंड के मौसम को देखते हुए तत्काल अलाव जलाने की व्यवस्था किये जाने की मांग की है।

इस सम्बन्ध में जब अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह से नगर में अलाव न जलने की बात की गई तों उन्होंने साफ लहजे में कहा कि अलाव तों जल रहें हैं।

लेकिन जमीनी हकीकत पर अलाव के नाम पर कुछ भी नहीं है। इस अवसर पर मो. नफीस (पप्पू), इनामुद्दीन खां, रामऔतार पाल, निजाकत खान, अवधेश सक्सेना, मो. शानू, हसमुद्दीन मुल्ला जी, मो. बकार, रिजवान शेख, साजिद अंसारी, पप्पू आदि मौजूद रहे।

## धर्मांतरण रोकने व सनातन वेद प्रचार हेतु किया यज्ञ

**फतेहपुर।** शहर के महर्षि कॉलोनी में अग्नि समाज संगठन ने सनातन वेद प्रचार करने व धोखाधड़ी के माध्यम से हो रहे धर्मांतरणों को रोकने के उद्देश्य से एक विशेष यज्ञ का आयोजन किया। यज्ञ में विभिन्न जातियों व समुदायों से जुड़े 50 से अधिक परिवारों ने भाग लिया। इसमें मुस्लिम परिवारों ने भी सहभागिता निभाई। यज्ञ का समापन सनातन धर्म की जय के जयघोष के साथ हुआ। संचालन शुभम राजपूत ने किया। जिन्होंने प्रतिभागियों को सनातन धर्म से जुड़ी भ्रांतियों के बारे में जागरूक किया। साथ ही उन्होंने लोगों से मांस, शराब व अश्लील सामग्री से दूर रहने का संकल्प लेने की अपील की। यज्ञ में भाग लेने वाले सभी लोगों ने सनातन धर्म के सिद्धांतों व जीवन मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। एक प्रतिभागी ने कहा कि आज मेरी आंखें सनातन वेद ज्ञान और मूल्यों की शक्ति के प्रति खुल गईं। हम किसी और के मत की तरफ़ नहीं जाएंगे।

# सपा संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की स्मृति में बन रहा मंदिर



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जननायक और समाजवादी विचारधारा के प्रणेता श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव की स्मृति में उनके मंदिर निर्माण का कार्य जारी है। इस पवित्र कार्य में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग के जिला महासचिव अरूण कुमार शर्मा ने मंदिर निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया है।

इस दौरान उन्होंने कहा कि यह कार्य समाजवादी विचारधारा और मुलायम सिंह यादव की लोक कल्याण की भावना का प्रतीक है। रविवार को नगर के तिर्वारोड प्रतिष्ठान कार्यालय पर सपा पिछडा वर्ग जिला महासचिव अरूण कुमार शर्मा ने समिति के अध्यक्ष कोची यादव को 51 सौ की चेक सौंपने के उपरान्त कहा कि श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव जी ने हमेशा गरीबों, पिछड़ों, किसानों और मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उनका जीवन देश और समाज के लिए प्रेरणा है। उनका मंदिर केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि उनके विचारों और आदर्शों को जीवित रखने का माध्यम होगा। उन्होंने सहयोग राशि प्रदान करते हुए सभी समाजवादी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से अपील की कि वे इस पवित्र कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# शैलेन्द्र साहित्य सरोवर की 365वीं साप्ताहिक रविवासरीय काव्य गोष्ठी संपन्न हुई

संवाददाता। फतेहपुर

मुराइन टोला स्थित हनुमान मंदिर में शैलेन्द्र साहित्य सरोवर के बैनर तले 365 वीं साप्ताहिक रविवासरीय सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन के.पी. सिंह कछवाह की अध्यक्षता एवं शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी के संचालन में हुआ। मुख्य अतिथि मंदिर के महंत स्वामी रामदास उपस्थित रहे। कछवाह ने वाणी वंदना मे अपने भाव प्रसून प्रस्तुत करते हुए कहा- मातु शारदे, वंदना, चरणों में है ध्यान। वाणी में रस छंद भर, दो कविता का ज्ञान।। कार्यक्रम को गति देते हुए कविता पढ़ा- जीवन द्वंद्वों से भरा,सुख- दुख की है रीत। रहता कभी वसंत है, कभी है गर्मी, शीत।।

डा. सत्य नारायण मिश्र ने अपने भावों को एक छंद के माध्यम से कुछ इस प्रकार व्यक्त किया- दुखिया या संसार में, सुखिया मिला न कोय। एकै वह सुखिया मिला, भगत राम का जोय।। दिनेश कुमार श्रीवास्तव ने अपने भावों को मुक्तक में कुछ इस प्रकार पिरोया- रामायण सरसिज खिला, सागर रामानंद। भक्त मधुप गण पी रहे, भक्ति सुमन मकरंद।। शिव सागर साहू ने काव्य पाठ किया- आओ चलो करें सत्संगति, जीवन धन्य बना लेवें।

प्रयागराज की धरती पर, संगम में जाय नहा लेवें।। प्रदीप कुमार गौड़ ने अपने क्रम में काव्य पाठ में कुछ इस प्रकार भाव प्रस्तुत किये- नूतन वर्ष पचीस का स्वागत, करते दिल की परतों से। ऐसा शुभ इस वर्ष करे प्रभु, कर न सके जो वर्षों से।। विनय कुमार दीक्षित ने काव्यपाठ में अपने भावों को कुछ इस प्रकार से शब्द दिए- ऐ मानव, कदम तू बढ़ाता चला जा। जो वादे किए हैं, निभाता चला जा।। कभी मोह- माया में फंसना नहीं तू, प्रभू के सुयश गान गाता चला जा।। काव्य गोष्ठी के आयोजक एवं संचालक शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने अपने भाव एक गीत के माध्यम से कुछ यों व्यक्त किये- अनगिन सुख -दुख सौंपकर, जाता है यह वर्ष। आने वाला दे हमें,सुख, समृद्धि, उत्कर्ष।। आगे पुन: उन्होंने अपने शायराना अंदाज़ में एक ग़ज़ल की कुछ पंक्तियां पेश कीं- जब- जब जगी है दिल में हसीं चाह बहारों की। चलनी पड़ी है तब- तब हमें राह अंगारों की।। मत महरो मुरव्वत की कर बात इस जहां में, हम हाथ कटा बैठे कोशिश में सहारों की।।

## अविनाश प्रयागराज मंडल अध्यक्ष व संजय जिलाध्यक्ष

**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी गुट की मासिक बैठक में जहां विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशन में जिलाध्यक्ष रहे अविनाश वर्मा को प्रयागराज मंडल अध्यक्ष व महासचिव रहे संजय तिवारी की पदोन्नति करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष शाहिद शेख ने मनोनयन पत्र सौंपे। बैठक में प्रयागराज जनपद में होने वाले चिंतन शिविर को लेकर भी चर्चा की गई।

## दबंगों ने घर में घुसकर महिलाओं को पीटा

**फतेहपुर।** शहर क्षेत्र के इमामगंज आबूनगर मुहल्ले में बच्चों के विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर महिलाओं के साथ जमकर मारपीट की। तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। उधर घायल महिलाओं को उपचार व मेडिकल परीक्षण के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। तहरीर में यासीन पत्नी इम्तियाज अहमद निवासी इमामगंज आबूनगर ने बताया कि 28 दिसंबर की रात आठ बजे बच्चों के बीच विवाद हो गया था। जिस पर पड़ोसी दबंग कल्लू पुत्र रशीद, पप्पू, पुत्तन पुत्रगण रईस, साहिल पुत्र हबीब व तौसीफ पुत्र मो. साबिर उर्फ मुन्नू निवासी इमामगंज आबूनगर गाली-गलौज करते हुए घर में घुस आए और उसे व उसकी बहन समरीन को जमकर मारापीटा। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। जिस पर दबंग जान-माल की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिलाओं को उपचार व मेडिकल परीक्षण के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया।

# अधिवक्तओं का क्रमिक अनशन दसवें दिन भी रहा जारी




**मौदहा, हमीरपुर।** .कड़ाके की ठंड के बीच भ्रष्टाचार के विरुद्ध अधिवक्ताओं द्वारा चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अनशन के दसवें दिन अधिवक्ता संघ अनशन स्थल पर डटा रहा लेकिन अधिकारी अपने जिम्मेदारियां से बचने के लिए अपने घरों में दुबके रहे तथा किसी भी जिम्मेदार अधिकारी की अनशन स्थल पर जाकर अनशनकारियों की समस्याओं को जानना भी जरूरी नहीं समझा जिससे अधिवक्ताओं भारी आक्रोश पनप रहा है बार एसोसिएशन के अधिवक्ता अनशन को गति देने के लिए सड़क जाम तथा अन्य कार्रवाई करने की बात कर रहे हैं अनशन के दसवे दिन अधिवक्ता मोहम्मद शाहिदए अधिवक्ता परशुरामए अधिवक्ता विवेक दीक्षित अनशन स्थल पर बैठ अनशन को गति प्रदान की तथा अधिवक्ता संयोग कुमार, शारदा दीन प्रजापति, मूलचंद शुक्ला, सूर्यभान सिंह, उमाशंकर त्रिपाठीए सुधाकर शर्माए कमलेश साहू उमाशंकर रमाकांत प्रजापति इद्रपाल प्रजापति, कृष्ण कुमार यादव आदि अधिवक्ता अनशन स्थल पर उपस्थित रहे।

# क्विक न्यूज

## रोडवेज बसों का प्रवेश न होने पर व्यापार मंडल नाराज

**खागा, फतेहपुर।** नगर के नौबस्ता रोड में एक निजी प्रतिष्ठान में व्यापार मंडल की बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल ने कहा कि जब नगर के अंदर से अनाधिकृत रूप से डग्गामार वाहनों का संचालन किया जा रहा है तो रोडवेज बसों को क्यों अन्दर न आने का आदेश दिया जाता है। डग्गामार वाहनों से जाम की समस्या नहीं होती। सिर्फरोडवेज बसों से ही जाम लगता है। रोडवेज बसों के अंदर न आने से महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों, व्यापारियों व नगरवासियों को बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। रात्रि में घटनाएं भी हो सकती है। प्रशासन से आहवान किया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए कि जब डग्गामार वाहनों का संचालन नगर के अंदर से हो रहा है तो फिर रोडवेज बसों का संचालन भी नगर के अंदर से हो, नहीं तो फिर डग्गामार वाहनों के स्टैंड को भी नगर से बाहर करते हुए डग्गामार वाहनों का संचालन भी नगर के बाहर से ही होना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो फिर खागा से लेकर ऊपर प्रशासन तक ज्ञापन, प्रदर्शन करने को मजबूर होगें। बैठक में वरिष्ठ जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह यादव उर्फसोनू, युवा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्त, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष अमिताभ शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय अग्रहरि, मनोज शुक्ला, वरिष्ठ महामंत्री अतुल साहू, वरिष्ठ संरक्षक कमलेश बाजपेई, शहर अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, महामंत्री दीपक साहू, जिला मीडिया प्रभारी अनुपम शुक्ल, मंत्री विकास यादव, मिंटू सोनी मौजूद रहे।

## प्रधान व लेखपाल की मिलीभगत से जीएस लैंड पर कब्जा

**फतेहपुर।** खागा तहसील के लोधौरा ग्राम पंचायत में सार्वजनिक सुरक्षित भूमि पर भू-माफियाओं की नजर लग गई है। इनके बेख़ौफी का आलम यह है कि ग्रामसभा में सुरक्षित भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। मामले में ग्राम प्रधान व लेखपाल की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। इनकी मिलीभगत से उपरोक्त लोग भू-माफियाओं से लाखों रुपए की रिश्वत लेकर अवैध कब्जा कराए जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण ने मुख्यमंत्री से शिकायत की है। लोधौरा गांव निवासी प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र दिया। बताया कि ग्राम पंचायत में खलिहान, प्राइमरी स्कूल, मंदिर, अस्पताल आदि की सार्वजनिक सुरक्षित भूमि है। इन जमीनों पर स्थानीय भू-माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा करते हुए निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीण प्रताप सिंह का कहना है कि इनमें कुछ जमीनों पर उनकी भूमिधरी भी है। आरोप है कि जिस पर अवैध कब्जा कराने के नाम पर ग्राम प्रधान व हल्का लेखपाल ने लाखों रुपए रिश्वत लेकर जीएस की सुरक्षित भूमि पर भू-माफियाओं का कब्जा करा रहे हैं। जिसके चलते आज तक लेखपाल ने तहसील प्रशासन को जीएस की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे की कोई रिपोर्ट तहसील प्रशासन को नहीं दी है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते इस ओर जिला प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो गांव की जीएस भूमि को खत्म होने में देर नहीं लगेगी। इस पूरे मामले की शिकायत ग्रामीण प्रताप सिंह ने जनता दरबार में मुख्यमंत्री से करते हुए ग्राम सभा की सुरक्षित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग की है।

## अज्ञात चोरों ने सोलर पैनल किए पार

**रूरा, कानपुर देहात।** कस्बा रूरा के चौराहे पर स्थित दुकान से शनिवार की रात्रि अज्ञात चोर द्वारा छत पर लगे पैनल चोरी कर लिया गया है। थाना क्षेत्र के गैजूमऊ के रहने वाले बृज किशोर कस्बा रूरा चौराहे पर काव्या कॉस्मेटिक नाम से दुकान किए हुए है दुकान पर बिजली व्यवस्था के लिए लगभग 7000 रुपए की कीमत का 170 वाट का सोलर पैनल छत पर बैटरी चार्ज करने के लिए लगा हुआ है। रविवार की सुबह जब पीड़ित ने दुकान खोल कर लाईट जलाई, लाईट ना जलने पर छत पर जाकर देखा तो पैनल गायब था। दुकान के पीछे बनी बाउंड्री से कूद कर चोर जीने से छत पर चढ़ गए। पीड़ित की दुकान थाने से महज 400 मीटर दूरी पर है चौराहे पर रात्रि में पुलिस पिकेट भी रहती है इसके बावजूद पुलिस को ठेंगा दिखा चोर पैनल चोरी कर ले गए है। थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

## दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत, दो गंभीर

संडीला, हरदोई। दो सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार लखनऊ हरदोई मार्ग पर एक बाइक पर सवार होकर जा रहे तीन युवकों को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। यह हादसा कुरना गेट के पास हुआ। बताया गया है कि ग्राम समसपुर निवासी नन्हक्के औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक अनाज के गोदाम में काम करता था। वह देर शाम को अटल बिहारी निवासी ग्राम समसपुर और आयुष के साथ बाइक से घर जाने के लिए निकला। इसी बीच किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने जब तड़पते हुए देखा तो उन्होंनें पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने नन्हक्के को मृत घोषित कर दिया जबकि अटल बिहारी और आयुष की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें ट्रॉमासेंटर भेज दिया गया। दूसरा हादसा ग्राम सोम के पास हुआ। बताया जाता है कि ग्राम पड़री निवासी 25 वर्षीय वारिस मोहल्ला सुम्बाबाग में अपने पिता सफ़दर के साथ चाय का टी स्टॉल चलाता था। वह अपने दोस्त अनूप से मिलने के लिए बाइक से औद्योगिक क्षेत्र गया था। वापस लौटते समय ईंट से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली ने उसको टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उठाकर सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## अंतर्जनपदीय दो शातिर चोर गिरफ्तार

**मोहम्मदी खीरी।** पुलिस ने दो शातिर चोरो को किया गिरफ्तार, चार जनपदों मे 18 से ज्यादा मुकदमें है दर्ज, प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि रेहरिया चौकी इंचार्ज हिमांशु आनंद, उप निरीक्षक बाबूराम, संजीत तिवारी ,विक्रांत चौधरी सहित अन्य टीम के माध्यम से संजय उर्फ संजू और अरविंद कुमार जनपद सीतापुर को दो अवैध तमंचे, दो मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से 14000 रुपए नगद, 14 अदद सिक्के सफेद धातु, एक जोड़ी बड़ी पायल, 3 जोड़ी पायल, एक जोड़ी टपस, एस मांग टीका, एक जोड़ी झाले तथा तीन जोड़ी बिछिया बरामद की गई हैं, जिन पर लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर ,बहराइच जिले में लगभग 18 मुकदमा दर्ज है, तथा लखनऊ में गैंगस्टर की कार्रवाई भी हो चुकी है।

# मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार पर कांग्रेस की विवाद पैदा करने की कोशिश निराशाजनक : हिमंत



**गुवाहाटी।** (भाषा) असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कांग्रेस पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार को लेकर विवाद पैदा करने का प्रयास करने का आरोप लगाया, जबकि केंद्र ने उनकी विरासत के सम्मान में एक उपयुक्त स्मारक बनाने की घोषणा की है। शर्मा ने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि कांग्रेस ने इस तरह की उपेक्षा दिखाई है - फिर चाहे वह नरसिंह राव की विरासत के प्रति हो या प्रणब मुखर्जी की, पार्टी ने दुर्भाग्य से अपने ही लोगों के प्रति उदासीनता बरती है। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कांग्रेस ने केंद्र पर आरोप लगाया है कि उसने देश के पहले सिख प्रधानमंत्री सिंह का अपमान किया है। उनका अंतिम संस्कार किसी निर्धारित स्थान पर करने के बजाय निगमबोध घाट पर किया गया, जिसे उनका स्मारक बनाया जा सकता था। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा था कि भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार ने निगमबोध घाट पर सिंह का अंतिम संस्कार करके उनका पूरी तरह अपमान किया है।भाजपा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने सिंह के स्मारक के लिए स्थान आवंटित करने का फैसला किया है और उनके परिवार को भी इसकी जानकारी दी है। भाजपा ने कांग्रेस पर पूर्व प्रधानमंत्री के अंतिम संस्कार को लेकर सस्ती राजनीति करने का आरोप लगाया। शर्मा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अद्वितीय गरिमा और बुद्धि के धनी राजनेता डॉ. मनमोहन सिंह जीवन और मृत्यु दोनों में इससे बेहतर के हकदार थे। यह देखना बेहद निराशाजनक है कि कांग्रेस पार्टी उनकी अंतिम यात्रा को लेकर विवाद खड़ा करने की कोशिश कर रही है, जिससे उनकी अंतिम यात्रा की गरिमा कम हो रही है। शर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने पहले ही उनकी विरासत का सम्मान करने के लिए एक उपयुक्त स्मारक की घोषणा की है, जो राष्ट्र की कृतज्ञता को दर्शाता है। फिर भी, कुछ लोगों की हरकतें, जो शोक के इस क्षण को राजनीतिक लाभ के अवसर में बदलना चाहते हैं, बेहद दर्दनाक हैं। उन्होंने कहा, जनता को अब भी याद है कि डॉ. सिंह के कार्यकाल के दौरान उन पर क्या-क्या अत्याचार किए गए, जिनमें राहुल गांधी के वे अनुचित भाव-भंगिमाएं भी शामिल हैं, जिनसे उनकी छवि को ठेस पहुंची। ऐसी हरकतें देश की स्मृति में अंकित हैं। भाजपा में शामिल होने से पहले कांग्रेस में रहे शर्मा ने कहा कि निधन के बाद सिंह की विरासत को राजनीतिक अवसरवाद से कलंकित नहीं किया जाना चाहिए।

## पेरिया दोहरा हत्याकंडः माकपा नेता बोले, इस मामले से पार्टी का कोई संबंध नही

**पतनमथिट्टा।** केरल के पेरिया में पांच वर्ष पहले युवा कांग्रेस के दो कार्यकर्ताओं की हत्या के मामले में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की संलिप्तता नहीं होने के अपने रुख को दोहराते हुए पार्टी की केंद्रीय समिति के सदस्य एके बालन ने रविवार को कहा कि न तो पार्टी और न ही उसके शीर्ष नेताओं को इस घटना की कोई जानकारी थी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक अदालत ने शनिवार को इस मामले में माकपा के एक पूर्व विधायक सहित 14 आरोपियों को दोषी ठहराया था, जिसके बाद बालन ने यह बयान दिया। माकपा नेता ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए आश्वासन दिया कि मामले के आरोपियों को कानून का सामना करना पड़ेगा।

# सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए कर रही है प्रयासः दयाशंकर

### परिवहन मंत्री ने विधायक खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह -विधानसभा के सभी ब्लाक में आयोजित होगा, विधायक खेल महाकुंभः भूपेश चौबे



**सोनभद्र।** विधायक खेल महाकुंभ के तहत तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता चतरा रामगढ़ स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माडल इंटरमीडिएट कालेज प्रांगण में प्रारंभ है। दूसरे दिन रविवार को प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। परिवहन मंत्री ने वालीबाल, खो-खो और वरिष्ठ नागरिक का खेल रस्सा-कस्सी का प्रदर्शन देखा। उन्होनें कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। ऐसे आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभा निखरकर सामने आती है। निश्चित रूप से खेल में हार-जीत होती रहती है, लेकिन इससे कुछ नया सीखने और बेहतर करने की जरूरत है। सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि सोमवार को सिलथम स्थित आदिवासी इंटर कालेज में खेल महाकुंभ के तहत दौड़, निबंध आदि खेल का आयोजन किया गया है। बताया कि विधायक खेल महाकुंभ विधानसभा के सभी ब्लाक में आयोजित किए जाएंगे। चतरा ब्लाक में प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन में रस्सा-कस्सी, वालीबाल, कबड्डी, शतरंज, खो-खो, क्रिकेट और दौड़ शामिल है। ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। शीर्ष रहने वाले खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का एक प्लेटफार्म तैयार किया गया है, जो उनके खेल को निखारने में अहम भूमिका निभाएगा। इस मौके पर एसडीएम उत्कर्ष द्विवेदी अमरेश पटेल लालजी शुक्ला राजबहादुर सिंह विनय श्रीवास्तव आदि रहे।

# रोपवे परियोजना के खिलाफ कटरा में लगातार पांचवें दिन बंद, भाजपा विधायक की भूख हड़ताल की धमकी

**रियासीजम्मू।** (भाषा) जम्मू-कश्मीर में वैष्णो देवी तीर्थयात्रा के आधार शिविर कटरा के कपाट त्रिकूट पहाड़ियों में प्रस्तावित रोपवे परियोजना के खिलाफ प्रदर्शन के चलते रविवार को लगातार पांचवें दिन बंद रहे। इस दौरान भाजपा के विधायक बलदेव राज शर्मा ने हिरासत में लिए गए लोगों को 24 घंटे में रिहा नहीं किए जाने पर भूख हड़ताल करने की धमकी दी। इस बीच, शहर में पहले हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिरासत में लिए गए लोगों को रिहा करने की मांग को लेकर पांच लोगों की भूख हड़ताल जारी है। बंद का आह्वान करने वाली श्री माता वैष्णों देवी संघर्ष समिति ने कहा कि बंद के दौरान कटरा में सभी गतिविधियां निलंबित रहेंगी।समिति के बंद के आह्वान के बाद कटरा में लगातार पांचवें दिन दुकानें, रेस्तरां और कारोबारी प्रतिष्ठान बंद रहे और यातायात सड़कों से नदारद रहा। बुधवार को शुरू हुए बंद से कटरा में आम जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, जहां वैष्णों देवी गुफा मंदिर के दर्शन करने प्रतिदिन हजारों तीर्थयात्री आते हैं। रविवार को प्रदर्शनकारियों में शामिल हुए शर्मा ने प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर हिरासत में लिए गए समिति के सदस्यों को 24 घंटे के अंदर रिहा नहीं किया जाता में लिए गए समिति के सदस्यों को 24 घंटे के अंदर रिहा नहीं किया जाता तो सिलसिलेवार भूख हड़ताल की जाएगी।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक ने प्रदर्शनकारियों से कहा, अगर प्रशासन हिरासत में लिए गए लोगों को रिहा नहीं करता है तो मैं अपने लोगों के साथ भूख हड़ताल पर बैठूंगा।

प्रशासन को उन्हें तुरंत रिहा करना चाहिए। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने पिछले महीने उन वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और अन्य लोगों के लिए मंदिर तक पहुंच की सुविधा के लिए रोपवे स्थापित करने की योजना की घोषणा की थी, जिन्हें गुफा मंदिर तक 13 किलोमीटर का रास्ता तय करने में परेशानी होती है।लगभग 250 करोड़ रुपए की प्रस्तावित रोपवे परियोजना के तहत ताराकोटे मार्ग को रियासी जिले में गुफा मंदिर तक जाने वाले सांझी छत से जोड़ेगी।

## गुजरात के भरूच में रासायनिक संयंत्र में जहरीली गैस की चपेट में आने से चार कर्मचारियों की मौत

**भरूच।** गुजरात मे भरूच जिले के दहेज स्थित एक रासायनिक संयंत्र में जहरीली गैस का रिसाव होने से चार कर्मचारियो की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। दहेज थाने के निरीक्षक बी.एम. पाटीदार ने बताया कि शनिवार रात करीब 10 बजे गुजरात फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड (जीएफएल) की एक उत्पादन इकाई में पाइप से जहरीली गैस के रिसाव की चपेट में आने से कर्मचारी बेहोश हो गए। अधिकारी ने बताया कि चारों कर्मचारियों को भरूच के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जिनमें से तीन की रविवार तड़के करीब तीन बजे मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने सुबह छह बजे दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा, घटना रात करीब 10 बजे हुई। कंपनी के सीएमएस संयंत्र के भूतल से गुजर रहे पाइप से गैस रिसाव होने के कारण चार कर्मचारी बेहोश हो गए। उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चारों की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और घटना की जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान राजेश कुमार (गुजरात), मुद्रिका यादव (झारखंड), सुशीत प्रसाद और महेश नंदलाल (दोनों उत्तर प्रदेश से) के रूप में हुई है। दहेज स्थित जीएफएल के उपमहाप्रबंधक जिग्नेश परमार ने संवाददाताओं को बताया कि वे मामले की जांच करेंगे और मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा, कंपनी और प्रबंधन इस घटना से दुखी हैं।

# पूर्व आईपीएस आचार्य रकिशोर कुणाल का निधन

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शोक जताया

पटना। (भाषा) बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड (बीएसबीआरटी) के पूर्व प्रमुख और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल का रविवार की सुबह पटना में हृदयाघात से निधन हो गया। उनके परिवार के सदस्यों ने यह जानकारी दी। कुणाल के परिवार के सदस्यों ने बताया कि उन्हें सुबह हृदयाघात हुआ जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उनका निधन हो गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कुणाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि दिवंगत आचार्य किशोर कुणाल एक कुशल प्रशासक एवं संवेदनशील अधिकारी थे। उन्होंने कहा कि कुणाल विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से भी जुड़े रहे और उन्होंने महावीर मंदिर न्यास समिति के सचिव के पद पर रहते हुए विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्य किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुणाल ने बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष पद पर रहते हुए अपने कार्यों को सफलतापूर्वक संपादित किया। कुमार ने कहा कि कुणाल के निधन से प्रशासनिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किशोर कुणाल के निधन पर शोक व्यक्त किया। उपमुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा, किशोर कुणाल जी का जीवन समाज सेवा, धार्मिक और सांस्कृतिक उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने महावीर मंदिर को एक राष्ट्रीय पहचान दिलाई और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अभूतपूर्व कार्य किए। उनके योगदान को शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। उपमुख्यमंत्री ने कहा, उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति और उनके परिवार को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। कुणाल (74) ने पटना के महावीर मंदिर के पुनर्निर्माण से लेकर महावीर आरोग्य संस्थान, महावीर कैंसर संस्थान, महावीर वात्सल्य अस्पताल, महावीर नेत्रालय, महावीर वरिष्ठ नागरिक अस्पताल समेत नौ चैरिटेबल अस्पतालों की स्थापना की। उन्होंने बिहार के पूर्वी चंपारण में विराट रामायण मंदिर के निर्माण का बीड़ा भी उठाया और 20 जून, 2023 को इस मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हुआ। कुणाल के प्रयास से गत 12 दिसंबर को बच्चों के इलाज के लिए देश के पहले कैंसर अस्पताल महावीर बाल कैंसर अस्पताल का शिलान्यास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया। आचार्य किशोर कुणाल के प्रयास से अयोध्या के अमावा राम मंदिर परिसर में पटना के महावीर मंदिर की ओर से राम रसोई और सीतामढ़ी स्थित जानकी जन्म स्थान पुनौराधाम में सीता रसोई चलाई जा रही है। 1972 बैच के सेवानिवृत्त भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी कुणाल ने मई 2001 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। वह अगस्त 2001 से फरवरी 2004 तक बिहार के दरभंगा स्थित केएसडी संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति रहे। बाद में उन्होंने स्वेच्छा से पद त्याग दिया। कुणाल 23 मई, 2006 को बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के प्रशासक बने और 2010 में इसके अध्यक्ष बने। उन्होंने 10 मार्च, 2016 को इस पद से इस्तीफा दे दिया।

# आस्था का केंद्र बने बड़े हनुमान के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

### पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी के आने के बाद से बढ़ा लोगों का उत्साह, देवकी नंदन ठाकुर, राजपाल यादव गुरमीत चौधरी, साक्षी महाराज समेत पहुंचने लगे तमाम वीआईपी-संगम के किनारे जुटने लगे सेलेब्रिटी और अंतरराष्ट्रीय कथावाचक-कॉरिडोर बनने के बाद जुटने लगे देश विदेश से पर्यटक



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में नए साल से पहले ही आस्था के केंद्र बने बड़े हनुमान के दर्शन के लिए अचानक चौगुना श्रद्धालु उमड़ने लगे हैं। हनुमान मंदिर के कॉरिडोर बनने के बाद से श्रद्धालुओं की संख्या महाकुम्भनगर में पहले से काफी बढ़ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संगम किनारे सभा के बाद से महाकुम्भनगर में बढ़ता लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा है। संगम के किनारे श्रद्धालुओं के साथ साथ सेलेब्रिटी और अंतरराष्ट्रीय कथावाचक भी जुटने शुरू हो गए हैं। हनुमान मंदिर के प्रमुख पुजारी सूरज राकेश पाण्डेय ने बताया कि बड़े हनुमान के दर्शन के लिए सामान्य दिनों की अपेक्षा चौगुना श्रद्धालु आने लगे हैं। बड़े हनुमान मंदिर के महंत एवं श्रीमठ बाघंबरी पीठाधीश्वर बलवीर गिरी जी महराज ने देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तमाम इंतजाम किए हैं। श्रद्धालुओं को हनुमान जी के दर्शन करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। मंदिर परिसर की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। साथ ही साथ श्रद्धालुओं के एंट्री और एग्जिट के लिए अलग अलग रास्ते बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी की गत दिनों संगम किनारे सभा के बाद से अचानक श्रद्धालुओं की आस्था बढ़ गई है। महाकुम्भ नगर में संगम के किनारे तमाम सेलेब्रिटी का पहुंचना शुरू हो गया है। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक शिवाकांत महाराज और अन्य प्रमुख लोगों ने पहुंचकर बड़े हनुमान का दर्शन किया। इनके अलावा देवकीनंदन ठाकुर राजपाल यादव गुरमीत चौधरी साक्षी महाराज समेत बड़ी संख्या में देश के वीआईपी का संगम पहुंचकर सबसे पहले हनुमान मंदिर दर्शन करने का सिलसिला शुरू हो गया है।

# महाकुम्भ में संत बोले-सनातन के नव अंकुरण हैं योगी

### दक्षिण पीठ के जगद्गुरु से लेकर अयोध्या धाम के संतों ने सीएम योगी को दिया महाआयोजन का श्रेय। योगी के बटेंगे तो कटेंगे के नारे के समर्थन में देश के संत, बोले सनातन सात्विक है पर कायर नहीं सनातन के प्रति देशवासियों में नई लहर, बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर दे रहे एकता का संदेश




**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ को लेकर तीर्थराज देश के दिग्गजों का सदैव से ही केंद्र रहा है लेकिन पहली बार इतने बड़े स्तर पर सनातन को लेकर जागरूकता शुरू की गई है। इसकी विधिवत शुरुआत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की है। योगी के बंटेंगे तो कटेंगे नारे के समर्थन में देश के संत उतर पड़े हैं। उनका कहना है कि सीएम योगी सनातन के नव अंकुरण हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में महाकुम्भ को लेकर पहली बार इतना बड़ा आयोजन किया जा रहा है। जिसका पूरा श्रेय महाकुम्भ नगर के संत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देते हैं। मुख्यमंत्री और सनातन की एकता के संदेश वाले बड़े बड़े होर्डिंग संगम किनारे देखे जा सकते हैं। नाणीजधाम दक्षिण पीठ के जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य के विशालकाय पोस्टर में बड़े बड़े अक्षरों में लिखा है कि सनातन सात्विक है पर कायर नहीं। इसके अलावा सभी हिंदुओं में एकता हो समेत विभिन्न प्रकार के नारों से श्रद्धालुओं में सनातन के प्रति उत्साह प्रदर्शित किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री योगी को युगपुरुष बताया

दक्षिण पीठ के जगद्गुरु से लेकर अयोध्या धाम तक के संतों ने मुख्यमंत्री योगी को युगपुरुष बताया है। श्री राम वैदेही मंदिर अयोध्या धाम के मुख्य महंत एवं रघुवंश संकल्प सेवा के प्रमुख स्वामी दिलीप दास त्यागी महाराज ने मुख्यमंत्री योगी को धर्मनिष्ठ मुख्यमंत्री की संज्ञा दी है। त्यागी महाराज का कहना है कि योगी आदित्यनाथ से पहले भी प्रदेश के तमाम मुख्यमंत्री हुए लेकिन इतना विहंगम महाकुम्भ इनके ही कार्यकाल में पहली बार देखने के लिए मिला है। योगी का नियमित महाकुम्भ नगर का दौरा ये साबित करने के लिए काफी है कि मुख्यमंत्री श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कितने चिंतित रहते हैं। दिलीप दास त्यागी महाराज के अनुसार योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के श्रद्धालुओं का तो ध्यान रख ही रहे हैं। समूचे देश के श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुव्यवस्था को संभालने में पीएम मोदी के बाद सबसे ज्यादा समर्पित हैं।

## पेज 1 का शेष

### हम्पी...

वजह से संभव हुआ। मेरे पति और मेरे माता-पिता वे मेरा बहुत समर्थन करते हैं। जब मैं यात्रा करती हूं तो मेरे माता-पिता मेरी बेटी की देखभाल करते हैं। हंपी ने कहा, 37 साल की उम्र में विश्व चैंपियन बनना आसान नहीं है। जब आपकी उम्र बढ़ती है तो उस प्रेरणा को बनाए रखना और जरूरत पड़ने पर चुस्त बने रहना काफी मुश्किल होता है। मुझे खुशी है कि मैं यह कर पाई। अनुभवी हंपी ने स्वीकार किया कि पहले दौर की हार के बाद वह खिताब के बारे में नहीं सोच रही थीं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि पहले दौर की हार के बाद मैं खिताब के बारे में नहीं सोच रही थी लेकिन चीजें अच्छी हो गईं, खासकर कल लगातार चार बाजी जीतने से मुझे मदद मिली।

### सेना...

से प्रभावित हैं। काम के प्रति आपकी लगन मुझे प्रेरित करती है। सिंह ने कहा कि वह कह सकते हैं कि सबसे आकर्षक बात है काम के प्रति आपकी लगन और जिम्मेदारी की भावना। यह हम सभी के लिए प्रेरणादाई है। इससे पहले, सिंह ने थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के साथ महू में डॉ. बी.आर. आंबेडकर के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। भारत के संविधान के मुख्य निर्माता डॉ. आंबेडकर का स्मारक महू छावनी के काली पलटन क्षेत्र में उनके जन्मस्थान पर बनाया गया है।

### दक्षिण कोरिया...

विमान हवाई पट्टी पर फिसलकर एक कंक्रीट की दीवार से टकराता हुआ दिखता है। अन्य स्थानीय टीवी चैनलों द्वारा प्रसारित वीडियो में विमान से काले धुएं का गुबार निकलता दिखा। मुआन अग्निशमन केंद्र के प्रमुख ली जियोंग-ह्योन ने संवाददाताओं से कहा कि विमान पूरी तरह से नष्ट हो गया है। ली ने बताया कि कर्मचारी दुर्घटना के कारणों के बारे में विभिन्न संभावनाओं की जांच कर रहे हैं। इसमें विमान के पक्षियों से टकराने के पहलू की भी जांच की जा रही है। परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि संचार रिकॉर्ड के उनके शुरुआती आकलन से पता चला कि हवाई अड्डे के नियंत्रण टावर ने विमान को उतरने से कुछ समय पहले पक्षियों के टकराने की चेतावनी जारी की और पायलट को एक अलग क्षेत्र में उतरने की अनुमति दी। अधिकारियों ने कहा कि पायलट ने दुर्घटना से पहले संकट संकेत भेजा था। परिवहन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी जू जोंग-वान ने बताया कि कर्मचारियों ने विमान के ब्लैक बॉक्स से उड़ान डेटा और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर प्राप्त कर लिए हैं, जिसकी जांच सरकारी विशेषज्ञ द्वारा की जाएगी तथा दुर्घटना और आग के कारणों का पता लगाया जाएगा। जू ने बताया कि मुआन हवाई अड्डे का रनवे एक जनवरी तक बंद रहेगा। मुआन में आपातकालीन अधिकारियों ने कहा कि विमान के लैंडिंग गियर में खराबी आ गई थी। थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा ने एक्स पर एक पोस्ट में दुर्घटना से प्रभावित लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया है। थाईलैंड के हवाई अड्डा निदेशक केराती किजमानावत ने एक बयान में पुष्टि की कि जेजू एयर की उड़ान 7सी 2216 ने सुवर्णभूमि हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी और विमान या रनवे पर असामान्य स्थिति की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। जेजू एयर ने एक बयान में दुर्घटना को लेकर गहरा खेद व्यक्त किया और कहा कि वह दुर्घटना के बाद स्थिति को संभालने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। जेजू एयर के अध्यक्ष किम ई-बे ने शोक संतप्त परिवारों से माफी मांगी और कहा कि वह इस घटना की पूरी जिम्मेदारी लेते है। किम ने कहा कि कंपनी ने नियमित जांच के बाद विमान में किसी भी यांत्रिक समस्या की पहचान नहीं की है और वह घटना के कारणों का पता लगाने के लिए सरकारी जांच के नतीजों की प्रतीक्षा करेंगे। मुआन दुर्घटना दक्षिण कोरिया के विमानन इतिहास की सबसे घातक आपदाओं में से एक है। पिछली बार दक्षिण कोरिया को बड़ी हवाई दुर्घटना का सामना 1997 में करना पड़ा था, जब कोरियाई एयरलाइन का एक विमान गुआम में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 228 लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2013 में, सैन फ्रांसिस्को में एशियाना एयरलाइंस का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी और लगभग 200 घायल हो गए थे।

### घने...

साथ और भी अधिक गिरावट का सामना करना पड़ेगा। इसी तरह, मध्य भारत में तीन से पांच डिग्री की गिरावट देखने को मिलेगी, जबकि महाराष्ट्र में सप्ताह के अंत तक तापमान में दो से चार डिग्री की गिरावट देखने को मिलेगी। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में भीषण शीतलहर की स्थिति का सामना करने की संभावना है और 30 दिसंबर से इन क्षेत्रों के कुछ इलाकों में ठंडे दिन रहने का अनुमान है। घने से लेकर बहुत घने कोहरे के साथ-साथ ठंड के मौसम की स्थिति भी बनेगी, खासकर देर रात और सुबह के समय, जिससे यात्रा के लिए खतरनाक स्थिति पैदा होगी। आईएमडी ने यह भी चेतावनी दी है कि 30 दिसंबर को उत्तर प्रदेश कोहरा छाएगा, जबकि हिमाचल प्रदेश में 1 जनवरी तक इसी तरह की स्थिति रहने की उम्मीद है। पूर्वोत्तर में, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा जैसे क्षेत्रों में 2 जनवरी तक कोहरा छाया रहेगा, जिसके कारण अधिकारियों ने निवासियों और यात्रियों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

### कर्नाटक...

बीदर के एक ठेकेदार पंचाल, जिसने मंत्री प्रियांक खड़गे के करीबी राजू द्वारा उत्पीड़न के कारण आत्महत्या कर ली थी, सुसाइड नोट से चौंकाने वाली और गंभीर जानकारी का पता चलता है कि उसने हमारे विधायक बसवराज मट्टीमाडु, भाजपा नेताओं चंदू पाटिल, मणिकांठा राठौड़ और अंडोला स्वामी को मारने के लिए सुपारी दी थी। पार्टी सूत्रों ने कहा कि विजयेंद्र और वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों ने भी जल्द ही पंचाल के घर जाने का फैसला किया है।

### एमपी...

उसके कपड़े भी गीले थे और उसके मुंह में कीचड़ पाया गया था। ऋषिश्वर ने बताया कि चिकित्सकों ने हाइपोथर्मिया (एक ऐसी स्थिति जो तब होती है जब शरीर का तापमान 95 डिग्री फारेनहाइट से कम हो जाता है) के कारण शरीर के अंग जमने की भी जांच की। राघौगढ़ के कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने घटनास्थल से फोन पर बात कर पीटीआई-भाषा को बताया था कि बचावकर्मियों ने रातभर काम किया और गड्ढे और बोरवेल के बीच एक समानांतर गड्ढा खोदकर लड़के तक पहुंचने का प्रयास किया। गुना के जिलाधिकारी सतेंद्र सिंह ने बताया कि बच्चा करीब 39 फुट की गहराई में फंसा हुआ था। बोरवेल करीब 140 फुट गहरा है। जिलाधिकारी ने बताया कि बोरवेल में पानी नहीं आया था, इसलिए उसे ढका नहीं गया था। शनिवार देर शाम भोपाल से पहुंची राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम ने बचाव अभियान में मदद की। सुमित के परिवार के सदस्य तब घबरा गए जब उन्होंने उसे काफी देर तक नहीं देखा। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि जब उसकी तलाश की गई तो पता चला कि वह बोरवेल में गिर गया है।

### उफनते..

एजेंसियों को ऐसे बड़े नालों की सफाई करनी चाहिए, ऐसे में जब विदेशी आते हैं तो इससे वैश्विक स्तर पर हमारी छवि खराब होती है। खानपुर और सैनिक फार्म क्षेत्र के निवासी जो दिल्ली मेट्रो के निर्माण कार्य के कारण अपने सामान्य जीवन में दैनिक आधार पर असुविधा का सामना करने वाले बताते हैं कि कैसे नाला उनके जीवन को और भी बदतर बना रहा है। सैनिक फार्म में रहने वाले एक व्यक्ति ने कहा, जब नाले की बदबू हमारे घर तक पहुँचती है, जो इसके बहुत नज़दीक नहीं है, तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह कैसा होगा, उन्होंने कहा कि मानसून में यह ओवरफ्लो हो जाता है जिससे सड़कों पर जलभराव हो जाता है और इस क्षेत्र से यात्रा करना मुश्किल हो जाता है। दिल्ली में कई एजेंसियां हैं जो शहर के बड़े और छोटे नालों का प्रबंधन करती हैं, लेकिन उच्च न्यायालय ने उनकी देखभाल के लिए एक ही एजेंसी को कहा है। इसके अलावा, जल निकासी प्रणाली का वर्तमान डिजाइन, जो लगभग 50 वर्ष पहले 1976 में बनाया गया था, में भी सुधार की आवश्यकता है, क्योंकि यह एक दिन में केवल 50 मिमी बारिश का ही जल निकास कर सकती है, तथा जब भी भारी बारिश होती है, तो शहर की स्थिति अत्यंत खराब हो जाती है।

पायनियर
नई दिल्ली , सोमवार, 30 दिसम्बर, 2024



# महाकुंभ का संदेश एकता स्थापित करना है : प्रधानमंत्री

भाषा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महाकुंभ को एकता का महाकुंभ बताया और लोगों से इस आगामी भव्य धार्मिक समागम से समाज से नफरत और विभाजन को खत्म करने के संकल्प के साथ लौटने का आग्रह किया। मोदी ने अपने मासिक मन की बात कार्यक्रम में कहा, महाकुंभ का संदेश एक हो पूरा देश। उन्होंने कहा, गंगा की अविरल धारा, न बनते समाज हमारा। उन्होंने प्रयागराज में अगले साल 13 जनवरी से आयोजित इस समागम में शामिल होने वाले लोगों की विविधता के मद्देनजर कहा कि विविधता में एकता के ऐसे दृश्य का कोई दूसरा उदाहरण नहीं है। उन्होंने कहा, महाकुंभ की विशेषता न केवल इसकी विशालता बल्कि इसकी विविधता में भी है। यह विशाल धार्मिक आयोजन हर 12 साल में आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोग जुटते हैं और संत, हजारों परंपराएं, सैकड़ों संप्रदाय और कई अखाड़े इसका हिस्सा बनते हैं। उन्होंने कहा, इस आयोजन में करोड़ों लोग एक साथ एकत्रित होते हैं। लाखों संत, हजारों परंपराएं, सैकड़ों संप्रदाय, अनेकों अखाड़े, हर कोई इस आयोजन का हिस्सा बनता है। कहीं कोई भेदभाव नहीं दिखता है, कोई बड़ा नहीं होता है, कोई छोटा नहीं होता है। उन्होंने कहा, अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलेगा। इसलिए हमारा कुंभ एकता का महाकुंभ भी होता है। प्रधानमंत्री ने कहा, इस बार का महाकुंभ एकता के महाकुंभ के मंत्र को और मजबूत करेगा। जब हम कुंभ में भाग लें, तो एकता का संकल्प भी साथ लेकर चलें। समाज में विभाजन और नफरत की भावना को खत्म करने



का संकल्प भी लें। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस आयोजन में पहली बार एआई चैटबॉट का इस्तेमाल किया जाएगा और डिजिटल नेविगेशन (दिशा सूचक प्रणाली) की सुविधा से लोगों को अलग-अलग घाटों, मंदिरों और साधुओं के अखाड़ों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि एआई चैटबॉट के जरिए महाकुंभ से जुड़ी जानकारी 11 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होगी। मोदी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 2015 से 2023 के बीच देश में मलेरिया के मामलों और इससे होने वाली मौतों में 80 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा, यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। उन्होंने कहा कि असम के जोरहाट के चाय बागानों में चार साल पहले तक मलेरिया चिंता का प्रमुख कारण हुआ करता था, लेकिन मच्छर जनित इस बीमारी के खिलाफ मुहिम में लोगों की भागीदारी से इसके उन्मूलन में कामयाबी मिली है। स्वास्थ्य के मोर्चे पर एक और सफलता का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने मेडिकल जर्नल लांसेट में छपे एक अध्ययन का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि भारत में कैंसर का समय पर इलाज शुरू होने की संभावना बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि कैंसर रोगियों को समय पर उपचार दिलाने में आयुष्मान भारत योजना ने बड़ी भूमिका निभाई है। इस योजना की वजह से 90 प्रतिशत कैंसर रोगी समय पर अपना उपचार शुरू कर पाए हैं। पैसे की कमी के कारण पहले गरीब रोगी कैंसर की जांच और उसके उपचार से कतराते थे। अब आयुष्मान भारत योजना उनके लिए बड़ा सहारा बन गई है। उन्होंने कहा, कैंसर से लड़ने का एक ही मंत्र है-जागरूकता, कार्वाई और आश्वासन। जागरूकता का मतलब है कैंसर और इसके लक्षणों के बारे में जागरूकता, कार्वाई का मतलब है समय पर निदान और उपचार, आश्वासन का मतलब है यह विश्वास कि मरीजों के लिए हर तरह की मदद उपलब्ध है। भारत की एनीमेशन फिल्मों, टीवी धारावाहिकों और फिल्मों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी लोकप्रियता देश के रचनात्मक उद्योग की क्षमता को रेखांकित करती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में राज कपूर और मोहम्मद रफी सहित कई महान फिल्म हस्तियों की 100वीं जयंती मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत की रचनात्मक प्रतिभा को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का एक बड़ा अवसर आने वाला है। अगले वर्ष पहली बार हमारे देश में विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट सम्मेलन यानि वेव्स सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन भारत को वैश्विक कंटेंट निर्माण का केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री ने कहा, इस सम्मेलन की तैयारी में देश के युवा क्रिएटर्स भी पूरे जोश से जुड़ रहे हैं।

## भारत फरवरी में वेव्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** भारत अगले साल फरवरी में पहली बार वैश्विक ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) की मेजबानी करेगा, जो देश की रचनात्मक प्रतिभाओं के लिए एक वैश्विक मंच होगा, सहयोग को बढ़ावा देगा और विश्व स्तरीय मनोरंजन सामग्री निर्माण के केंद्र के रूप में देश की क्षमता को प्रदर्शित करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में वेव्स के बारे में विस्तार से बात की। वेव्स की तुलना दावोस में आयोजित होने वाले विश्व आर्थिक मंच जैसे वैश्विक आयोजनों से करते हुए मोदी ने कहा कि मीडिया और मनोरंजन उद्योग के दिग्गजों के साथ-साथ दुनिया भर से रचनात्मक लोग 5 से 9 फरवरी तक आयोजित होने वाले शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली में एकत्र होंगे। उन्होंने कहा, यह शिखर सम्मेलन भारत को वैश्विक मनोरंजन सामग्री निर्माण का केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री ने वेव्स की तैयारियों में युवा रचनाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, जो भारत के रचनात्मक समुदाय की गतिशील भावना को दर्शाता है। उन्होंने देश के युवाओं के उत्साह और रचना क्षेत्र से जुड़ी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में उनके योगदान पर गर्व व्यक्त किया। चाहे आप एक युवा रचनाकार हों या एक स्थापित कलाकार, बॉलीवुड या क्षेत्रीय सिनेमा से जुड़े हों, टीवी उद्योग के पेशेवर हों, एनीमेशन, गेमिंग के विशेषज्ञ हों या मनोरंजन प्रौद्योगिकी के प्रवर्तक हों, मैं आपको वेव्स शिखर सम्मेलन का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करता हूं।

## सरकार ने 11 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी रद्द की

नई दिल्ली। सरकार ने कंपनियों की ओर से ठंडी प्रतिक्रिया के कारण चौथे दौर में 11 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी रद्द कर दी है। नीलामी रद्द करने के नोटिस के अनुसार, 11 में से चार ब्लॉक के लिए कोई बोली नही मिली, जबकि शेष सात खदानों को तीन से कम तकनीकी रूप से पात्र बोलियां मिली। टंगस्टन और ग्लोकोनाइट सहित चार ब्लॉक छत्तीसगढ़ और अरुणाचल प्रदेश मे स्थित है। नोटिस मे कहा गया, चूंकि कोई बोली नही मिली है, इसलिए चार खनिज ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया रद्द कर दी गई है। कोबाल्ट, तांबा, लिथियम, निकेल और रेयर अर्थ जैसे महत्वपूर्ण खनिज पवन टर्बाइन से लेकर इलेक्ट्रिक वाहन तक स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियो के उत्पादन मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। नोटिस मे आगे कहा गया, चूंकि तीन से कम तकनीकी रूप से पात्र बोलियां ही मिली है, इसलिए इन सात खनिज ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया रद्द कर दी गई है। सरकार ने इससे पहले भी बेहतर प्रतिक्रिया नही मिलने की वजह से महत्वपूर्ण खनिज ब्लाक की नीलामी रद्द कर चुकी है। खान मंत्रालय ने इससे पहले कहा था कि चार दौर की नीलामी मे 24 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लाक बेचे गए है।

## एश्योर्ड डिलीवरी प्रोग्राम 87 शहरों में

मुंबई। भारत के प्रमुख इंश्योरेंस प्लेटफॉर्म पॉलिसीबाजार ने हाल ही में अपनी कस्टमर फर्स्ट इनिशिएटिव, एश्योर्ड डिलीवरी प्रोग्राम, में बड़ी सफलता हासिल की है। अब यह कार्यक्रम देश के 87 शहरों में 100 गैरेजों तक पहुंच गया है। इसका 100वां गैराज लेह में खुला जो भारत के हर कोने में इस पहल की पहुंच को दर्शाता है। यह कार्यक्रम उपभोक्ताओं को क्लेम और सर्विस का बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए बनाया गया है। पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के मोटर इंश्योरेंस रिन्यूअल और कस्टमर एक्सपीरियंस के बिजनेस हेड संदीप सराफने कहा कि हमारे एश्योर्ड डिलीवरी प्रोग्राम के तहत 100 गैरेज तक पहुंचना मोटर इंश्योरेंस क्लेम को सरल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह कार्यक्रम मरम्मत में देरी और अपडेट की कमी जैसी आम समस्याओं को हल करने के लिए बनाया गया है। इसमें समर्पित रिलेशनशिप मैनेजर, तय समय में मरम्मत और कैशलेस क्लेम जैसी सुविधाएं दी जाती हैंए जो प्रक्रिया को तेज और आसान बनाती हैं। हम इस सर्विस को और आगे बढ़ाने और पूरे देश में पॉलिसीधारकों के लिए क्लेम को अधिक सरल और पारदर्शी बनाने को लेकर उत्साहित हैं।

## रामानुजम जयंती पर कार्यक्रम संपन्न

लखनऊ। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज निराला नगर लखनऊ में रामानुजम जयंती के कार्यक्रम के क्रम में तीसरे दिन गणित के प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। जिसमें आज विद्या मंदिर के भैया बहनों की 10 टीमो ने सहभागिता दिखाई। कार्यक्रम के संयोजक राजेश आचार्य रहे। संचालन वरिष्ठ आचार्य दिनेश कुमारने किया तथा आभार श्रीमती दीप्ति दीदी ने किया। इस प्रतियोगिता की विजेता टीमों को सम्मानित भी किया गया।

## मधुमक्खियों के हमले में कनिष्ठ अभियंता की मौत

बारीपदा। ओडिशा के मयूरभंज जिले मे रविवार को मधुमक्खियों के झुंड के हमले मे एक कनिष्ठ अभियंता की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियो ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग में कनिष्ठ अभियंता के पद पर कार्यरत 32 वर्षीय बिस्वनाथ मुर्मू ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। रायरंगपुर थाना प्रभारी सुचिन्द्र महालिक ने कहा, रविवार की सुबह महुलडीहा क्षेत्र मे बिस्वनाथ मुर्मू पर उनके घर के बाहर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। इसके बाद वह बेहोश हो गए।

## अभिषेक बनर्जी ने मनमोहन सिंह के निधन पर चुप्पी को लेकर खेल, फिल्मी हस्तियों की आलोचना की



भाषा। कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अभिषेक बनर्जी ने रविवार को खेल और फिल्म क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों की आलोचना करते हुए दावा किया कि वे पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देने के मामले में चुप्पी साधे रहे। सिंह को भारत के महानतम राजनेताओं में से एक बताते हुए बनर्जी ने यह दावा भी किया कि खेल और फिल्म बिरादरी की पूरी तरह चुप्पी की वजह सरकार का डर हो सकती है। बनर्जी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अक्सर रोल मॉडल मानी जाने वालीं खेल और फिल्म उद्योग की प्रमुख हस्तियों को पूरी तरह चुप्पी साधे हुए देखना चौंकाने वाला और निराशाजनक है। डॉ. सिंह के निधन पर शोक जताने में अनिच्छा उनकी प्राथमिकताओं, जिम्मेदारी और ईमानदारी के बारे में असहज कर देने वाले सवाल खड़े करती है। ऐसा प्रतीत होता है कि इस चुप्पी की वजह सरकार का डर है क्योंकि राष्ट्रीय मुद्दों पर चुप रहना इनमें से कई तथाकथित हस्तियों की आदत बन गई है। सिंह (92) का शनिवार को नई दिल्ली में देश-विदेश के शीर्ष गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बनर्जी ने कहा कि यह कोई नहीं बात नहीं है। उन्होंने कहा, ये वही व्यक्ति हैं जो किसानों के विरोध प्रदर्शन, सीएए-एनआरसी आंदोलन और मणिपुर में जारी संकट को लेकर मूक बने रहे हैं। डायमंड हार्बर से सांसद बनर्जी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, उन्होंने आम लोगों से मिले प्रेम का लाभ उठाकर अपनी संपत्ति बनाई और प्रसिद्धि हासिल की, फिर भी जब देश को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है तो वे नैतिक रुख अपनाने से भी कतराते हैं।

## प्रणव की बेटी शर्मिष्ठा ने मांगा कांग्रेस से जवाब

● पार्टी के पतन का आरोप

भाषा। नई दिल्ली

**पूर्व राष्ट्रपति** प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कांग्रेस की दुखद स्थिति पर पार्टी के भीतर गंभीर आत्मनिरीक्षण की जरूरत पर जोर देते हुए रविवार को आरोप लगाया कि देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल का पतन हो चुका है। शर्मिष्ठा मुखर्जी ने अफसोस जताया कि पार्टी की मौजूदा स्थिति और शीर्ष नेताओं के बीच विचारधारा की कमी के कारण कई पुराने कांग्रेस कार्यकर्ता आज अलग-थलग महसूस कर रहे हैं। शर्मिष्ठा ने यह सवाल भी उठाया कि उनके पिता के निधन के बाद कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की कोई बैठक क्यों नहीं बुलाई गई और कोई प्रस्ताव क्यों नहीं पारित किया गया? शर्मिष्ठा ने कहा कि उन्हें बुरा लगा जब उनके पिता के निधन के बाद सीडब्ल्यूसी की कोई बैठक नहीं बुलाई गई। सीडब्ल्यूसी कांग्रेस की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च इकाई है। उन्होंने सवाल किया, कांग्रेस को इसके लिए जवाब देना होगा। मैं केवल तथ्य बता सकती हूं। लेकिन मैं बस इतना जोड़ना चाहती हूं कि मुझे नहीं पता कि यह जानबूझकर किया गया या ए सरासर लापरवाही थी। इतनी पुरानी पार्टी में क्या परंपराएं हैं? शर्मिष्ठा ने पीटीआई वीडियो से कहा, यदि संस्थागत स्मृति लोप हुआ



है, यदि राहुल गांधी और उनके आसपास के लोग यह नहीं जानते कि कांग्रेस ने ऐसी पूर्व स्थितियों में किस प्रकार कार्य किया, तो यह अपने आप में कांग्रेस के भीतर गंभीर और दुखद स्थिति है। कांग्रेस में नेहरू-गांधी परिवार के बाहर के नेताओं के योगदान को मान्यता देने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि (पूर्व प्रधानमंत्री) पी वी नरसिंह राव के साथ क्या किया गया था। उन्होंने कहा, कांग्रेस का पूरा तंत्र, यानी उसका सोशल मीडिया, इस मुद्दे पर तथा कुछ अन्य मुद्दों पर मुझे और मेरे पिता को लगातार निशाना बना रहा था। मेरे और सबसे बड़े नेताओं में से एक मेरे पिता के खिलाफ जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया गया, उससे पता चलता है कि कांग्रेस का वास्तव में पतन हो चुका है। शर्मिष्ठा ने कहा, कांग्रेस को सोशल मीडिया पर ट्रोल करने की बजाय गंभीरता से आत्मचिंतन करना चाहिए कि मेरे जैसा व्यक्ति, जो कांग्रेस की विचारधारा में अटूट विश्वास रखता था, आज पार्टी से अलग-थलग क्यों महसूस कर रहा है? इससे पहले, एक्स पर एक पोस्ट में शर्मिष्ठा ने कहा था, जब बाबा का निधन हुआ तो कांग्रेस ने शोक सभा के लिए सीडब्ल्यूसी की बैठक बुलाने की भी जहमत नहीं उठाई। एक वरिष्ठ नेता ने मुझसे कहा कि राष्ट्रपतियों के लिए ऐसा नहीं किया जाता। यह पूरी तरह से बकवास है क्योंकि बाद में मुझे बाबा की डायरी से पता चला कि के. आर. नारायणन के निधन पर सीडब्ल्यूसी की बैठक बुलाई गई थी और शोक संदेश खुद बाबा द्वारा ही तैयार किया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के स्मारक की स्थापना को लेकर उठे विवाद पर शर्मिष्ठा ने कहा कि वह इस विवाद में नहीं पड़ेंगी, क्योंकि वह अब कांग्रेस का हिस्सा नहीं हैं और उन्होंने राजनीति छोड़ दी है। हालांकि, उन्होंने सिंह के लिए एक स्मारक बनाने की वकालत की और कहा कि देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न भी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को मरणोपरांत दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं इस बारे में कुछ नहीं कहना चाहूंगी, मैं अब कांग्रेस का हिस्सा नहीं हूं, मैंने राजनीति छोड़ दी है। राहुल गांधी ने जो कहा है, कांग्रेस को उसे स्पष्ट करने की जरूरत है। मुखर्जी ने कहा, मुझे लगता है कि मनमोहन सिंह के लिए स्मारक बनाने की मांग पूरी तरह से उचित है। वह भारत में आर्थिक सुधारों के निर्माता थे, वह भारत की विकास गाथा के जनक थे, वह दो बार प्रधानमंत्री रहे। इसलिए उनके सम्मान में स्मारक बनाने की मांग पूरी तरह से उचित है।

## पिता से मतभेद जताने वाले पीएमके अध्यक्ष अंबुमणि ने कहा, अय्या ही हमारे लिए सबकुछ

**तिंदीवनम (तमिलनाडु)।** पीएमके के अध्यक्ष डॉ. अंबुमणि रामदास ने पार्टी के एक महत्वपूर्ण पद पर किसी रिश्तेदार को नियुक्त करने के पार्टी संस्थापक एवं अपने पिता डॉ. एस. रामदास के फैसले पर आपत्ति जताने के एक दिन बाद रविवार को कहा कि उन्होंने अपने पिता से बात की है और अय्या ही उनके लिए सबकुछ हैं। एस. रामदास को पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक सम्मानपूर्वक "मरुथुवर अय्या (डॉक्टर महोदय) या अय्या कहकर संबोधित करते हैं। अंबुमणि ने यहां विल्लुपुरम जिले में अपने पिता एस. रामदास के आवास थाइलापुरम पर उनसे मुलाकात की और बाद में पत्रकारों से कहा कि नियुक्ति विवाद एक आंतरिक मुद्दा है, जिस पर पार्टी चर्चा करेगी।उन्होंने कहा, थाइलापुरम थोट्टम में, अय्या के नेतृत्व में, हमने पार्टी के विकास, 2026 के चुनावों, जाति जनगणना से संबंधित आंदोलनों पर चर्चा की। शनिवार के घटनाक्रम के बारे में पूछे जाने पर राज्यसभा सदस्य अंबुमणि ने कहा कि पीएमके एक लोकतांत्रिक पार्टी है और सभी दलों में लोकतांत्रिक रूप से आयोजित सामान्य परिषद में गर्मागर्म बहस होना आम बात है।उन्होंने कहा, हमारे लिए अय्या ही सबकुछ हैं। हम अय्या से बात कर रहे हैं। प्रदेश की युवा इकाई के अध्यक्ष के रूप में अपने रिश्तेदार पी. मुकुंथन की नियुक्ति के बारे में पूछे जाने पर अंबुमणि ने कहा कि यह पीएमके का आंतरिक मामला है।

## मनमोहन सिंह एक महान व्यक्तित्व थे : जीपी हिंदुजा

**मुंबई।** जीपी हिंदुजा ने अर्थशास्त्री डा. मनमोहन सिंह को याद करते हुए कहा कि अर्थशास्त्रियों में डॉ सिंह एक महान व्यक्तित्व थे। जब दिवालियापन की कगार पर खड़े देश को किसी ऐसे अर्थशास्त्री की जरूरत थी जो भारत की बागडोर संभाले और भारत को एक नई दिशा दे सके। तब वे भारत के भाग्य विधाता बने। 1991 में उनके स्पष्ट दृष्टिकोण ने एक युगांतरकारी बजट के माध्यम से पुनर्जीवित कर राष्ट्र को उदारीकरण की राह पर आगे बढ़ाया जो पहले कभी नहीं देखा गया। उन्होंने भारत की पुरानी संरक्षणवादी नीतियों की बेड़ियों को तोड़ने में मदद की और भारत को दुनिया के लिए खोल दिया। यह एक परिवर्तनकारी कार्य था जिसे भविष्य में आधुनिक भारत के इतिहास में हमेशा स्वर्ण अक्षरों में याद किया जाएगा। जैसा कि हम जानते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण से लेकर लाइसेंस राज के उन्मूलन तक, यह उनके प्रयास भी थे जिन्होंने भारत के आर्थिक परिवर्तन की नींव रखी और वैश्विक व्यापार के लिए दरवाजे खोले। भारत डॉण् सिंह के रूप में इस विनम्र लेकिन साहसी व्यक्ति का बहुत आभारी हैए जिन्होंने भारत को परमाणु अलगाव से वैश्विक परमाणु राष्ट्रों की मुख्यधारा में लाने में एक अभिन्न भूमिका निभाई। इस प्रकारए वास्तव में डॉण् मनमोहन सिंह एक कुशल राजनेता थे जिन्होंने भारत को समृद्धि के पथ पर गौरवपूर्ण स्थान दिलाने में मदद की और इसके लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा।

## सिर्फ बिजली उत्पादन के लिए नहीं बाढ़ के खतरे को भी कम करने वाली है सियांग परियोजना: अरुणाचल के मुख्यमंत्री

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना (एसयूएमपी) न केवल बिजली उत्पादन के लिए बल्कि पूरे वर्ष नदी के प्राकृतिक प्रवाह को बनाए रखने और चीन द्वारा अतिरिक्त पानी छोड़े जाने की स्थिति में बाढ़ के जोखिम को कम करने के लिए बनाई जा रही है।केंद्र सरकार की इस परियोजना की अनुमानित लागत 1.13 लाख करोड़ रुपए है।खांडू की यह टिप्पणी चीन द्वारा भारतीय सीमा के करीब तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर 137 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत से दुनिया के सबसे बड़े बांध के निर्माण को मंजूरी दिए जाने के बाद आई है।यह बांध हिमालय की एक विशाल घाटी में बनाया जाना है, जहां ब्रह्मपुत्र नदी अरुणाचल प्रदेश और फिर बांग्लादेश में बहने के लिए एक बड़ा मोड़ लेती है।खांडू ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, 11,000 मेगावाट की अनुमानित क्षमता वाली यह परियोजना न केवल बिजली उत्पादन करेगी बल्कि सियांग नदी के प्राकृतिक प्रवाह को बनाए रखने और चीन द्वारा छोड़े गए पानी से संभावित बाढ़ के जोखिम को कम करने में भी मदद करेगी। उन्होंने इसे राष्ट्रीय महत्व की परियोजना करार देते हुए कहा कि जलविद्युत उत्पादन इसका दूसरा लक्ष्य है।खांडू ने कहा, परियोजना का वास्तविक उद्देश्य सियांग नदी और उन समुदायों को बचाना है जो पीढ़ियों से इस पर निर्भर हैं। स्थानीय लोगों के कड़े विरोध के बीच परियोजनाओं की पूर्व-व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के लिए सर्वेक्षण अभी तक नहीं किया गया है।स्थानीय लोग विस्थापन, आजीविका और विशाल बांध बनने से पर्यावरणीय प्रभाव को लेकर चिंतित हैं। खांडू ने चीन की परियोजना के बिना सुरक्षा उपायों के आगे बढ़ने पर गंभीर परिणामों की चेतावनी देते हुए कहा कि पड़ोसी देश की ब्रह्मपुत्र से पानी को अपने शुष्क क्षेत्रों में मोड़ने की योजना सर्दियों के दौरान सियांग नदी के प्रवाह को काफी कम कर सकती है। ऐसी स्थिति में, पानी की मात्रा इतनी कम हो सकती है कि कोई व्यक्ति पैदल ही विशाल नदी को पार कर सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रस्तावित सियांग परियोजना से नौ अरब घन मीटर पानी का भंडारण करने में सक्षम जलाशय का निर्माण होगा।

## स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन होगा

**कानपुर।** अग्रणी एनबीएफसी एमएफआई अरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज एक एनजीओ के साथ मिलकर दिसंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच उत्तर प्रदेश के 20 स्थानों पर स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य पिछड़े वर्ग पर रहने वालो के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना हैए जहां गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच सीमित है। इस पहल के तहत अरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज द्वारा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे महाराजगंज, कुशीनगर, मऊ, बांदा, बलिया,गोरखपुर,सीतापुर,कानपुर नगर, सुल्तानपुर, गोंडा, शाहजहांपुर, बहराइच, हरिद्वार, मुजफ्फरनगर, ज्योतिबा फुले नगर और बिजनौर जैसे जिलों में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, बीएमआई जांच आदि जैसी बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। जिन व्यक्तियों में सामान्य बीमारियां पाई जाएंगीए उन्हें आवश्यक दवाइयां दी जाएंगीए जबकि विशेष उपचार की आवश्यकता वाले मरीजों को जिला सरकारी अस्पतालों में भेजा जाएगा। आगे चलकरए अरोहन 151 स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन करेगा। जिसमें बिहार,झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेशअसम,त्रिपुरा,छत्तीसगढ़,महाराष्ट्र,गुजरात, तमिलनाड, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में लोगों की जांच की जाएगी। यह पहल सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की शीघ्र पहचान और प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने और समुदायों को सशक्त बनाने का प्रयास करेगी।

## राजनाथ सिंह ने मप्र के महू में आंबेडकर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की

भाषा। महू (मप्र)

**रक्षा मंत्री राजनाथ** सिंह ने थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के साथ रविवार को मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के महू में डॉ. बी. आर. आंबेडकर के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। भारत के संविधान निर्माता आंबेडकर का स्मारक इंदौर जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित महू छावनी के काली पलटन क्षेत्र में उनके जन्मस्थान पर बनाया गया है। आंबेडकर मेमोरियल सोसाइटी के सचिव राजेश वानखेड़े ने पीटीआई-भाषा को बताया, रक्षा मंत्री सिंह ने जनरल द्विवेदी के साथ डॉ. आंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की और फिर स्मारक के केंद्रीय कक्ष में रखे उनके अस्थिकलश के दर्शन किए। वानखेड़े ने कहा, इसके बाद सिंह स्मारक भवन की पहली मंजिल पर गए और वहां लगाए गए विभिन्न चित्रों के माध्यम से डॉ. आंबेडकर के जीवन के बारे में जाना। इससे पहले, जनरल द्विवेदी ने रविवार दोपहर महू छावनी में आर्मी वॉर कॉलेज (एडब्ल्यूसी) स्थित हेलीपैड पर सिंह के पहुंचने पर उनका स्वागत किया। सिंह दो दिवसीय मध्य प्रदेश के दौरे पर हैं। इसके बाद सिंह ने महू छावनी में अधिकारियों और जवानों को संबोधित किया।



## पीएम इंटर्नशिप योजना: 1.27 लाख अवसरों के लिए 6.21 लाख आवेदन मिले

भाषा। नई दिल्ली

**पीएम इंटर्न**शिप योजना के अंतर्गत 1.27 लाख अवसरों के लिए लगभग 6.21 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं तथा चयन प्रक्रिया जारी है। सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी।चालू वित्त वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में घोषित इस योजना का लक्ष्य पांच वर्षों में शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। तीन अक्टूबर को शुरू की गई इस योजना की पायलट परियोजना का लक्ष्य 2024-25 के दौरान 1.25 लाख इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है।कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि 1.27 लाख इंटर्नशिप अवसरों के लिए लगभग 6.21 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। इंटर्नशिप के लिए चयन प्रक्रिया जारी है। साझेदार कंपनियों ने इंटर्नशिप योजना पोर्टल पर लगभग 1.27 लाख अवसर पोस्ट किए हैं। बयान में कहा गया है कि लगभग 4.87 लाख व्यक्तियों ने अपना केवाईसी पूरा कर लिया है और पोर्टल पर खुद को पंजीकृत कर लिया है। इस योजना के तहत, इंटर्न को 12 महीने के लिए 5,000 रुपए की मासिक वित्तीय सहायता और 6,000 रुपए का एकमुश्त अनुदान दिया जाएगा।

## भोपाल गैस त्रासदी के 40 साल बाद जहरीले कचरे को नष्ट करने की कवायद

भाषा। इंदौर (मध्यप्रदेश)

**वर्ष 1984 को** भोपाल गैस त्रासदी के लिए जिम्मेदार यूनियन कार्बाइड कारखाने के 337 टन जहरीले कचरे को इंदौर के पास पीथमपुर की एक औद्योगिक अपशिष्ट निपटान इकाई में नष्ट किए जाने की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह अपशिष्ट राज्य की राजधानी में स्थित यूनियन कार्बाइड कारखाने में पड़ा है जहां से दो और तीन दिसंबर 1984 की दरमियानी रात जहरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट का रिसाव हुआ था। दुनिया की सबसे भीषण औद्योगिक त्रासदियों में गिनी जाने वाली इस घटना में 5,479 लोगों की मौत हो गई थी और पांच लाख से अधिक लोग स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और दीर्घकालिक विकलांगताओं से पीड़ित हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि भोपाल गैस त्रासदी के बाद से बंद पड़े यूनियन कार्बाइड कारखाने के 337 टन रासायनिक कचरे को पीथमपुर में एक निजी कंपनी की अपशिष्ट निपटान इकाई तक पहुंचाने के लिए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पीथमपुर, राज्य का प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने भोपाल गैस त्रासदी के 40 साल बाद भी यूनियन कार्बाइड कारखाने के जहरीले कचरे का निपटारा नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए तीन दिसंबर को राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि इस कचरे को तय अपशिष्ट निपटान इकाई में चार हफ्तों के भीतर भेजा जाए। राज्य के गैस राहत और पुनर्वास विभाग के निदेशक स्वतंत्र कुमार सिंह ने पीटीआई-भाषा से कहा, भोपाल गैस त्रासदी का कचरा एक कलंक है जो 40 साल बाद मिटने जा रहा है। हम इसे सुरक्षित तौर पर पीथमपुर भेजकर नष्ट करेंगे।

उन्होंने कहा कि इस रासायनिक कचरे को भोपाल से पीथमपुर भेजने के लिए करीब 250 किलोमीटर लंबा ग्रीन कॉरिडोर बनाया जाएगा। ग्रीन कॉरिडोर का मतलब सड़क पर यातायात को व्यवस्थित करके कचरे को कम से कम समय में गंतव्य तक पहुंचाने से है। सिंह ने इस कचरे को पीथमपुर भेजकर नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू किए जाने की कोई विशिष्ट तारीख बताने से इनकार कर दिया, लेकिन सूत्रों का कहना है कि उच्च न्यायालय के निर्देश के मद्देनजर यह प्रक्रिया जल्द शुरू हो सकती है। गैस राहत



और पुनर्वास विभाग के निदेशक ने बताया कि पीथमपुर की अपशिष्ट निपटान इकाई में शुरुआत में कचरे के कुछ हिस्से को जलाकर देखा जाएगा और इसके ठोस अवशेष (राख) की वैज्ञानिक जांच की जाएगी ताकि पता चल सके कि इसमें कोई हानिकारक तत्व बचा तो नहीं रह गया है। सिंह ने कहा, अगर जांच में सब कुछ ठीक पाया जाता है, तो कचरे को तीन महीने के भीतर जलाकर भस्म कर दिया जाएगा। वरना इसे जलाने की रफ्तार धीमी की जाएगी जिससे इसे भस्म होने में नौ महीने तक लग सकते हैं। उन्होंने बताया कि भस्मक में कचरे के जलने से निकलने वाले धुएं को चार स्तरों वाले विशेष फिल्टर से गुजारा जाएगा ताकि आस-पास की वायु प्रदूषित न हो और इस प्रक्रिया के पल-पल का रिकॉर्ड रखा जाएगा। सिंह ने बताया कि कचरे के भस्म होने और हानिकारक तत्वों से मुक्त होने के बाद इसके ठोस अवशेष (राख) को दो परतों वाली मजबूत मेम्ब्रेन (झिल्ली) से ढक कर लैंडफिल साइट में दफनाया जाएगा ताकि यह अपशिष्ट किसी भी तरह मिट्टी और पानी के संपर्क में न आ सके। उन्होंने कहा कि कचरे को प्रदेश सरकार, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की निगरानी में विशेषज्ञों का दल सुरक्षित तरीके से नष्ट करेगा और इसकी विस्तृत रिपोर्ट उच्च न्यायालय में प्रस्तुत की जाएगी। स्थानीय लोगों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं के एक तबके का दावा है कि यूनियन कार्बाइड के 10 टन कचरे को वर्ष 2015 में पीथमपुर की अपशिष्ट निपटान इकाई में परीक्षण के तौर पर नष्ट किए जाने के बाद आस-पास के गांवों की मिट्टी, भूमिगत जल और जल स्रोत प्रदूषित हो गए हैं। गैस राहत और पुनर्वास विभाग के निदेशक सिंह ने इस दावे को गलत बताते हुए कहा, 2015 के इस परीक्षण की रिपोर्ट और सारी आपत्तियों की जांच के बाद ही पीथमपुर की अपशिष्ट निपटान इकाई में यूनियन कार्बाइड के कारखाने के 337 टन कचरे को नष्ट करने का फैसला किया गया है। इस इकाई में कचरे को सुरक्षित तरीके से नष्ट करने के सारे इंतजाम हैं और चिंता की कोई भी बात नहीं है। बहरहाल, करीब 1.75 लाख की आबादी वाले पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा जलाने की योजना को लेकर आम लोगों की चिंताएं अब तक दूर नहीं हुई हैं। इस कचरे के पीथमपुर की अपशिष्ट निपटान इकाई में जल्द पहुंचने की खबरों के बीच रविवार को बड़ी तादाद में जुटे लोगों ने अपने हाथ पर काली पट्टी बांधी और रैली निकालकर विरोध जताया।पीथमपुर क्षेत्र रक्षा मंचै नाम के समूह की अगुवाई में निकाली गई रैली में शामिल लोगों ने अपने हाथों में पीथमपुर को भोपाल नहीं बनने देंगे और "पीथमपुर बचाओ, जहरीला कचरा हटाऔ जैसे नारों वाली तख्तियां थाम रखी थीं। प्रदर्शनकारियों में शामिल राजेश चौधरी ने कहा, हम चाहते हैं कि यूनियन कार्बाइड कारखाने का कचरा नष्ट किए जाने से पहले वैज्ञानिकों द्वारा पीथमपुर की आबो-हवा की फिर से जांच की जाए। हम अदालत में भी अपना पक्ष रखने की पूरी कोशिश करेंगे।

# सीरिया का छोटा सा यहूदी समुदाय दुनिया के सबसे पुराने सिनेगॉग में से एक में फिर जा सकेगा

**जोबार (सीरिया)।** सीरिया में बचे हुए कुछ यहूदी दमिश्क के इस उपनगर (जोबार) में दुनिया के सबसे पुराने सिनेगॉग (उपासना गृह) में से एक की फिर से यात्रा कर सकते हैं। एक समय पूरे क्षेत्र से लोग यहां प्रार्थना करने आते थे। सीरिया के 13 साल के गृहयुद्ध के कारण यहूदियों का यह उपासना स्थल सिनेगॉग आंशिक रूप से नष्ट हो गया है। दीवारें और छतें ढह गई हैं। कुछ कलाकृतियां गायब हैं। गेट पर संगमरमर पर अरबी में एक चिह्न है, जिस पर लिखा है कि इसे ईसा से 720 साल पहले बनाया गया था। दिसंबर के आरंभ में विद्रोहियों द्वारा राष्ट्रपति बशर अल-असद को अपदस्थ किए जाने के बाद से लोग तबाह हो चुके जोबार उपनगर में सुरक्षित रूप से जा पा रहे हैं। सीरिया कभी दुनिया के सबसे बड़े यहूदी समुदायों में से एक का घर था। वर्ष 1948 में इजराइल के गठन के बाद से यह संख्या कम होती गई। यहूदी समुदाय के अनुसार, सीरिया में केवल नौ यहूदी रहते हैं। इनमें सारे बुजुर्ग पुरुष और महिलाएं हैं। समुदाय का मानना है कि कुछ सालों में देश में कोई भी सीरियाई यहूदी नहीं बचेगा। एलियाहू हनवी सिनेगॉग के नाम से चर्चित जोबार सिनेगॉग में बृहस्पतिवार को आए लोगों में से एक सीरिया में समुदाय के प्रमुख बखौर चामंतौब थे। पंद्रह साल में अपनी पहली यात्रा के दौरान चामंतौब (74) ने कहा, यह सिनेगॉग हमारे लिए बहुत मायने रखता है। चामंतौब ने कहा कि दुनिया भर से यहूदी लोग उन्हें फोन कर कह रहे हैं कि वे पुनर्निर्माण में मदद के लिए तैयार हैं।



### जेनिन में फलस्तीनी महिला की गोली मारकर हत्या

जेनिन (वेस्ट बैंक)। फलस्तीन में वेस्ट बैंक के अशांत उत्तरी शहर जेनिन में एक फलस्तीनी महिला की उसके घर में गोली मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी गई। पत्रकारिता की छात्रा शता अल-सब्बाग (22) के परिवार ने दावा किया कि शनिवार देर रात फलस्तीनी सुरक्षा बलों के एक कर्मी ने उसकी उस समय हत्या कर दी, जब वह अपनी मां और दो छोटे बच्चों के साथ थी। उन्होंने कहा कि उस समय क्षेत्र में कोई आतंकवादी नहीं था। फलस्तीनी सुरक्षा बलों की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि उसे आतंकवादियों ने गोली मारी थी। सुरक्षा बलों ने हत्या की निंदा की तथा इसकी जांच करने का संकल्प लिया। एक बयान में, अल-सब्बाग के परिवार ने फलस्तीनी सुरक्षा बलों पर आरोप लगाया कि वे दमनकारी बन गए हैं जो अपने ही लोगों के सम्मान की रक्षा करने और (इजराइली) कब्जे के खिलाफ खड़े होने के बजाय उनके खिलाफ आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं। हमास आतंकवादी समूह ने भी सुरक्षा बलों को दोषी ठहराया और गोलीबारी की निंदा की। इसने कहा कि अल-सब्बाग उसके एक लड़के की बहन थी, जो पिछले वर्ष इजराइली सैनिकों के साथ लड़ाई में मारा गया था।

# नेतन्याहू की प्रोस्टेट सर्जरी होगी

**भाषा।** तेल अवीव



**इजराइल के** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के प्रोस्टेट को हटाने संबंधी सर्जरी रविवार को की जाएगी। उनके कार्यालय ने यह जानकारी दी। नेतन्याहू (75) को हाल के वर्षों में कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ा है। उन्होंने पूरी तरह से स्वस्थ और ऊर्जावान नेता के रूप में अपनी सार्वजनिक छवि को मजबूत करने के लिए काफी प्रयास किए हैं। हालांकि इजराइल के सबसे लम्बे समय तक सत्ता में रहने वाले नेता के रूप में कार्यभार का दबाव उनके स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकता है। नेतन्याहू के वकील अमित हदाद ने अदालत को बताया कि इजराइली प्रधानमंत्री को सर्जरी के दौरान पूरी तरह से बेहोश रखा जाएगा और उन्हें कई दिनों के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। इसलिए इस सप्ताह होने वाली उनकी तीन दिन की गवाही को रद्द किया जाए। अदालत ने उनकी अपील को मंजूरी दे दी। एक अधिकारी के अनुसार जब तक नेतन्याहू इस प्रक्रिया से गुजरेंगे, तब तक कार्यवाहक प्रधानमंत्री उनका कार्यभार संभालेंगे। हालांकि यह तत्काल स्पष्ट नहीं है कि यह पद कौन संभालेगा। बुजुर्ग पुरुषों में प्रोस्टेट संबंधी समस्याएं आम हैं और इनसे वे जल्दी ठीक हो सकते हैं। नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार इजराइली नेता को बुधवार को मूत्र मार्ग में संक्रमण का पता चला था। संक्रमण का एंटीबायोटिक दवाओं से सफलतापूर्वक इलाज किया गया लेकिन रविवार को एक प्रक्रिया के तहत उनके प्रोस्टेट को हटा दिया जाएगा। इजराइल के राबिन मेडिकल सेंटर में ऑन्कोलॉजी यूरोलॉजी सेवा के प्रमुख डॉ. शे गोलान ने इजराइली आर्मी रेडियो को बताया कि 70 और 80 की उम्र के पुरुषों में प्रोस्टेट ग्रंथि बढ़ने से होने वाली जटिलताएं आम हैं उन्होंने कहा कि बढ़ी हुई प्रोस्टेट ग्रंथि के कारण मूत्र विसर्जन में उत्पन्न हो सकती है, जो संक्रमण या अन्य जटिलताओं का कारण बन सकता है। गोलान ने कहा कि नेतन्याहू के मामले में प्रोस्टेट कैंसर नहीं है, इसलिए डॉक्टर संभवत: एंडोस्कोपिक सर्जरी करेंगे।उन्होंने बताया कि यह सर्जरी लगभग एक घंटे तक चलती है और इससे व्यक्ति जल्द ही ठीक हो सकता है। नेतन्याहू को पहले भी कुछ स्वास्थ्य समस्याएं रही हैं, जिनमें हृदय संबंधी बीमारी भी शामिल है।

## मुइज्जू ने मनमोहन सिंह को महान राजनेता के रूप में याद किया

**माले।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को एक महान राजनेता बताते हुए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने रविवार को नवंबर 2011 की उनकी मालदीव यात्रा को याद किया तथा उसे एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताते हुए कहा कि इसने भारत के साथ मित्रता को और मजबूत किया। वर्ष 2004 से 2014 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे सिंह का बृहस्पतिवार रात नई दिल्ली में निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि मुइज्जू ने सिंह के निधन के बाद मालदीव स्थित भारतीय उच्चायोग में एक पुस्तिका पर अपना शोक संदेश लिखा। उनके संदेश में मालदीव के लोगों की ओर से इस दुख की घड़ी में मनमोहन सिंह के परिवार और भारत सरकार के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर एक पोस्ट में मुइज्जु का आभार जताया और कहा कि उनके शब्द वास्तव में मूल्यवान और सांत्वना देने वाले है।

## चीन ने दुनिया की सबसे तेज ट्रेन चलाई, 450 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार

**बीजिंग।** चीन ने रविवार को अपनी हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन के अपडेट किए हुए मॉडल का अनावरण किया। ट्रेन के निर्माता का दावा है कि परीक्षण के दौरान इसकी गति 450 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई, जिसके साथ ही यह दुनिया की सबसे तेज हाई-स्पीड ट्रेन बन गई है। चाइना स्टेट रेलवे ग्रुप कंपनी (चाइना रेलवे) के अनुसार सीआर450 प्रोटोटाइप के रूप में जाने जाने वाले नए मॉडल से यात्रा का समय और कम होगा और कनेक्टिविटी भी सुधरेगी, जिससे यात्रियों के लिए यात्रा अधिक सुविधाजनक हो जाएगी।सरकारी मीडिया ने यहां बताया कि सीआर450 प्रोटोटाइप की परीक्षण गति 450 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। सरकारी समचार एजेंसी शिन्हुआ की एक खबर मे कहा गया है कि यह वर्तमान मे सेवा मे मौजूद सीआर400 फक्सिंग हाई-स्पीड रेल (एचएसआर) से काफी तेज है, जो 350 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलती है।

## एयर कनाडा के विमान में उतरते समय लगी आग, यात्री सुरक्षित निकाले गए

**ओटावा।** न्यूफाउंडलैंड द्वीप के सेंट जॉन्स शहर से आ रहा एयर कनाडा का एक विमान नोवा स्कोटिया प्रांत के गॉफ्स मे हैलिफैक्स हवाई अड्डे पर उतरते समय रनवे से नीचे फिसल गया और उसके एक हिस्से मे आग लग गई। सीबीसी न्यूज की खबर के अनुसार, हवाई अड्डे द्वारा जारी एक बयान मे कहा गया है कि यह घटना एयर कनाडा की उड़ान 2259 से संबंधित थी, जिसका संचालन पीएएल एयरलाइन द्वारा किया जाता था। यह घटना स्थानीय समयानुसार रात 9:30 बजे के आसपास हुई। बयान मे यह नही बताया गया है कि विमान मे कितने लोग सवार थे। सीबीसी न्यूज के अनुसार विमान मे सवार लोगों को बाहर निकाल लिया गया।

## हेलीकॉप्टर को काठमांडू के निकट आपात स्थिति में उतारा गया

**काठमांडू।** अमेरिका के पांच नागरिकों को लेकर रविवार को नेपाल की राजधानी काठमांडू जा रहे एक हेलीकॉप्टर को एक पक्षी से टकराने के कारण राजधानी से 50 किलोमीटर पूर्व मे बनेपा मे आपात स्थिति मे उतरना पड़ा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।उन्होने बताया कि निजी हेली एवरेस्ट एयरलाइन का 9एन-एकेजी हेलीकॉप्टर माउंट एवरेस्ट के प्रवेश द्वार लुक्ला से आ रहा था कि जो पूर्वाह्न 11 बजे एक पक्षी से टकरा गया। अधिकारी ने कहा कि पायलट हेलीकॉप्टर को सुरक्षित उतारने मे सफल रहा।

## अजरबैजान के विमान को रूस ने मार गिराया था, लेकिन ऐसा जानबूझकर नहीं किया गया: अलीएव

**मॉस्को।** अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीएव ने रविवार को कहा कि पिछले सप्ताह दुर्घटनाग्रस्त हुए अजरबैजानी विमान को रूस ने मार गिराया था, हालांकि ऐसा अनजाने में हुआ था। अलीएव ने अजरबैजान के सरकारी टेलीविजन को बताया कि विमान पर रूस की जमीन से हमला किया गया था। उन्होंने कहा कि विमान को जानबूझकर नहीं गिराया गया था। उन्होंने हालांकि रूस पर कई दिनों तक इस मामले को दबाए रखने का प्रयास करने का आरोप लगाया। कजाकिस्तान में अकताऊ शहर के निकट अजरबैजान एयरलाइन्स का एक विमान बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिससे 38 लोगों की मौत हो गई थी। रूसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन ने कहा कि रूसी गणराज्य चेचन्या की क्षेत्रीय राजधानी ग्रोज्नी के निकट गोलीबारी की गई थी, जहां विमान ने उतरने का प्रयास किया था, ताकि यूक्रेनी ड्रोन हमले को विफल किया जा सके। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को अलीएव से इस घटना को लेकर खेद व्यक्त किया था और इसे दुखद घटना बताया था।

# कोविड-19 जांच रिपोर्ट अगली महामारी की तैयारी के लिए मार्गदर्शिका, तत्काल कदम उठाने की जरूरत

**डुनेडिन (न्यूजीलैंड)।** महामारी और वैश्विक महामारी के बढ़ते खतरे ने न्यूजीलैंड सरकार के लिए देश की कोविड से निपटने की तैयारी को लेकर लंबे समय से प्रतीक्षित जांच रिपोर्ट की सिफारिशों पर कदम उठाने की तत्काल आवश्यकता को और बढ़ा दिया है। कोविड-19 की जांच के लिए रॉयल कमीशन की रिपोर्ट में पाया गया कि न्यूजीलैंड भी अधिकांश अन्य देशों की तरह कोविड के दायरे और महामारी से निपटने के लिए पूर्ण रूप से तैयार नहीं था। रिपोर्ट के मुताबिक, अगली अपरिहार्य महामारी के मद्देनजर खुद को तैयार करने के लिए न्यूजीलैंड को नीति निर्माताओं के लिए उपलब्ध प्रतिक्रिया विकल्पों और उपकरणों के दायरे को बढ़ाते हुए जनस्वास्थ्य क्षमता के निर्माण को बढ़ावा देना चाहिए।सबसे बड़ा सवाल यह है कि सरकार खासकर नौकरियों में कटौती और जनस्वास्थ्य क्षमता में कमी के संदर्भ में इन सिफारिशों को कब और कैसे लागू करेगी। ते व्हाटू ओरा या हेल्थ एनजेड।,500 से अधिक नौकरियों में कटौती करने जा रहा है, जिसमें राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा और इसकी डिजिटल व डेटा टीमों के लोग शामिल हैं। ए



क्षमताएं भविष्य में किसी भी महामारी से निपटने के लिए महत्वपूर्ण हैं।रणनीति है जरूरी रिपोर्ट के मुताबिक, न्यूजीलैंड द्वारा उन्मूलन रणनीति अपनाना अत्यधिक सफल रहा लेकिन इसका जीवन के सभी पहलुओं पर व्यापक प्रभाव पड़ा। इस रणनीति के लिए सीमा नियंत्रण, लॉकडाउन और अन्य प्रतिबंधों का शीघ्र उपयोग आवश्यक था, जिससे अधिकांश आबादी के टीकाकरण होने तक व्यापक संक्रमण को रोकने में मदद मिली। रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि जैसे-जैसे महामारी 2021 के अंत में तेजी से बढ़ी, नकारात्मक प्रभाव बढ़ते गए।महामारी को नियंत्रित करने के लिए जनादेश पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें सार्वजनिक समारोहों पर प्रतिबंध, पृथकवास, संक्रमित रोगियों का पता लगाकर उन्हें अलग करना और टीकाकरण की आवश्यकताएं शामिल थीं। इसके प्रभावों में कुछ समुदायों के भीतर सरकार पर भरोसा कम होना और सामाजिक सामंजस्य बिगड़ना भी शामिल था।गलत और भ्रामक सूचनाओं के संपर्क में आने से टीकाकरण एक बढ़ती चुनौती के रूप में उभरा। आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, लंबे समय तक महामारी और उन्मूलन से बाहर निकलने की स्पष्ट रणनीति की कमी ने कठिनाइयों को और बढ़ा दिया।महामारी नियोजन के लिए रूपरेखा रिपोर्ट में बताया गया कि किस तरह कोविड ने महामारी रोगजनकों के बारे में अंतरराष्ट्रीय समझ को बढ़ाया, जिससे यह पता चल सका कि बीमारी के दायरे और उसकी अवधि के कारण हालात से निपटने के लिए अलग तरह की प्रतिक्रिया की आवश्यकता होती है। रिपोर्ट में सुझाई गई 39 सिफारिशें भविष्य में महामारी नियोजन के लिए एक स्वागत योग्य और आवश्यक रूपरेखा प्रदान करती हैं।यह सिफारिशें महामारी और अन्य राष्ट्रीय खतरों के लिए सरकार की सभी तैयारियों और प्रतिक्रिया नियोजन को समन्वित करने के लिए एक केंद्रीय एजेंसी की मांग करती है।

## टेक्सास और मिसिसिपी में तूफान से दो लोगों की मौत, छह लोग घायल

**ह्यूस्टन।** टेक्सास और मिसिसिपी में शनिवार को आए कई तूफानों में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए।तूफान से कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए और ढेरों वाहन पलट गए। ब्राजोरिया काउंटी शेरिफ कार्यालय की प्रवक्ता मैडिसन पोलस्टन ने बताया कि ह्यूस्टन के दक्षिण में स्थित लिवरपूल क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं।पोलस्टन ने बताया कि लिवरपूल और हिलक्रेस्ट विलेज तथा एल्विन के बीच काउंटी में कई स्थान तूफान से प्रभावित हुए।उन्होंने बताया कि अब तक अधिकारियों को लगभग 10 क्षतिग्रस्त मकानों के बारे में पता चला है लेकिन वे अब भी नुकसान के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं।मिसिसिपी आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता के अनुसार मिसिसिपी में एडम्स काउंटी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और फ्रैंकलिन काउंटी में दो लोग घायल हो गए। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने बताया कि बुड और ब्रैंडन शहर के आसपास आए तूफानों में कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

## ट्रम्प के सत्ता संभालने से पहले अमेरिका के खिलाफ सबसे कठोर नीति लागू करेंगे किम

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा है कि वह डोनाल्ड ट्रम्प के अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण करने से एक महीने पहले अमेरिका के विरुद्ध सबसे कठोर नीति लागू करेंगे। देश की सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। ट्रंप के व्हाइट हाउस में लौटने से उत्तर कोरिया के साथ हाई-प्रोफाइल कूटनीति की संभावनाएं बढ़ गई हैं। अपने पहले कार्यकाल के दौरान ट्रंप ने उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के लिए किम से तीन बार मुलाकात की थी। हालांकि कई विशेषज्ञों का कहना है कि किम-ट्रंप शिखर वार्ता के जल्द शुरू होने की संभावना नहीं है, क्योंकि ट्रंप पहले यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को उत्तर कोरिया का समर्थन भी कूटनीति को पुनर्जीवित करने के प्रयासों के लिए चुनौती बन गया है। सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की शुक्रवार को समाप्त हुई पांच-दिवसीय पूर्ण बैठक के दौरान किम ने अमेरिका को सबसे प्रतिक्रियावादी देश कहा, जो साम्यवाद-विरोध को अपनी अपरिवर्तनीय देश नीति मानता है। किम ने कहा कि अमेरिका-दक्षिण कोरिया-जापान के बीच सुरक्षा साझेदारी अक्रामकता के लिए एक परमाणु सैन्य गुटे में विस्तारित हो रही है। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, किम ने कहा, यह वास्तविकता स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करती है कि हमें किस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए और हमें क्या तथा कैसे करना चाहिए। इसमें कहा गया कि किम के भाषण ने उत्तर कोरिया द्वारा अपने दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा के लिए अमेरिका के खिलाफ सबसे कठोर जवाबी कार्वाई की रणनीति को स्पष्ट किया, जिसे आक्रामक तरीके से शुरू किया जाएगा। केसीएनए ने अमेरिका विरोधी रणनीति के बारे में विस्तार से नहीं बताया।

## उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में आत्मघाती कार बम विस्फोट में तीन सुरक्षाकर्मी घायल

पेशावर। उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में फ्रंटियर कोर की एक जांच चौकी के पास एक आत्मघाती हमलावर द्वारा विस्फोटकों से लदे वाहन में विस्फोट करने से तीन सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार को हुई। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के टांक जिले में कनोरी चौकी पर पहुंचने से पहले ही वाहन को रोक लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि एक दर्जन से अधिक आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की चौकी पर हमला किया, लेकिन हमले को विफल कर दिया गया। टांक जिले के एक अधिकारी ने बताया कि यह चौकी में सेंध लगाने का प्रयास था, जिसे नाकाम कर दिया गया।

## फ्लोरिडा में ट्रेन के दमकल वाहन से टकराने के कारण 15 लोग घायल

**डेलरे बीच (अमेरिका)।** फ्लोरिडा में शनिवार को एक तेज रफ्तार ट्रेन के रेलवे क्रॉसिंग के पास पटरी पर एक दमकल वाहन से टकराने के कारण तीन दमकलकर्मी और कम से कम 12 यात्री घायल हो गए। घटना के वीडियो और एक प्रत्यक्षदर्शी से यह जानकारी मिली।शनिवार सुबह पौने 11 बजे डेलरे बीच में ब्राइटलाइन ट्रेन डेलरे बीच फायर रेसेक्यू के ट्रक से टकराने के बाद पटरी पर रुक गई और उसका अगला हिस्सा नष्ट हो गया। डेलरे बीच फायर रेस्क्यू ने सोशल मीडिया के जरिए बताया कि हादसे में घायल हुए डेलरे बीच के तीन दमकलकर्मियों की हालत स्थिर है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पाम बीच काउंटी फायर रेस्क्यू ने घायल हुए 12 लोगों को ट्रेन से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शी इमैनुएल अमारल ने कहा, ट्रेन का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है और उसमें दमकल ट्रक के कुछ हिस्से भी फंसे हुए थे। उसने बताया कि दमकल वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

# अफगान तालिबान बलों की गोलीबारी में एक पाकिस्तानी सैनिक की मौत, 11 घायल

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान की सीमा** चौकियों पर अफगान तालिबान बलों द्वारा की गई गोलीबारी में पाकिस्तानी अर्धसैनिक बल के एक जवान की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए।गोलीबारी की यह घटना पाकिस्तान द्वारा प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों को निशाना बनाकर किए गए हमलों के कुछ दिन बाद हुई।रक्षा विभाग के सूत्रों ने कहा कि अफगान सैनिकों ने शनिवार सुबह अपर कुर्म जिले में कई पाकिस्तानी सीमा चौकियों पर बिना उकसावे के गोलीबारी की।सूत्रों ने बताया कि अफगान सैनिकों ने घोजगढ़ी, माथा संगर, कोट राघा और तारी मेंगल इलाकों में स्थित सीमा चौकियों पर हल्के व भारी हथियारों से गोलीबारी की।उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्वाई की, जिससे दूसरी तरफ भी काफी नुकसान हुआ और गोलीबारी में अफगान सेना के सात से आठ जवान मारे गए। सूत्रों ने बताया कि गोलीबारी में पाकिस्तान फ्रंटियर कॉन्स्टेबुलरी का एक जवान मारा गया और 11 अन्य जवान घायल हो गए। गोलीबारी की यह घटना ऐसे समय हुई जब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाकर प्रतिबंधित टीटीपी आतंकवादियों पर हमला किया।शुक्रवार रात आतंकवादियों ने अफगान तालिबान द्वारा नियंत्रित चौकियों का उपयोग कर पाकिस्तानी क्षेत्र में घुसपैठ करने का प्रयास किया जिसे विफल कर दिया गया। इसके बाद अफगान तालिबान बलों ने शनिवार को हमला किया।

## श्रीलंका मानवाधिकार आयोग ने रोहिंग्याओं से नहीं मिलने देने पर नाराजगी जताई

**कोलंबो।** श्रीलंका के मानवाधिकार आयोग ने राष्ट्रपति अनुर कुमार दिसानायक को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि उसके सदस्यों को पिछले सप्ताह से एक सैन्य शिविर में रह रहे रोहिंग्या शरणार्थियों से मिलने की अनुमति नहीं दी गई है। पत्र में कहा गया है, 26 दिसंबर को, श्रीलंका मानवाधिकार आयोग के एक निदेशक समेत अधिकारियों की एक टीम ने उत्तरी प्रांत के मुल्लातिवु में श्रीलंका की वायु सेना के शिविर में इन लोगों की हिरासत की स्थिति की निगरानी करने का प्रयास किया। लेकिन उन्हें इन लोगों तक पहुंचने से रोक दिया गया। श्रीलंका की नौसेना ने 20 दिसंबर को कहा था कि उसने उत्तरपूर्वी तट के पास समुद्र में संकटग्रस्त स्थिति में फंसे म्यांमा के 100 से अधिक रोहिंग्याओं को बचाया है। स्थानीय मछुआरों ने मुल्लाइथिवु जिले के वेल्लामुल्लीवाइक्कल क्षेत्र में इन्हें देखा था। सरकार ने बाद में कहा कि उनके आने का कारण मानव तस्करी हो सकता है। विदेश उपमंत्री अरुण हेमचंद्र के हवाले से कहा, जांच से पता चला है कि वे जानबूझकर यहां आए थे और हम उन्हें अवैध आप्रवासी मानते हैं। पत्र में कहा गया है कि आयोग की शक्तियां और कार्य न केवल श्रीलंकाई नागरिकों तक बल्कि श्रीलंका में हिरासत में लिए गए किसी भी व्यक्ति तक विस्तारित हैं।

# छोटी उम्र में स्क्रीन टाइम के नियम बचपन में मोटापे को करेंगे कम

**भाषा।** ऑकलैंड

**बचपन में** मोटापे से ग्रस्त होना दुनियाभर में बढ़ती हुई चिंता का विषय है, लेकिन न्यूजीलैंड में यह विशेष रूप से एक गंभीर मुद्दा है। ओईसीडी में सबसे अधिक दरों के साथ, न्यूजीलैंड में लगभग तीन में से एक बच्चा अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त है। बच्चों में मोटापा स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर समस्याओं का कारण हो सकता है जो वयस्क होने तक बनी रहती हैं। यद्यपि बचपन में मोटापे के लिए कई कारक जिम्मेदार होते हैं – जैसे आहार, शारीरिक गतिविधि और आनुवांशिकी – लेकिन अक्सर अनदेखा किया जाने वाला एक कारक स्क्रीन पर बिताया गया समय है। बच्चे लगातार टीवी, टैबलेट और स्मार्टफोन जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से घिरे रहते हैं और स्क्रीन पर समय बिताना दैनिक जीवन का एक सामान्य हिस्सा बन गया है।विश्व स्वास्थ्य संगठन और अमेरिकी एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स दोनों का सुझाव है कि प्रीस्कूल आयु वर्ग के बच्चों को प्रतिदिन एक घंटे से अधिक स्क्रीन पर समय नहीं बिताना चाहिए। लेकिन न्यूजीलैंड और विदेशों में कई छोटे बच्चे स्क्रीन पर काफी अधिक समय बिता रहे हैं और कई नियमित रूप से इन दिशानिर्देशों का उल्लंघन कर रहे हैं। हमारे नए अध्ययन में पता लगाया गया कि कैसे बचपन में मोटापे के खतरे को कम किया जा सकता है। हमारे अध्ययन से पता चला कि माता-पिता और नीति-निर्माता इस बढ़ती चुनौती से कैसे निपट सकते हैं।स्क्रीन और मोटापे का खतरा: स्क्रीन पर अधिक समय बिताए जाने से बच्चों को विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है जिनमें मानसिक और भावनात्मक समस्याओं से लेकर मोटापे जैसी शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं शामिल हैं। स्क्रीन के सामने बहुत अधिक समय बिताने का मतलब अक्सर अधिक बैठना और कम शारीरिक गतिविधि करना होता है, जिससे अत्यधिक वजन बढ़ सकता है। इसके अतिरिक्त स्क्रीन पर बिताए गए समय का संबंध स्नैक्स (अल्पाहार) से भी है, क्योंकि बच्चे अक्सर शो देखते हुए या गेम खेलते हुए कुछ न कुछ खाते हैं। इन अल्पाहार में आमतौर पर चीनी और वसा की मात्रा अधिक होती है, जो समय के साथ वजन बढ़ाने में योगदान देती है। बच्चों के मीडिया में उच्च कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों के विज्ञापन भी आम हैं, जिससे अस्वास्थ्यकर अल्पाहार के प्रति लालसा बढ़ जाती है। इसके अलावा, स्क्रीन से नीली रोशनी निकलती है जो सोने के समय के इस्तेमाल किए जाने पर नींद के चक्र को बाधित कर सकती है। यह पाया गया है कि खराब नींद से भूख बढ़ती है और उच्च कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों की लालसा बढ़ती है, जिससे बच्चों में वजन बढ़ने की आशंका अधिक होती है। हमारे शोध में ग्रोइंग अप इन न्यूजीलैंड अध्ययन के आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया जिसमें 5,700 से अधिक बच्चों और उनके परिवारों को शामिल किया गया। नतीजे चौंकाने वाले थे। हमने पाया कि जिन परिवारों ने स्क्रीन के इस्तेमाल के बारे में स्पष्ट नियम बनाए थे और इन्हें लागू किया था, उन्हें उल्लेखनीय फायदा हुआ। इन नियमों ने बेहतर नींद की आदतों को बढ़ावा देकर और स्क्रीन के अत्यधिक इस्तेमाल को सीमित करके, मोटापे के खतरे को कम करने में अप्रत्यक्ष रूप से मदद की। अध्ययन में हालांकि स्क्रीन पर बिताए गए समय के नियमों और मोटापे की दर में कमी के बीच कोई सीधा संबंध नहीं पाया गया, लेकिन यह पाया गया कि कैसे ए नियम वजन बढ़ने से जुड़े खतरों को कम कर सकते हैं।उदाहरण के लिए जिन परिवारों में स्क्रीन के समय को लेकर नियम हैं, वहां बच्चे अधिक समय तक सोते हैं और स्क्रीन पर कम समय बिताते हैं और ए दोनों ही स्वस्थ वजन बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं। आर्थिक रूप से वंचित परिवारों के पास अक्सर स्क्रीन पर बिताए जाने वाले समय को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए कम संसाधन होते हैं। वैकल्पिक गतिविधियों या सुरक्षित बाहरी स्थानों तक सीमित पहुंच के कारण ए परिवार बच्चों के मनोरंजन या उन्हें व्यस्त रखने के लिए स्क्रीन पर अधिक निर्भर हो सकते हैं।

### माता-पिता का मार्गदर्शन करना

परिवारों के लिए मुख्य सलाह यह है कि वे स्क्रीन के इस्तेमाल की गुणवत्ता, मात्रा और समय को ध्यान में रखते हुए नियमों को लागू करें।
ए नियम बच्चों को अपने स्क्रीन समय को अन्य गतिविधियों, जैसे शारीरिक खेल और पर्याप्त नींद के साथ संतुलित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। नीति निर्माता निम्न आय वर्ग के परिवारों की सहायता करने वाली नीतियों का समर्थन करके भी अपनी भूमिका निभा सकते हैं। बच्चों में मोटापे की दर बढ़ने और दीर्घकालिक स्वास्थ्य परिणाम अधिक स्पष्ट होने के साथ, इस समस्या से निपटने के लिए परिवारों, समुदायों और नीति निर्माताओं की ओर से समन्वित कार्वाई की आवश्यकता है।



## नियमित त्वचा कैंसर की जांच की आवश्यकता नहीं

**ब्रिसबेन-सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया विश्व में त्वचा कैंसर की सबसे अधिक दर वाले देशों में से एक है, जहां हर साल लगभग 19,000 ऑस्ट्रेलियाई लोगों में त्वचा कैंसर के सबसे खतरनाक प्रकार मेलेनोमा का निदान किया जाता है। मेलेनोमा तेजी से बढ़ता है और किसी भी अंग में फैलने की क्षमता रखता है। मेलेनोमा मेलेनोसाइट्स नामक त्वचा कोशिकाओं से आता है। मेलेनोमा हालांकि घातक हो सकता है, लेकिन यदि इसका समय पर पता चल जाए तो इसका इलाज संभव है। ऑस्ट्रेलिया में नैदानिक दिशानिर्देश और स्वास्थ्य अधिकारी सामान्य आबादी में मेलेनोमा की जांच की अनुशंसा नहीं करते हैं। दुनियाभर में ऑस्ट्रेलिया में कैंसर की सबसे अधिक दर को देखते हुए यहां कोई राष्ट्रीय जांच कार्यक्रम क्यों नहीं है? ऑस्ट्रेलिया में वर्तमान में स्तन, गर्भाशय-ग्रीवा और आंत्र कैंसर की जांच की जाती है तथा 2025 में फेफड़े के कैंसर की जांच भी शुरू की जाएगी। यह सवाल कि क्या सभी लोगों की मेलेनोमा और अन्य त्वचा कैंसर के लिए जांच की जानी चाहिए, जटिल है। यहां जानिए क्यों। वर्तमान दृष्टिकोण- प्रत्एक वर्ष 19,000 घातक मेलेनोमा के निदान के अतिरिक्त, लगभग 28,000 लोगों में इन-सीटू मेलेनोमा का निदान किया जाता है। इन सीटू मेलेनोमा नामक त्वचा कैंसर का सबसे प्रारंभिक चरण है। इन सीटू का अर्थ है कि कैंसर कोशिकाओं को शरीर में कहीं और फैलने का मौका नहीं मिला है और ए त्वचा की सबसे ऊपरी परत (एपिडर्मिस) में ही रहती हैं। पिछले वर्ष के दौरान लगभग तीन में से एक ऑस्ट्रेलियाई वयस्क व्यक्ति ने चिकित्सीय त्वचा जांच कराई है। क्यों न सभी की त्वचा की जांच की जाए? जांच का लक्ष्य रोग का शीघ्र पता लगाना है, जिससे इसका निदान करने में मदद मिलती है, लेकिन कुछ ऐसे कारण हैं, जिनकी वजह से राष्ट्रीय जांच कार्यक्रम अभी तक लागू नहीं किया गया है। हमें पूछना होगा: 1. क्या इससे जीवन बचता है? कई शोधकर्ता दलील देंगे कि जांच का लक्ष्य यही (जीवन बचाना) है, लेकिन त्वचा कैंसर जांच से मेलेनोमा के निदान में वृद्धि होने की संभावना है। जांच से कुछ ऐसे कैंसरों का पता चलेगा जिनके बारे में लोगों को पता न हो तो वे सुरक्षित रूप से उनके साथ रह सकते हैं।2. क्या यह कार्यक्रम पैसों के लिए है? राष्ट्रव्यापी जांच कार्यक्रम को लागू करने में महत्वपूर्ण निवेश और संसाधन शामिल हैं। स्वास्थ्य प्रणाली के लिए इसके मूल्य की गणना करने की आवश्यकता होगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग है।

पायनियर
नई दिल्ली , सोमवार, 30 दिसम्बर, 2024



# बुमराह की उम्दा गेंदबाजी, ऑस्ट्रेलियाई पुछल्ले चमके

- कंगारू टीम ने चौथे टेस्ट के चौथे दिन दूसरी पारी में नौ विकेट पर 228 रन बनाए
- भारत पर 333 रन की बढ़त बनाई



भाषा। मेलबर्न

**जसप्रीत** बुमराह की तूफानी गेंदबाजी के बाद निचले क्रम की उम्दा बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन दूसरी पारी में नौ विकेट पर 228 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 333 रन करके मैच पर शिकंजा कस दिया।ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर 105 रन की बढ़त हासिल करने के बाद बुमराह (56 रन पर चार विकेट) और मोहम्मद सिराज (66 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने दूसरी पारी में 91 रन तक छह विकेट गंवा दिए थे। मार्नस लाबुशेन (139 गेंद में 70 रन) और कप्तान पैट कमिंस (90 गेंद में 41 रन) ने इसके बाद सातवें विकेट के लिए 57 और फिर नाथन लियोन (54 गेंद में नाबाद 41) और स्कॉट बोलैंड (65 गेंद में नाबाद 10) ने अंतिम विकेट के लिए 55 रन की अटूट साझेदारी करके टीम की कुल बढ़त को 300 रन के पार पहुंचाया।ऑस्ट्रेलिया के आठवें, 10वें और 11वें नंबर के बल्लेबाजों ने लगभग 35 ओवर बल्लेबाजी की और अगर भारतीय बल्लेबाज अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन नहीं करते हैं तो मेजबान टीम के निचले क्रम का यह प्रदर्शन निर्णायक साबित हो सकता है।बुमराह ने इस दौरान 19.56 के औसत से 200 टेस्ट विकेट भी पूरे किए। उन्होंने सटीक लेंथ, परेशान करने वाली उछाल और अंतिम समय में मिल रही मूवमेंट से विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने अंतिम सत्र में टीम का पलड़ा भारी रखने का मौका गंवा दिया।बुमराह हालांकि दुर्भाग्यशाली भी रहे जब लियोन के रूप में पारी में पांचवां विकेट नहीं ले पाए क्योंकि गेंदबाजी करते हुए उनका पैर क्रीज से बाहर निकल गया और यह नोबॉल हो गई। लोकेश राहुल ने तब स्लिप में कैच लपक लिया था।भारत के लिए जीत अब भी असंभव नहीं है लेकिन इसके लिए उसे अपने सीनियर बल्लेबाजों और ऋषभ पंत से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।लाबुशेन ने काफी जुझारू पारी खेली लेकिन भारत को अधिक नुकसान यशस्वी जायसवाल के तीन कैच छोड़ने से हुआ।लाबुशन भी 47 रन पर पवेलियन लौट जाते अगर जायसवाल ने आकाश दीप की गेंद पर तीसरी स्लिप में उनका आसान कैच लपक लिया होता।भारत ने सुबह के लंबे सत्र में नितीश कुमार रेड्डी (114) के शानदार शतक की बदौलत पहली पारी में 369 रन बनाए लेकिन ऑस्ट्रेलिया को 105 रन की बढ़त हासिल करने में नहीं रोक पाया।रेड्डी आउट होने वाले अंतिम भारतीय बल्लेबाज रहे। उन्होंने ऑफ स्पिनर लियोन (96 रन पर तीन विकेट) की गेंद पर डीप में मिचेल स्टार्क को कैच थमाया जिससे भारतीय पारी 119.3 ओवर में समाप्त हो गई। भारतीय टीम ने नौ विकेट पर 358 रन के अपने कल के स्कोर से आगे खेलते हुए 11 रन और जोड़े।बोलैंड (57 रन पर तीन विकेट) और कमिंस (89 रन पर तीन विकेट) ने भी तीन-तीन विकेट चटकाए।

### बुमराह ने 200 टेस्ट विकेट पूरे किए, सबसे तेज यह उपलब्धि हासिल करने वाले संयुक्त दूसरे भारतीय

मेलबर्न। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट के चौथे दिन के खेल के दौरान टेस्ट क्रिकेट में 200 विकेट पूरे करने वाले रविंद्र जडेजा के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे तेज भारतीय गेंदबाज बन गए। वह दुनिया के पहले गेंदबाज हैं जिन्होंने 20 से कम के औसत से यह उपलब्धि हासिल की है। बुमराह ने लंच के बाद के सत्र में ट्रेविस हेड (01) को अपना 200वां शिकार बनाया जिससे उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 200 विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में जडेजा की बराबरी की। बुमराह ने भारतीय तेज गेंदबाजों के बीच सबसे कम मैच में यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने महान ऑलराउंडर कपिल देव को पीछे छोड़ा जिन्होंने अपने 50वें टेस्ट में 200 विकेट के आंकड़े को छुआ था। बुमराहऔर जडेजा दोनों ने अपने 44वें टेस्ट में यह उपलब्धिहासिल की और वह टेस्ट क्रिकेट में यह उपलब्धि हासिल करने वाले 12वें भारतीय गेंदबाज हैं।हाल ही में संन्यास लेने वाले भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 200 विकेट लेने वाले भारतीयों की सूची में सबसे तेज हैं।

### मुझे अगर कल 20 ओवर फेंकने पड़े तो भी पीछे नहीं हटूंगा: स्टार्क

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने पीठ की अपनी चोट की चिंताओं को दूर करते हुए कहा है कि वह फिट हैं और भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट के अंतिम दिन सोमवार को अगर जरूरत हुई तो वह 20 ओवर गेंदबाजी करने के लिए तैयार हैं। मेलबर्न क्रिकेट मैदान में बॉक्सिंग डे टेस्ट के तीसरे दिन स्टार्क को अपनी पीठ को सहलाते हुए देखा गया।स्टार्क ने रविवार को चौथे दिन के खेल के बाद एबीसी नेटवर्क से कहा, हमारे पास कल 98 ओवर हैं और हम देखेंगे कि यह मैच कैसे आगे बढ़ता है। मैं दूसरी पारी के लिए बिल्कुल तैयार हूं। यह कोई ऐसी चीज नहीं है जो मुझे परेशान कर रही है। मैं अब भी अपनी पूरी गति से गेंदबाजी कर रहा हूं इसलिए मुझे किसी तरह की चिंता नहीं है। अगर मुझे कल 20 (ओवर) फेंकने की जरूरत होगी, तो मैं 20 ओवर गेंदबाजी करूंगा। यह मैच बराबरी पर है और ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन नौ विकेट पर 228 रन बनाकर 333 रन की बढ़त बना ली है ।

### स्कोरबोर्ड

**आस्ट्रेलिया** : 474 रन, भारत पहली पारी : जायसवाल रन आउट 82, रोहितका बोलैंड बो कमिंस 3, राहुल बो कमिंस 24, कोहली का कैरी बो बोलैंड 36,दीप का लियोन बो बोलैंड 0, पंत का लियोन बो बोलैंड 28,जडेजा पगबाधा बो लियोन 17, रेड्डी का स्टार्क बो लियोन 114,सुंदर का स्मिथ बो लियोन 50,बुमराह का ख्वाजा को कमिंस 0, सिराज नाबाद 04, **अतिरिक्त** : 11 रन, कुल योग : 119.3 ओवर में सभी विकेट खोकर: 369 रन, **विकेट पतन** :1-8, 2-51, 3-153, 4-154, 5-159, 6-191, 7-221, 8-348, 9-350, **गेंदबाजी** : स्टार्क 25-2-86-0, कमिंस 29-2-89-3, बोलैंड 27-7-57-3, लियोन 28.3-4-96-3, मार्श 7-1-28-0, हेड 3-0-11-0

**ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी**: कोन्सटास बो बुमराह 08,ख्वाजा बो सिराज 21,लाबुशेन पगबाधा बो सिराज 70, स्मिथ का पंत बो सिराज 13, हेड का रेड्डी बो बुमराह 01,मार्श का पंत बो बुमराह 00, कैरी बो बुमराह 02, कमिंस का रोहित बो जडेजा 41,स्टार्क रन आउट 05, लियोन खेल रहे है 41, बोलैंड खेल रहे है 10,**अतिरिक्त**: 16 रन,कुल: 82 ओवर मे नौ विकेट पर: 228 रन,विकेट पतन:1-20, 2-43, 3-80, 4-85, 5-85, 6-91, 7-148, 8-156, 9-173,**गेंदबाजी**:,बुमराह 24-7-56-4,आकाश दीप 17-4-53-0,सिराज 22-4-66-3,जडेजा 14-2-33-1,रेड्डी 1-0-4-0,सुंदर 4-0-7-0

### सेना को हराकर बंगाल संतोष ट्रॉफी के फाइनल में

**हैदराबाद।** पश्चिम बंगाल ने रविवार को यहां गत चैंपियन सेना को 4-2 से हराकर 78वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्रॉफी के फाइनल मे प्रवेश किया। बंगाल की टीम ने मध्यांतर तक 3-0 की बढ़त के साथ मैच पर अपना दबदबा कायम कर लिया था। इस जीत ने बंगाल 47वीं बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा। बंगाल ने रिकॉर्ड 32 बार इस खिताब को जीता है।मानोतोस माजी और नारो हरि श्रेष्ठ ने एक-एक गोल किया, जबकि प्लेयर ऑफ द मैच रोबी हांसदा ने दो गोल दागे। हांसदा 11 गोल के साथ टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर है। पहले हाफ में ज्यादातर समय बैकफुट पर रहने वाली सेना की टीम विकास थापा और पश्चिम बंगाल के आत्मघाती गोल से वापसी करने में सफल रही। इन दोनों गोल से हालांकि हार का अंतर ही कम हुआ।

### मालदीव के खिलाफ मैत्री मैचों के लिए भारतीय महिला फुटबॉल टीम घोषित

बेंगलुरु। भारतीय महिला फुटबॉल टीम के कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने रविवार को कहा कि मालदीव के खिलाफ यहां 30 दिसंबर और दो जनवरी को होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचो के लिए 23 सदस्ईय टीम मे सीनियर खिलाड़ियो के अलावा अंडर20 खिलाड़ियों का भी चयन किया गया है। दोनों मैच पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में खेले जाएंगे।एलेक्जेंडरसन ने कहा, हमारे पास बेंगलुरु शिविर में कुछ सीनियर खिलाड़ी भी शामिल है, इसलिए हम इन दोनो मैच मे अंडर20 और सीनियर खिलाड़ियो की मिली जुली टीम उतारेंगे। भारतीय टीम : गोलकीपर: हेमप्रिया सेराम, मैबम लिनथोइनगांबी देवी, नंदिनी। डिफेंडर: अस्थ्मा बाग, जूही सिंह, जूली किशन, संगीता बासफोर, संजू, शिवानी टोप्पो, सोरोखैबम रंजना चानू, तोइजाम थोइबिसाना चानू, विक्षित बारा। मिडफील्डर: ग्रेस डेंगमेई, काजोल डिसूजा, नेहा, नोंगमेइकापम सिबानी देवी, नीतू लिंडा, रिम्पा हलदर। फॉरवर्ड: लिंगदेइकिम, लिंडा सर्टो, पूजा, प्यारी खाक्स, सिमरन गुरुंग।

### केरल राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल के फाइनल में पहुंचा

**चांगनसेरी (केरल)।** केरल ने 53वीं सीनियर पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल मे रविवार को यहां सेना को 23-21 से हराकर खिताबी मुकाबले मे अपनी जगह पक्की की। पिछले 53 वर्षो मे यह पहली बार है कि केरल ने टूर्नामेंट के फाइनल मे जगह बनाई है। फाइनल मे केरल के सामने यहां के सेंट बर्चमैन्स कॉलेज ग्राउंड मे चंडीगढ़ की चुनौती होगी। चंडीगढ़ ने एक अन्य सेमीफाइनल मे भारतीय रेलवे को कड़े मुकाबले मे 32-30 से हराया।

### सुपर नोवा की जीत मे मोहित अरोरा चमके

**लखनऊ।** मैन ऑफ द मैच मोहित अरोरा ;3 विकेटद्ध की उपयोगी गेंदबाजी के बाद उम्दा बल्लेबाजी के सहारे सुपर नोवा ने प्रथम श्रीमती प्रतिमा सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में बैशिंग ब्वायज इलेवन को 8 विकेट से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की।क्रिएटर्स ग्राउंड पर बैशिंग ब्वायज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 8 विकेट पर 108 रन बनाए। टीम से सुमित 38 व मदन 19 ही टिक कर खेल सके। सुपर नोवा से मोहित अरोरा ने 3 व देवेश ने 2 विकेट चटकाए। जवाब में सुपर नोवा ने 2 विकेट पर 109 रन बनाकर मैच जीत लिया। अरुण सिंह ने 40 गेंदों पर 6 चौके से नाबाद 51 ओर अखिलेश यादव ने 35 गेंदों पर 3 चौके से नाबाद 36 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

## अर्शदीप व मंधाना आईसीसी पुरस्कार के लिए नामांकित

भाषा। दुबई





**भारतीय तेज गेंदबाज** अर्शदीप सिंह को इस सत्र में संयुक्त रूप से सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने और भारत की टी20 विश्व कप जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। अर्शदीप (25 वर्ष) इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए पाकिस्तान के बाबर आजम, ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। वहीं भारत की स्टाइलिश महिला सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना भी आईसीसी पुरस्कार की दौड़ में शामिल रहेंगी जिन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए नामांकित किया गया है।

लॉरा वोल्वार्ड्ट (दक्षिा अफ्रीका), चामरी अटापट्टू (श्रीलंका) और अनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया) अन्य अनुभवी क्रिकेटर हैं जो इस पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने बारबाडोस में भारत की टी20 विश्व कप जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने 18 मैचों में 13.5 के औसत से 36 विकेट लेकर टी20 अंतरराष्ट्रीय में संयुक्त रूप से सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में वर्ष का समापन किया। भुवनेश्वर कुमार के 2022 में 37 विकेट के बाद एक कैलेंडर वर्ष में टी20 अंतरराष्ट्रीय में किसी भारतीय तेज गेंदबाज का यह दूसरा सबसे अच्छा प्रदर्शन है। अर्शदीप ने टी20 विश्व कप में 17 विकेट लिए और टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में अफगानिस्तान के फजलहक फारूकी के साथ बराबरी पर रहे। उनका सबसे यादगार प्रदर्शन फाइनल में रहा जिसमें उन्होंने एडेन मार्क्रम और क्विंटन डी कॉक जैसे मुख्य खिलाड़ियों को जल्दी आउट कर दक्षिण अफ्रीका के लिए मुश्किल पैदा की। 19वें ओवर में उन्होंने सिर्फ चार रन दिए जिससे भारत की जीत तय हो गई। बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज मंधाना ने 12 पारियों में 61.91 की शानदार औसत और 96.99 की स्ट्राइक रेट से 743 रन बनाए और एक विकेट भी लिया। 28 वर्षीय मंधाना ने जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेंगलुरु में दो शतक लगाकर 2024 में अपने शानदार अभियान की शुरुआत की। इसके बाद साल के अंत में दो और शतक लगाकर दिसंबर तक अच्छी फॉर्म में रहीं। मंधाना ने जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन पारियों में कुल 343 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द सीरीज रहीं। उन्होंने अपना तीसरा शतक आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के पूरा होने के ठीक बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की घरेलू श्रृंखला के अंतिम मैच में 100 रन बनाकर लगाया। दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला के अंतिम मैच में उन्होंने एक और शतक लगाया। हालांकि यह शतक टीम के काम नहीं आया और ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 3-0 से श्रृंखला अपने नाम कर ली। मंधाना का सर्वश्रेष्ठ हरफनमौला प्रदर्शन भारत की घरेलू श्रृंखला के दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आया, जब उन्होंने शतक बनाया और एक महत्वपूर्ण विकेट लेकर अपनी टीम को चार विकेट से जीत दिलाने में मदद की।

### असमान उछाल में बल्लेबाजी करना मुश्किल हो सकता है: लाबुशेन

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की तरफ से चौथे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में सर्वाधिक रन बनाने वाले मार्नस लाबुशेन ने रविवार को यहां कहा कि भारत के लिए ऐसे विकेट पर लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल हो सकता है जिसमें असमान उछाल है।ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में नौ विकेट पर 228 रन बनाए हैं और उसकी कुल बढ़त 333 रन की हो गई है। लाबुशेन ने सर्वाधिक 70 रन बनाए जबकि निचले क्रम में पैट कमिंस (41), नाथन लियोन (नाबाद 41) और स्कॉट बोलैंड (नाबाद 10) ने उपयोगी योगदान दिया।लाबुशेन से जब पूछा गया कि पांचवें दिन पिच का व्यवहार कैसा होगा, उन्होंने कहा, मेरा मानना है की पहली पारी में पिच से कुछ मूवमेंट मिल रहा था। निश्चित रूप से पहले 40 से 50 ओवर तक रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा लेकिन खेल आगे बढ़ने के साथ उछाल कम और असमान हो गई।

## क्विक न्यूज

### सिनर, स्वियातेक के डोपिंग मामलों पर खिलाड़ियों को अंधेरे में रखा गया: जोकोविच

**ब्रिसबेन।** दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने रविवार को इस खेल में डोपिंग से जुड़े हाई-प्रोफाइल मामलों से निपटने में दोहरे मापदंड अपनाने की आलोचना की। जोकोविच चोट से उबर कर सोमवार से शुरू होने वाले ब्रिसबेन इंटरनेशनल से प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगे। अगले महीने शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच 2009 के बाद पहली बार ब्रिसबेन इंटरनेशनल में भाग लेंगे। इस टूर्नामेंट के एकल में उन्हें शीर्ष वरीयता मिली है। जोकोविच ने मौजूदा समय में रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज यानिस सिनर के डोपिंग मामले के बारे में अंधेरे में रखे जाने पर निराशा व्यक्त की। जोकोविच बिसबेन इंटरनेशनल के युगल में ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस के साथ भी जोड़ी बनाएंगे। यह जोड़ी सोमवार से अपना अभियान शुरू करेगी। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं यह सवाल नहीं कर रहा हूं कि (सिनर ने) जानबूझकर प्रतिबंधित पदार्थ लिया था या नहीं। हमने अतीत और वर्तमान में बहुत सारे खिलाड़ियों को प्रतिबंधित पदार्थों के लिए जांच में पॉजिटिव आने के कारण निलंबित होते देखा है।

### ओसाका ने कहा, अगर नतीजे नहीं आए तो वह टेनिस को अलविदा कह देंगी

वेलिंगटन। चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने कहा कि अगर उनके नतीजे उनकी उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहे तो वह टेनिस को अलविदा कह देंगी।जापान की 27 वर्षीय खिलाड़ी अक्टूबर में चाइना ओपन में लगी पीठ की चोट के बाद वापसी करते हुए अपना पहला मैच सोमवार को ऑकलैंड में एएसबी टेनिस क्लासिक में खेलेंगी जिसमें पहले दौर में उनका सामना इस्राइल की लिना ग्लूश्को से होगा।ओसाका ने रविवार को ऑकलैंड में टूर्नामेंट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि 2024 में उन्होंने अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए लगभग 15 महीने के ब्रेक के बाद अपना पेशेवर करियर फिर से शुरू किया और वह सत्र का अंत 58वें स्थान पर रहीं।ओसाका ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसी खिलाड़ी हूं जो उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं रहने पर खेलती रहे। उन्होंने कहा, मैं टूर पर मौजूद सभी खिलाड़ियों का बहुत सम्मान करती हूं लेकिन मैं अभी अपने जीवन के जिस मुकाम पर हूं, उसे देखते हुए अगर मैं एक निश्चित रैंकिंग से ऊपर नहीं हूं तो मैं खुद को खेलते हुए नहीं देखूंगी। अगर मैं उस रैंकिंग पर नहीं हूं जहां मुझे लगता है कि मुझे होना चाहिए तो मैं अपनी बेटी के साथ समय बिताना पसंद करूंगी।

### जीन्स को लेकर विवाद के बाद नॉर्वे के शतरंज ग्रैंडमास्टर मैग्नस कार्लसन टूर्नामेंट से हटे

न्यूयॉर्क। शीर्ष रैंकिंग वाले शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन प्रतियोगिता के दौरान पहनी जीन्स को बदलने से इनकार करने के बाद विश्व रेपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप से हट गए। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ ने यह जानकारी दी। महासंघ ने शुक्रवार को बयान में कहा कि उसके नियमों में एक ड्रेस कोड (कपड़ों से संबंधित नियम) शामिल है जो प्रतिभागियों को टूर्नामेंट में जींस पहनने से रोकता है।महासंघ ने अपनी वेबसाइट पर डाले बयान में कहा, मुख्य मध्यस्थ ने कार्लसन को उल्लंघन के बारे में सूचित किया, 200 डॉलर का जुर्माना लगाया और उनसे अनुरोध किया कि वह अपने कपड़े बदल लें। बयान के अनुसार, दुर्भाग्य से कार्लसन ने मना कर दिया और परिणामस्वरूप उन्हें नौवें दौर में खेलने के लिए नहीं चुना गया। यह निर्णय निष्पक्ष रूप से लिया गया और सभी खिलाड़ियों पर समान रूप से लागू होता है। नॉर्वे के 34 वर्षीय शतरंज ग्रैंडमास्टर कार्लसन ने अपने टेक टेक टेक शतरंज ऐप से एक वीडियो में कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि उन्होंने 200 डॉलर का जुर्माना स्वीकार कर लिया है लेकिन उन्होंने न्यूयॉर्क में प्रतियोगिता छोड़ने से पहले अपनी पैंट बदलने से इनकार कर दिया। कार्लसन ने वीडियो में कहा, मैंने कहा, अगर कोई समस्या नहीं है तो मैं कल कपड़े बदल लूंगा।

### यूपी एथलेटिक्स एसोसिएशन की कानपुर में हुई बैठक व निर्णय असंवैधानिक

**लखनऊ।** वित्तीय अनियमितताओं व प्रतियोगिता में तकनीकी कमियों के चलते अयोग्य घोषित किए उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के पूर्व सचिव देवेश दुबे द्वारा कानपुर में गत 25 दिसंबर को बुलाई गई बैठक् को एसोसिएशन के अध्यक्ष आशुतोष भल्ला ने असंवैधानिक करार दिया है।यहीं नहीं इस मीटिंग में तकनीकी कमियों के चलते प्रतिबंधित किए गए दो पदाधिकारियों के मसले पर भी उन्होनें कड़ी फ्टकार लगाई है। अध्यक्ष आशुतोष भल्ला ने एक पत्र में कहा कि गत 16 नवंबर 2024 को उत्तर प्रदेश एथलेटिक संघ की एग्जीक्यूटिव मीटिंग के दौरान सचिव डॉक्टर देवेश दुबे के द्वारा वित्तीय अनिमितताओं और प्रतियोगिताओं के आयोजन में तकनीकी कमियों से संबंधित शिकायतों के आधार पर हटाया गया था। उस दौरान सीनियर संयुक्त सचिव नरेंद्र कुमार को कार्यकारी सचिव घोषित किया गया था।इसके बाद 18 नवंबर 2024 को एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने निर्देश दिए थे कि देवेश दुबे निर्देश की तिथि से 10 दिन के भीतर समस्त वित्तीय अनियमितताओं की एवं उत्तर प्रदेश एथलेटिक संघ के खाते में हुए लेनदेन की जानकारी उपलब्ध कराने की कृपा करें। हालांकि उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी और देवेश दुबे ने 15 दिसंबर 2024 की स्पेशल जनरल काउंसिल की मीटिंग का असंवैधानिक नोटिस जारी किया। फ्रि अध्यक्ष के तौर पर मैने 14 दिसंबर 2024 को समस्त कार्यकारी समिति व सामान्य परिषद सदस्यों को नोटिस द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि यह संविधान का उल्लंघन है और इसकी कोई भी अनुमति मेरे द्वारा नहीं दी गई है और ना ही मेरे से ली गई है।

## पाक पर जीत से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचा दक्षिण अफ्रीका




**सेंचुरियन (दक्षिण अफ्रीका)।** दक्षिण अफ्रीका के पुछल्ले बल्लेबाजों कैगिसो रबाडा और मार्को यानसन ने मोहम्मद अब्बास की घातक गेंदबाजी के बावजूद नौवें विकेट के लिए 51 रन की अटूट साझेदारी करके रविवार को यहां अपनी टीम को पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में दो विकेट से रोमांचक जीत दिलाकर उसकी अगले साल जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी जगह पक्की की।दक्षिण अफ्रीका के सामने 148 रन का लक्ष्य था लेकिन मैच के चौथे दिन एक समय उसकी टीम आठ विकेट पर 99 रन के स्कोर पर हार के कगार पर खड़ी थी। रबाडा (नाबाद 31) और यानसन (नाबाद 16) ने यहीं से जिम्मेदारी संभाली और अपनी टीम का स्कोर आठ विकेट पर 150 रन पर पहुंचाकर उसे अप्रत्याशित जीत दिलाई।यानसन ने अब्बास पर चौका लगाकर दक्षिण अफ्रीका को लक्ष्य तक पहुंचाया। अब्बास ने 54 रन देकर छह विकेट लिए लेकिन तीन साल से भी अधिक समय के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी करने वाले इस तेज गेंदबाज का यह प्रयास आखिर में नाकाफी साबित हुआ।रबाडा ने अपने बल्लेबाजी कौशल का शानदार नमूना पेश किया तथा 26 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके लगाए। उनकी इस पारी से पाकिस्तान का दक्षिण अफ्रीका की धरती पर 18 साल में पहली जीत दर्ज करने का सपना चकनाचूर हो गया।

### लक्ष्य किंग कप में तीसरे स्थान पर रहे



**शेनझेन (चीन)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां किंग कप इंटरनेशनल बैडमिंटन ओपन में उभरते हुए फ्रांस के खिलाड़ी एलेक्स लैनियर को सीधे गेम में हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। अल्मोडा के 23 वर्षीय खिलाड़ी ने लैनियर को 21-17, 21-11 से हराकर इस टूर्नामेंट के पहले सत्र में पुरस्कार के तौर पर लगभग 36 लाख रुपए हासिल किए। लक्ष्य इससे पहले सेमीफाइनल में मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन चीन के हू झेआन से शनिवार को करीबी मुकाबले में 19-21, 19-21 से हार गए थे।तीसरे स्थान के प्ले-ऑफ में लक्ष्य ने मजबूत शुरुआत करते हुए 6-1 की बढ़त ले ली, लेकिन लैनियर ने वापसी करते हुए स्कोर 10-10 से बराबर कर लिया।लक्ष्य ने शानदार खेल से एक बार फिर बढ़त बनाते हुए स्कोर 18-15 कर लिया। उन्होंने इसके बाद तीन गेम पॉइंट हासिल किए। लैनियर ने शटल को कोर्ट से बाहर खेला जिससे पहला गेम लक्ष्य के नाम हो गया। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम में लय बरकरार रखते हुए 8-6 की बढ़त कायम को 15-8 में बदला। उन्होंने इसके बाद नौ मैच प्वाइंट हासिल करने के बाद आसान जीत दर्ज की।

## आशी ने महिला थ्रीपी में पहला राष्ट्रीय खिताब जीता



**भोपाल।** स्थानीय निशानेबाज आशी चौकसे रविवार को यहां 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन स्पर्धा में अंजुम मौदगिल और श्रेयंका सदांगी जैसी बेहतरीन निशानेबाजों को पछाड़कर अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीतने में सफल रही। आशी ने अपनी घरेलू रेंज (एमपी स्टेट अकादमी) में 67 वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप 466.7 का शानदार स्कोर किया। वह दो बार की ओलंपियन अंजुम से 3.1 अंक के बड़े अंतर से आगे रही। महाराष्ट्र की उभरती निशानेबाज साक्षी सुनील पाडेकर ने 451.3 के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। आशी ने इसके बाद जूनियर महिला थ्रीपी में भी रजत पदक के साथ दिन का दूसरा पदक अपने नाम किया। पेरिस ओलंपिक के ट्रायल का हिस्सा रही यह निशानेबाज क्वालीफिकेशन में 590 अंक के साथ तीसरे स्थान पर थी। महाराष्ट्र की भक्ति भास्कर खामकर ने 592 अंकों के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया। आठ खिलाड़ियों के फाइनल के लिए अंजुम ने दूसरे स्थान के साथ क्वालीफाई किया। अंजुम ने भी 590 अंक जुटाए थे लेकिन अधिक इनर-10 के कारण वह आशी से आगे दूसरे स्थान पर रही। साक्षी ने छठा, जबकि एक अन्य ओलंपियन श्रीयंका सदांगी ने सातवां स्थान हासिल किया। आशी ने फाइनल में शुरुआत में ही बढ़त कायम कर ली और फिर उसे आखिर तक बनाए रखने में सफल रही। नीलिंग में वह अंजुम से 2.3 अंक आगे थे। स्टैंडिंग स्पर्धा के बाद उनकी बढ़त 2.9 अंक थी। प्रोन के 15 निशाने के बाद वह अपनी बढ़त को और ज्यादा करने में सफल रही। जूनियर थ्रीपी में कर्नाटक की अनुष्का एच थोकुर ने फाइनल में 460.5 का स्कोर बनाकर साक्षी को पछाड़ दिया, जिन्होंने 456.3 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता।

## टेस्ट मैच में मेरी काबिलियत पर संदेह करने वाले आलोचकों को गलत साबित करना चाहता था : रेड्डी

भाषा। मेलबर्न



**नीतिश रेड्डी** अपने आलोचकों को गलत साबित करना चाहते थे जो टेस्ट प्रारूप में उनकी काबिलियत पर संदेह करते थे और एमसीजी के प्रतिष्ठित मैदान पर शतक जड़कर उन्होंने यह संदेश दिया कि वह क्रिकेट के उच्चतम स्तर के खिलाड़ी हैं।कुछ पूर्व खिलाड़ी रेड्डी के टेस्ट खिलाड़ी के रूप में उभरने को लेकर संशय में थे जिसमें पूर्व मुख्य चयनकर्ता भी शामिल था। लेकिन छह पारियों में 293 रन बनाकर और 58 से अधिक के बल्लेबाजी औसत से उन्होंने इन सभी को करारा जवाब दिया है।रेड्डी की 114 रन की पारी की बदौलत भारत पहली पारी में 369 रन बनाने में सफल रहा। इस शतक की बदौलत युवा बल्लेबाज ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। क्या आपको कभी लगा कि आप इस टीम में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी होंगे? रेड्डी ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने के बाद अपनी निराशा साझा करते हुए कहा, कुछ लोगों को मुझ पर संदेह था जैसे आईपीएल खेलने वाला कोई युवा खिलाड़ी इतनी बड़ी श्रृंखला में प्रदर्शन नहीं कर सकता। मैं जानता हूं कि बहुत से लोग इस तरह की बातें करते थे।मैं बस उन्हें यह अहसास दिलाना चाहता हूं कि उन्होंने मेरे बारे में जो कुछ कहा है, वह गलत है और मैं यही कर रहा हूं। मैं लोगों को बताना चाहता हूं कि मैं भारतीय टीम के लिए अपना शत प्रतिशत देने के लिए यहां हूं। यह पूछे जाने पर कि वह पिछले एक महीने को कैसे देखते हैं जिसमें उनका जीवन बदल गया, उन्होंने तुरंत जवाब दिया मुझे लगता है कि आप लोगों के लिए यह एक या दो महीने ही हैं। लेकिन मेरे लिए यह पिछले दो से तीन साल हैं। मैं अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी पर कितनी मेहनत कर रहा हूं। रेड्डी ने 2024 आईपीएल की शुरुआत से पहले साइड-आर्म थ्रोडाउन विशेषज्ञों की सेवाएं ली थीं और उनके खिलाफ लगभग 18 गज की दूरी से 145 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से गेंद पर बल्लेबाजी का अभ्यास किया था। उन्होंने कहा, पहले आईपीएल सत्र के बाद मुझे अहसास हुआ कि मुझे अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना पड़ेगा और मैंने एक योजना बनाई। सत्र के इतर जब मुझे समय मिला तो मैंने अपनी बल्लेबाजी पर बहुत काम किया और अब इससे नतीजे मिल रहे हैं। यह एक महीने या दो महीने की बात नहीं है। मैंने पिछले दो-तीन वर्षों से यहां तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है। उनके परिवार के बलिदानों को सभी पढ़ चुके हैं और ऑस्ट्रेलियाई मीडिया भी खिलाड़ी के पीछे के व्यक्ति और उनके पिता मुत्यालु की भूमिका के बारे में जानने के लिए उत्सुक है। वह थोड़े भावुक थे। ईमानदारी से कहूं तो मेरे पिता ने केंद्र सरकार में 25 साल तक सेवा की थी और जब मैं कुछ नहीं था और मैं राज्य स्तर पर नहीं खेला था तो सबसे पहले जिस व्यक्ति ने मुझ पर विश्वास किया, वह मेरे पिता थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा जागरण प्रकाशन लिमिटेड, डी-210, 211 सेक्टर 63 नोएडा फोन नंबर 01204615800 एक्सटेंशन 142, से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक : शोबोरी गाँगुली। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-693425001